* वर्ष 40 * अंक 205 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर शनिवार दिनांक 10 मई 2025

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

# नापाक हरकत : जम्मू से जैसलमेर तक ड्रोन अटैक



# रात होते ही पाकिस्तान ने फिर किया हमला, जैसलमेर में 9, अमृतसर में 15 ड्रोन गिराए... भारत के 26 इलाकों में पाकिस्तान का हर हमला नाकाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रात होते ही पाकिस्तान ने आज (शुक्रवार, 9 मई को) भी नापाक हरकत शुरू कर दी है। एक तरफ एलओसी पर गोलीबारी शुरू की है तो दूसरी तरफ जम्मू-कश्मीर, पंजाब से लेकर राजस्थान तक ड्रोन से हमले किए हैं, जिसे सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया है। पाकिस्तान ने जम्मू, पठानकोट, अमृतसर और राजस्थान के पोखरन में भी ड्रोन से हमले किए हैं, जिसे नष्ट कर दिया गया है। यह लगातार तीसरा दिन है, जब पाकिस्तान ऐसी हिमाकत कर रहा है। श्रीनगर और दक्षिणी कश्मीर में भी धमाके की खबर आ रही है।

जम्मू में देर शाम धमाकों की आवाज सुनी गई। उसके बाद सायरन बजने के बाद शहर में 'ब्लैकआउट' कर दिया गया। जम्मू के अलावा सांबा, राजौरी, अवंतीपुरा, नौशेरा और पुंछ समेत अन्य शहरों में भी पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराए गए हैं। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ÷जहां मैं हूं, वहां से रुक-रुक कर विस्फोटों की आवाजें, शायद भारी तोपों की, सुनी जा सकती हैं।÷ उन्होंने अंधेरे में डूबे शहर की एक तस्वीर भी पोस्ट की और कैप्शन में लिखा, 'जम्मू में अब ब्लैकआउट है। पूरे शहर में सायरन की आवाज सुनी जा सकती है।'

### पठानकोट में भी ड्रोन किया गया नष्ट

पंजाब के पठानकोट, फिरोजपुर में भी सेना ने पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराए हैं। अमृतसर और होशियारपुर में भी तेज धमाके सुने गए हैं। यहां भी पाकिस्तानी ड्रोन इंटरसेप्ट किए गए हैं। इस वजह से इन शहरों में भी शुक्रवार की शाम ब्लैक आउट लागू किया गया। पठानकोट और फिरोजपुर जिलों में जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं। लेकिन इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई कि ये आवाजें किस वजह से आईं।

### करतारपुर गुरुद्वारा कॉरिडोर के पास भी धमाके

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि फिरोजपुर, पठानकोट, अमृतसर और होशियारपुर जिलों में हवाई हमले के सायरन बजाए गए। पठानकोट में चौथी बार हमला किया गया है। गुरदासपुर में करतारपुर गुरुद्वारा कॉरिडोर के पास भी धमाके हुए हैं। इसके अलावा फाजिल्का में भी धमाके की आवाजें सुनी गई हैं। फिरोजपुर के पास एक कार में ब्लास्ट है, जिसमें एक आदमी के गंभीर रूप से घायल होने की खबर है। राजस्थान में पोखरन और बाड़मेर में भी हमले हुए हैं। जैसलमेर में एक ड्रोन को मार गिराया गया है।

ये विस्फोट ऐसे समय में हुए हैं, जब भारत ने 'ऑपरेशन



सिंदूर' के तहत इस सप्ताह के शुरू में पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया था, जिसके बाद पाकिस्तान की ओर से लगातार गोलाबारी हो रही है। भारत ने गुरुवार को भी पाकिस्तान की तरफ से 30 से अधिक शहरों में ड्रोन और मिसाइल अटैक किए गए थे, जिसे भारतीय सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया था। इससे पहले बुधवार को भी देश के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्र में 15 स्थानों पर की गई इस तरह की कोशिशों को भी नाकाम कर दिया था। संघर्ष के व्यापक रूप लेने की आशंकाओं के बीच दोनों देशों के मध्य तनाव बढ़ गया है।

शुक्रवार शाम को जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में सीमा पार से गोलाबारी की गई है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान की तरफ से उरी सेक्टर में भारी गोलाबारी शुरू हुई, जिससे सीमावर्ती इलाकों में दहशत का माहौल बन गया है। इसके बाद पाकिस्तान ने पुंछ और कुपवाड़ा सेक्टर में भी सीमा पार से गोलाबारी की। सीमा पार से मोर्टार दागे गए हैं। नौगाम हंदवाड़ा सेक्टर में भी पाकिस्तान की तरफ से गोलाबारी की गई।

- पाकिस्तान ने शुक्रवार शाम से लेकर देर रात तक अंतरराष्ट्रीय सीमा और एलओसी के पास 26 जगहों पर ड्रोन अटैक किए। ये ड्रोन अटैक बारामुला, श्रीनगर, अवंतीपोरा, नागरोटा, जम्मू, फरीदकोट, पठानकोट, फाजिल्का, लालगढ़ जट्टा, जैसलमेर, बाड़मेर, भुज, कुआरबेट और लखी नाला में किए गए। फरीदकोट में एक सशस्त्र ड्रोन ने नागरिक क्षेत्र को टारगेट बनाया, जिससे एक स्थानीय परिवार के सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सेना ने सभी ड्रोन को मार गिराया।

- पाकिस्तान सेना द्वारा पुंछ और राजौरी सेक्टरों में संघर्षविराम उल्लंघन की घटनाओं में वृद्धि के बीच भारतीय सेना प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई कर रही है। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान सेना द्वारा नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारतीय नागरिक इलाकों को तोपखाने से निशाना बनाया जा रहा है। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए भारत के रक्षा मंत्री ने सेना को निर्देश दिया है कि वह पाकिस्तान सेना के खिलाफ कड़ी और दंडात्मक कार्रवाई करे। भारतीय सेना पूरी मुस्तैदी के साथ सीमा पर सक्रिय है और हर चुनौती का माकूल जवाब दे रही है।

- अमृतसर के 5 अलग-अलग इलाकों में कम से कम 15 ड्रोन देखे गए। सूत्रों का कहना है कि इनमें से ज्यादातर ड्रोन को निष्क्रिय कर दिया गया है। अमृतसर में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। नागरिकों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है।

- राजस्थान के जैसलमेर जिले में कुल नौ पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराए गए हैं। बाड़मेर में कलेक्टर ने एक ड्रोन मार गिराए जाने की पुष्टि की है।

- पंजाब के फिरोजपुर में पाकिस्तान की ओर से भेजे गए ड्रोन को भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने निष्क्रिय कर दिया। निष्क्रिय पाकिस्तानी ड्रोन से विस्फोटक सामग्री एक घर पर गिर गई, जिस कारण आग की लपटें उठने लगीं। घर में रहने वालों ने पानी डालकर आग को बुझा दिया।

- पाकिस्तान ने अवंतीपोरा वायुसेना बेस पर ड्रोन अटैक करने की कोशिश की। इसे भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान ड्रोन को मार गिराने के दौरान 15-20 धमाके सुने गए। किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

-इस समय देशभर में सात से अधिक संवेदनशील स्थानों पर सैन्य हलचल तेज़ हो गई है। सांबा, जम्मू और पठानकोट में ड्रोन गतिविधियों के साथ शेलिंग और ब्लैकआउट की खबरें हैं। उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा, उरी, नॉवगाम-हंडवाड़ा सेक्टर और पुंछ में एलओसी के पास भारी गोलाबारी जारी है। सुरक्षा बल पूरी सतर्कता के साथ हर मोर्चे पर जवाबी कार्रवाई में जुटे हुए हैं।

-जम्मू, सांबा और पठानकोट में भी ड्रोन देखे जाने की पुष्टि हुई है। सुरक्षा बल इन ड्रोन गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई कर इन्हें निष्क्रिय कर दिया गया। पूरे इलाके में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है।

-पाकिस्तान की तरफ से हुए ड्रोन अटैक का वीडियो में भी सामने आया है। इसमें साफ नजर आ रहा है कि रात के अंधेरे में आसमान में एक संदिग्ध ड्रोन तेज़ी से उड़ता नज़र आता है। सुरक्षा बलों की ओर से तुरंत जवाबी कार्रवाई की जाती है और एक इंटरसेप्टर मिसाइल हवा में छोड़ी जाती है। विस्फोट की रोशनी और हल्का धमाका दूर से साफ़ सुनाई देता है, जिससे ड्रोन को निष्क्रिय कर दिया जाता है। घटना के बाद पूरे इलाके में अलर्ट जारी कर दिया गया है और सेना ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

-जम्मू और राजस्थान के पोखरण में संदिग्ध ड्रोन की घुसपैठ को भारतीय सुरक्षा बलों ने सफलतापूर्वक नाकाम किया। हाई अलर्ट के बीच ड्रोन को इंटरसेप्ट कर निष्क्रिय कर दिया गया, जिससे संभावित खतरे को टाल दिया गया।

-सांबा में रात के अंधेरे में आसमान पर हलचल के दृश्य देर से सामने आए, जहां सायरनों की आवाज़ें और दूर से सुनाई देने वाले हल्के धमाके माहौल को तनावपूर्ण बना रहे थे। सुरक्षा एजेंसियां हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखे हुए हैं।

### जम्मू एयरपोर्ट पर बजा सायरन

जम्मू एयरपोर्ट के सायरन बजने के बाद इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में दुकानें बंद कर लीं और सुरक्षित स्थानों की ओर रवाना हो गए। राजौरी जिले में सभी दुकानों को एहतियातन बंद कर दिया गया है। लोगों को घरों में ही रहने की सलाह दी गई है। सैन्य सूत्रों के मुताबिक, दो आर्टी शेल पुंछ में गिरने की खबर मिली है। हालांकि अब तक किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक पुंछ सेक्टर में स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई जब पाकिस्तान सेना द्वारा 10 से 12 राउंड की भारी गोलाबारी की गई। दो आर्टिलरी शेल एलओसी के पास गिरने की भी पुष्टि हुई है।

## फिरोजपुर के गांव में ड्रोन हमला, जल रही थी लाइट; 3 जख्मी, करतारपुर कॉरिडोर के पास भी धमाका



**पाकिस्तान** ने शुक्रवार रात एक बार फिर से भारत के कई शहरों पर ड्रोन हमले किए। इन ड्रोन हमलों को भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही मार गिराया। हालांकि, पंजाब के फिरोजपुर के गांव खाई में पाकिस्तानी ड्रोन गिरने के कारण एक घर में आग लग गई। इस आग में एक ही परिवार के तीन सदस्य झुलस गए, जिनको इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पता चला है कि चार ड्रोन दागे गए थे। इसमें से दो को एयर डिफैंस सिस्टम ने मार गिराया लेकिन इस घर में लाइट जल रही थी तो उसी घर को निशाना बना कर दो ड्रोन दागे गए। इस हमले में घर में तुरंत आग लग गई और तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए।

वहीं, पाकिस्तान ने करतारपुर कॉरिडोर के पास भी ड्रोन से अटैक करने की कोशिश की है। यहां तेज धमाके की आवाज सुनी गई है। भारत-पाक के बीच बने जंग के हालात के बीच गुरदासपुर में कल प्रशासन ने टोटल ब्लैकआउट की घोषणा कर दी थी है। गुरदासपुर के डी.सी. ने बड़े आदेश जारी किए कि रात 9 बजे से सुबह 5 बजे तक पूरे गुरदासपुर में ब्लैकआउट रहेगा। गुरदासपुर भी पाकिस्तान की सीमा से लगता हुआ जिला है। आशंका जताई जा रही थी कि पाकिस्तान करतारपुर कॉरिडोर को निशाना बना सकता है, जो सच साबित हुई है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पंजाब के गुरदासपुर जिले में करतारपुर कॉरिडोर को भारत सरकार ने कल बंद कर दिया था। गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब में सिखों के पहले गुरु श्री गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन के आखिरी 18 साल बिताए थे। यही वजह है कि सिखों के लिए करतारपुर साहिब उनका एक प्रमुख धार्मिक और पवित्र स्थल है। करतारपुर कॉरिडोर 9 नवंबर 2019 को गुरु नानक देव की 550वीं जयंती पर खोला गया था। इस कॉरिडोर के जरिए भारतीय श्रद्धालु बिना वीजा के पूरे साल ऐतिहासिक गुरुद्वारे की यात्रा करते थे।

# पाकिस्तान नागरिकों को ढाल बना रहा, 400 तुर्किये ड्रोन दागे : कर्नल सोफिया

## अपने एयरस्पेस में यात्री विमान उड़ने दिए, ताकि भारत जवाबी हमला न करे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 'ऑपरेशन सिंदूर' से बौखलाए पाकिस्तान की कायरना हरकतों को लेकर विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बार फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान के नापाक चेहरे और इरादों का पर्दाफाश कर दिया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह 8 से 9 मई की रात की पाकिस्तान के हमलों की जानकारी दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से भारतीय इलाकों में हमला किया। पाकिस्तान ने 36 स्थानों पर घुसपैठ का प्रयास किया। पाकिस्तान की ओर से 300 से 400 ड्रोन्स भेजे गए। इस तनाव की स्थिति और भारत के पलटवार की संभावना के बावजूद भी पाकिस्तान ने अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया। वह उसका इस्तेमाल ढाल के तौर पर कर रहा है। हमने जवाबी कार्रवाई कर उसका एक और एयर डिफेंस सिस्टम नष्ट कर दिया।

कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया, पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की नीयत से पूरी पश्चिमी सीमा पर भारतीय वायुक्षेत्र का कई बार उल्लंघन किया। पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर भारी कैलिबर वाले हथियारों से गोलाबारी भी की। अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर लेह से लेकर सरक्रीक तक 36 जगहों पर 300-400 ड्रोन का इस्तेमाल कर घुसपैठ का प्रयास किया। भारतीय



सशस्त्र बलों ने काइनेटिक और नॉन काइनेटिक साधनों से कई ड्रोन मार गिराए। बड़े पैमाने पर ड्रोन के जरिए हवाई घुसपैठ का संभावित उद्देश्य देश की वायुरक्षा प्रणालियों का परीक्षण और खुफिया जानकारी जुटाना था। ड्रोन के मलबे की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। प्रारंभिक जांच में तुर्किये के ड्रोन होने बात पता चली है।

### 'यात्री विमानों को ढाल बनाया'

उन्होंने बताया, पाकिस्तान ने 7 मई को शाम 8.30 बजे एक असफल बेवजह ड्रोन और मिसाइल हमला करने के बावजूद अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया। पाकिस्तान नागरिक विमान को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, यह अच्छी तरह से जानते हुए कि भारत पर उसके हमले के बाद उसे तेज हवाई रक्षा प्रतिक्रिया मिलेगी। यह भारत और पाकिस्तान के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास उड़ान भरने वाले अंतरराष्ट्रीय विमानों सहित सभी नागरिक विमानों के लिए सुरक्षित नहीं है। हमने आपको एक स्क्रीनशॉट भी दिखा रहे हैं, उसमें पंजाब सेक्टर में उच्च वायु रक्षा चेतावनी की स्थिति के दौरान एप्लीकेशन फ्लाइट रडार 24 का डेटा दिखाया गया है। जैसा कि आपने देखा है, हमारे घोषित बंद के कारण भारतीय पक्ष का हवाई क्षेत्र नागरिक हवाई यातायात से पूरी तरह से खाली है। हालांकि, कराची और लाहौर के बीच हवाई मार्ग पर नागरिक विमान उड़ान भर रहे हैं। भारतीय वायुसेना ने अपनी प्रतिक्रिया में काफी संयम दिखाया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय नागरिक वाहकों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

### 'जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान का एक और एयर डिफेंस रडार नष्ट'

उन्होंने बताया, पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के तंगधार, उड़ी, पुंछ, मेंढर, राजौरी, अखनूर और उधमपुर में भारी कैलिबर आर्टिलरी गन और सशस्त्र ड्रोन का इस्तेमाल कर नियंत्रण रेखा के पार गोलाबारी की। भारतीय सेना के कुछ जवान हताहत हुए। जवाबी कार्रवाई में भारत ने भी बड़ा नुकसान पहुंचाया। इसके अलावा रात में पाकिस्तान के सशस्त्र यूएवी (मानव रहित हवाई वाहन) ने बठिंडा सैन्य स्टेशन को निशाना बनाने की कोशिश भी की जिसे पकड़ कर निष्क्रिय कर दिया गया। पाकिस्तानी हमले के जवाब में पाकिस्तान में चार हवाई रक्षा स्थालों पर सशस्त्र ड्रोन लॉन्च किए गए।

## पाकिस्तान ने फिर की घुसपैठ की नापाक कोशिश

## भारत ने 7 आतंकियों को कर दिया ढेर

**जम्मू (एजेंसी)।** आतंकवाद का पनाहगार पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आता है। आतंकवादियों के खिलाफ जारी ऑपरेशन सिंदूर के बीच एलओसी पर आतंकियों की घुसपैठ करना की कोशिश की। हालांकि, सीमा पर मुस्तैद खड़े भारतीय सुरक्षाबलों के जवानों ने मंसूबों पर पानी फेर दिया। 8 मई को देर रात 11 बजे के करीब बीएएस ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एक बड़ी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। बताया जा रहा है कि सांबा में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर 7 पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए। ये सभी जैश ए मोहम्मद के आतंकी बताए जा रहे हैं। यह भी बता दें कि जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास के इलाकों में पाकिस्तानी सैनिकों की ओर से भारी गोलेबारी में एक महिला की मौत हो गई और उसके परिवार के दो सदस्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी हमले का समुचित तरीके से जवाब दिया है। अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तानी सैनिकों ने गुरूवार रात नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया और उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नागरिक इलाकों में भारी गोलाबारी की। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान ने उरी के सिलिकोट, बोनियार, कमलकोट, मोहरा और गिंगल समेत कई इलाकों को निशाना बनाया। अधिकारियों ने बताया कि भारी गोलेबारी से कई संरचनाओं को नुकसान पहुंचा और लोगों को भागने पर मजबूर होना पड़ा।

### तनाव के बीच पीएम मोदी के आवास पर बड़ी बैठक

## पूर्व सेना प्रमुखों के साथ लंबी चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के साथ चल रहे संघर्ष के बीच तीनों सेनाओं के पूर्व प्रमुखों से बातचीत की। शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास पर हुई इस बैठक में कई पूर्व सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। अधिकारियों ने शुक्रवार शाम यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मीटिंग में सेना, वायुसेना और नौसेना के पूर्व प्रमुखों के अलावा देश की सेवा कर चुके कई रिटायर्ड अधिकारी भी शामिल हुए। 8-9 मई की मध्य रात्रि को भारतीय ठिकानों को पाकिस्तान ने निशाना बनाने का प्रयास किया। भारत के सशस्त्र बलों की ओर से इसका करारा जवाब दिया गया। इसके साथ ही, पाकिस्तान के साथ संघर्ष अब काफी बढ़ गया है।



विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि पाकिस्तान ने सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के लिए भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के लिए लेह से सर क्रीक तक 36 स्थानों पर 300-400 ड्रोन भेजे और भारतीय सेना ने इन ड्रोन को मार गिराया।

विंग कमांडर सिंह ने कहा कि पाकिस्तानी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के 4 हवाई रक्षा स्थलों पर सशस्त्र ड्रोन दागे। इनमें से एक ड्रोन एडी रडार को नष्ट करने में सफल रहा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने भारी कैलिबर वाली तोपों और सशस्त्र ड्रोनों का उपयोग करके नियंत्रण रेखा के पार गोलाबारी भी की, जिसमें भारतीय सेना के कुछ जवान हताहत हुए और उन्हें चोटें आईं। भारतीय जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा।

### पाकिस्तान को भारत का सख्त संदेश

भारत ने आज कहा कि पाकिस्तान की ओर से भड़काऊ कार्रवाई बंद नहीं हो रहीं है और वह नीचता की हदें पार करते हुए सीमापार धार्मिक स्थलों को निशाना बना रहा है। इसके जरिए, वह सांप्रदायिक विवाद भड़काना चाहता है जिसका भारतीय सशस्त्र बल करारा जवाब दे रहे हैं। भारत ने यह भी आरोप लगाया कि पाकिस्तान ने जानबूझ कर सीमा के समीप के वायुक्षेत्र को नागरिक उड़ानों के लिए खोला हुआ है ताकि उसे ढाल के रूप मे इस्तेमाल किया जा सके। मिस्री ने कहा कि पाकिस्तान ने हमले के दौरान जानबूझ कर नागरिक हवाई क्षेत्र को बंद नहीं किया और नागरिक विमानों का ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। साथ ही भारत ने ननकाना साहिब गुरूद्वारे पर हमले के पाकिस्तान के आरोप को भ्रामक बताते हुए खारिज कर दिया। यह कहा गया कि इस तरह के भ्रामक दुष्प्रचार से पाकिस्तान भारत में सांप्रदायिक विवाद पैदा करना चाहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### 'एक शाम ग़ज़ल के नाम' सुरों की मंडली की संगीतमय संध्या आज



**उदयपुर (पुकार)।** शहर की प्रतिष्ठित संस्था सुरों की मंडली की ओर से एक विशेष संगीतमय संध्या ' एक शाम ग़ज़ल के नाम' का आयोजन शाम 3 बजे अशोका पैलेस में किया जाएगा।

संयोजक दिलीप जैन ( सवीना) और कैलाश केवल्या ने बताया कि इस आयोजन में सुरों की मंडली के सुर साधक मधुर ग़ज़लों की प्रस्तुति देंगे, जो संगीत प्रेमियों के लिए एक शानदार अनुभव होगा।

संस्था के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि सुरों की मंडली समय-समय पर ऐसे संगीतमय कार्यक्रम आयोजित करती रही है, जिनका उद्देश्य शहर में संगीत, साहित्य व संस्कृति के प्रति प्रेम को बढ़ावा देना है।

चेतना जैन एव मुकेश शर्मा ने बताया की इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी सम्मानित हस्तियों को भी सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन सिर्फ एक सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं बल्कि एक भावनात्मक संगम होगा, जिसमें शेरो-शायरी, संगीत और सुरों की मिठास एक साथ बहेगी। कमल मेहता ने सभी संगीत प्रेमियों से इस संगीतमय शाम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### सरदार पटेल मंडल के कार्यकर्ताओं ने किया हनुमान चालीसा का पाठ



**उदयपुर (पुकार)।** आज प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सीमा पर तैनात भारत के वीर सैनिकों की सलामती के लिए एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व क्षमता को और बढ़ाने के लिए भारतीय जनता पार्टी सरदार पटेल मंडल के कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक वार्ड में मंदिरों पर तिरंगा लगाया गया एवं आरती करके हनुमान चालीसा का पाठ किया। सरदार पटेल मण्डल में वार्ड-34 में सर्वधर्म मंदिर, सर्व ऋृु विलास गौरांग शर्मा राजेश अग्रवाल वैभव भंडारी उपस्थित रहे। वार्ड नंबर 14 हनुमान मंदिर गली नंबर 4 स्वराज नगर निर्मल पालीवाल बाबूलाल शर्मा मुकेश माली उपस्थित रहे। वार्ड-15 त्रयंबकेश्वर मंदिर सेक्टर 11 पूर्व जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली जिला मंत्री दीपक बोलियां, पूर्व पार्षद राजेश बैरागी, मंडल मंत्री मीनाक्षी गर्ग, रामजी अग्रवाल मौजूद रहे।

### राणा प्रताप मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा सेना के पराक्रम की वृद्धि हेतु बोहरा गणेश मंदिर में आरती



**उदयपुर (पुकार)।** उन्नत राष्ट्र के सुख समृद्धी, खुशहाली एवं हिंदुस्तान के वीर सैनिकों द्वारा अद्भुत शौर्य प्रदर्शन करने की खुशी एवं भविष्य में उनके पराक्रम वृद्धि हेतु राणा प्रताप मंडल के तत्वधान में आज साय : बोहरा गणेश जी मंदिर में आरती का आयोजन किया गया।

जिला मीडिया सह प्रभारी अशोक आमेटा ने बताया की इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कन्हैया वैष्णव ने सभी का स्वागत किया एवं भारतीय सेना के पराक्रम की प्रशंसा कर भविष्य में भी इसी प्रकार की विजय हासिल करने का भगवान से प्रार्थना की।

जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह राठौड़ ने कहा पहलगाम में हमारे निहते सैलानियों पर धर्म पुछ कर हत्या की गई, और कहां की तुम्हारे मोदी को बता देना इसका जवाब मोदी ने अपने सभा में एवं विगत दो दिनों में दिया, उदयपुर सांसद डॉक्टर मन्नालाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय सैनिकों का कोई मुकाबला नहीं, पाकिस्तान के मंसूबे कभी भी पूरे नहीं होंगे। सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, उपमहापा और पारस सिंघवी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शांतिलाल चपलोद ने भी भारतीय सेवा की प्रशंसा करते हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर पूरे जिला अध्यक्ष मांगीलाल जोशी, पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष किरण जी, जिला उपाध्यक्ष हंसामाली, पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम चित्तौड़ा, विजय विप्लवी, जितेंद्र मारू, वरिष्ठ कार्यकर्ता भगवान महेश्वरी, नवीन पालीवाल, रंजीत खोखावत, आनंदी चित्तौड़ा, मंडल के महामंत्री सुनील जैन गोपाल सालवी, उपाध्यक्ष संजीव जैन, पुखराज राजपुरोहित, लोकेश जोशी, कपिल शर्मा सहित शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, मंडल में निवासरत जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी, पार्षद एवं पूर्व पार्षद, वरिष्ठ कार्यकर्ता बंधुने इस आयोजन में सहभागी बनकर राष्ट्र के खुशीहाली एवं भविष्य में भी सैनिकों के उत्कृष्ट शौर्य प्रदर्शन के लिए मंगलकामनाए की।कार्यक्रम का संयोजन महामंत्री सुनील जैन ने किया।

### अखंड रामायण पाठ की हुई पूर्णाहुति, एक शाम नृसिंह भगवान के नाम भजन संध्या आज





**भीण्डर (पुकार)।** नगर के आराध्य देव नृसिंह भगवान के प्राकट्योत्सव नृसिंह चतुर्दशी महोत्सव के उपलक्ष्य में चार दिवसीय आयोजन हो रहा है। चौबीसा समाज भींडर के अध्यक्ष कन्हैयालाल देशबन्धु ने बताया आयोजन के तहत भक्त प्रहलाद धर्म जागरण सेवा समिति सुन्दरकाण्ड मण्डल की और नृसिंह भगवान मंदिर पर एक दिवसीय अखंड रामायण हवन-पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। हवन में मुख्य यजमान जगदीश लखावत थे। हवन में आचार्य पंडित गजेंद्र विजावत थे। वहीं बड़ीसादड़ी गोपाल आश्रम के स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज के मुखाारबिन्द से रघुनाथ मंदिर चौक में मीरा, सुदामा, प्रहलाद चरित्र की कथा चल रही है जिसमें संत ने कहा की जीवन में सबसे संस्कार से बड़ा कोई धन नहीं है इसलिए संस्कार होना अति आवश्यक है। आप अपने बड़पन के कारण समझे कि भगवान आ जाए हो नहीं सकता भगवान हमेशा भक्त को प्राप्त होते हैं जिसके मन में प्रबल प्रेम है उसको प्राप्त होते हैं। वहीं नृसिंह मंदिर पर वही शनिवार को रात्री 8 बजे से नृसिंह मंदिर परिसर पर नृसिंह चतुर्दशी की पूर्व संध्या पर 'ठाकुर जी फोज करेगी मौज' के तत्वावधान में एक शाम नृसिंह भगवान के नाम भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक बबलु राजस्थानी, भरत जोशी, तिलकेश सुथार, रोहन सुथार, प्रसिद्ध भजन गायिका संगीता सुथार सहित कई भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देगे।

हींता गांव में जमीन जिला कलक्टर की चौपाल

# नाले से अतिक्रमण हटाने व जर्जर कक्ष में कक्षा संचालन नहीं करने के निर्देश

### कक्षा कक्ष मरम्मत के लिए मांगे प्रस्ताव, जिला कलक्टर ने सुने ग्रामीणों के अभाव-अभियोग

**उदयपुर (पुकार)।** सुशासन की परिकल्पना को साकार करने तथा आमजनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जिला कलक्टर नमित मेहता की ओर से नियमित रूप से ग्राम्यांचलों में रात्रि चौपाल की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार देर शाम भीण्डर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत हींता में जिला कलक्टर की चौपाल जमी।

ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित चौपाल में जिला कलक्टर नमित मेहता ने ग्रामवासियों की परिवेदनाओं को पूर्व संवेदनशीलता के साथ सुना तथा उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

रात्रि चौपाल में जिला परिषद सीईओ रिया डाबी, भींडर एसडीएम रमेश चन्द्र बहेड़िया, तहसीलदार सतीश पाटीदार, बीडीओ वीरेंद्र कुमार व्यास सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि,




उदयपुर। ग्राम पंचायत हींता में रात्रि चौपाल के दौरान परिवेदनाए सुनते जिला कलक्टर नमित मेहता।

विभिन्न विभागों के जिला एवं उपखण्ड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**तहसीलदार को दिए अतिक्रमण हटाने के निर्देश**

चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने नाले पर अतिक्रमण कीशिकायत की। जिला कलक्टर ने तहसीलदार को वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द अतिक्रमण हटवाकर रिपोर्ट करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्रामीणों ने विद्यालय भवन की छत जर्जर होना बताया। इस पर कलक्टर ने जिला शिक्षाधिकारी को जर्जर भवन में कक्षा संचालन नहीं करने के लिए पाबंद किया।

साथ ही भवन मरम्मत के प्रस्ताव जल्द से जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने श्मशान का परिसर बढ़ाने, गांव में पेयजल व्यवस्था सुचारू कराने, जल जीवन मिशन के तहत प्रेशर से पानी नहीं आने, स्थानीय विद्यालय में विज्ञान संकाय शुरू करने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की भूमि का प्रकरण, संविदाकर्मियों के बकाया मानदेय भुगतान, बस स्टैंड पर स्पीड ब्रेकर बनवाने, नवीन सड़क निर्माण कार्य, पीएम आवास स्वीकृत करने सहित करीब दो दर्जन परिवेदनाएं प्रस्तुत की।

जिला कलक्टर ने सभी परिवेदनाओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

## आलोक संस्थान के श्रीराम मंदिर का 26 वां पाटोत्सव आयोजित

**उदयपुर (पुकार)।** आलोक संस्थान स्थित अयोध्या धाम श्रीराम मंदिर में शुक्रवार को 26 वां पाटोत्सव भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमावत एवं कान्ता कुमावत ने प्रातःकाल भगवान श्रीराम का तुलसी-दल से गोपाल सहस्त्रनाम द्वारा अभिषेक कर अनुष्ठानों का शुभारंभ किया। तत्पश्चात हनुमान चालीसा, आरती एवं स्तुति पाठ के साथ मंदिर ध्वजा का पूजन विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। श्रीराम मंदिर के कलश पर ध्वजा आरोहण डॉ. प्रदीप कुमावत व कान्ता कुमावत द्वारा किया गया। पाटोत्सव के अंतर्गत मंदिर परिसर के अन्य देवालयों ङ्क हनुमान मंदिर, गणेश मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर तथा शिव मंदिर पर भी श्रद्धापूर्वक ध्वजा चढ़ाई गई। इसमें मनोज कुमावत, विद्या कुमावत, निश्चय कुमावत, निहारिका कुमावत एवं प्रतीक कुमावत ने सहभागिता की। अंत में भक्तजनों ने एकत्र होकर सामूहिक रूप से भगवान श्रीराम की महाआरती में भाग लिया



और मंदिर परिसर भक्ति-रस में सराबोर हो गया। इस अवसर पर डॉ. कुमावत ने बताया कि आलोक संस्थान में भारतीय संस्कृति, आस्था और शिक्षा के समन्वय की परंपरा निरंतर चल रही है, और श्रीराम मंदिर का यह पाटोत्सव उसी का प्रतीक है।

## 'जनजाति समाज के विकास में मीडिया की भूमिका' विषय पर परिचर्चा कल

### पत्रकार सम्मान समारोह 18 मई को कोटा में, संघ के अ.भा. प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर उपस्थित रहेंगे

**उदयपुर (पुकार)।** विश्व संवाद केंद्र समिति उदयपुर की ओर से नारद जयंती के उपलक्ष्य में 'जनजाति समाज के विकास में मीडिया की भूमिका' विषय पर एक महत्वपूर्ण परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है। यह परिचर्चा 11 मई, रविवार को प्रातः 10.30 बजे विश्व संवाद केंद्र, विद्या निकेतन सेक्टर 4 के सामने आयोजित होगी।

विश्व संवाद केंद्र समिति उदयपुर के सचिव प्रवीण कोटिया ने बताया कि इस परिचर्चा में वनवासी कल्याण आश्रम की अखिल भारतीय ग्राम विकास सह प्रमुख, स्तंभकार एवं बप्पा रावल मासिक पत्रिका की सम्पादिका डॉ. राधिका लड्ढा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चित्तौड़ प्रांत के सह प्रांत कार्यवाह विद्या भारती जनजाति शिक्षा, राजस्थान क्षेत्र के सचिव नारायण लाल गमेती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

**देवर्षि नारद पत्रकार सम्मान समारोह 18 मई को कोटा में**

विश्व संवाद केंद्र चित्तौड़ प्रांत द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला प्रांत स्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह इस वर्ष 18 मई को कोटा में आयोजित होगा।

समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

सचिव प्रवीण कोटिया ने बताया कि इस समारोह में महर्षि नारद पत्रकार सम्मान 2025 के अंतर्गत छह श्रेणियों में चयनित पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगाः

उत्कृष्ट स्तंभकार, उत्कृष्ट डिजिटल पत्रकार, उत्कृष्ट कंटेंट क्रिएटर (यूट्यूब), उत्कृष्ट छायाकार (फोटो/वीडियो), उत्कृष्ट महिला/स्त्री सरोकार, उत्कृष्ट प्रिंट पत्रकार प्रत्येक चयनित पत्रकार को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान स्वरूप ?11, 000/- की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

**आवेदन की प्रक्रिया**

समारोह में पत्रकारों के नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जो 10 मई 2025 तक भरे जा सकते हैं।

**चयन प्रक्रिया**

सचिव प्रवीण कोटिया ने बताया कि प्राप्त प्रविष्टियों का अवलोकन वरिष्ठ पत्रकारों की चयन समिति द्वारा किया जाएगा।

कार्यक्षेत्र की दृष्टि से संघ के चित्तौड़ प्रांत मेंः अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, कोटा, बूंदी, ब्यावर, प्रतापगढ़, सलूंबर, बारां व झालावाड़ जिले आते है, इन जिलों के पत्रकार इसमें भाग ले सकते हैं।

## भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं व गोवर्धन पूजा के प्रसंग पर भक्तो ने भाव विभोर होकर लगाएं जयकारे

### कथा के दौरान भगवान को धराया छप्पन भोग मनोरथ, जनप्रतिनिधियों के साथ संतो ने की पूजा अर्चना

**उदयपुर (पुकार)।** वल्लभनगर उपखंड क्षेत्र के वाजमिया गांव में स्थित झाला मन्ना चौक, झालो की मगरी में चल रही संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवस पर विश्व विख्यात साध्वी सरस्वती के भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं व गोवर्धन पूजा के प्रसंग पर भक्तो ने भाव विभोर होकर जयकारे लगाएं। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग मनोरथ का भोग धराया गया।

कथा के दौरान उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, भाजपा देहात जिला अध्यक्ष एवं उपजिला प्रमुख पुष्कर तेली, भाजपा पूर्व देहात जिला अध्यक्ष भंवर सिंह पवार, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान, महिला मोर्चा देहात जिला अध्यक्ष ऋृु अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष रामकृपा, पार्श्वनाथ गौशाला के हस्तीमल लोढ़ा, रामदाता धूणी बम्बोरा के देवदत्त महाराज, ईश्वर दास महाराज राठौड़ा



का गुड़ा, समिधा बालगृह के अनाथ बच्चों ने साध्वी के अमृत वचनों को सुनकर धार्मिक लाभ लिया।

एसआरएम ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर हिम्मत सिंह झाला द्वारा सभी संतों एवं जनप्रतिनिधियों का मेवाड़ी पगड़ी व उपरणा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। व्यास पीठ से कथा का अमृत पान करते हुए साध्वी सरस्वती ने पूतना वध, प्रभु श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं में माखन चोरी सहित अन्य लीलाओं का प्रसंग सुनाया। इस पर पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर होकर श्रीकृष्ण के भजनों पर नाचते गाते मंत्रमुग्ध हो गए। इसके बाद कथा में गोवर्धन पूजा का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कथा के समापन पर एसआरएम ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर रतन सिंह झाला द्वारा व्यासपीठ पर आरती उतारी गई। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया।

## इनरव्हील क्लब ऑफ उदयपुर दीवास ने जाना वॉटर हार्वेस्टिंग का महत्व

**उदयपुर (पुकार)।** इनरव्हील क्लब ऑफ उदयपुर दीवास ने जल संरक्षण के महत्व को समझते हुए जल ही जीवन है की अवधारणा को अपनाया। इस अभियान के तहत, दीवास ने वॉटर हार्वेस्टिंग के महत्व को समझा और इसके साथ ही वॉटर हार्वेस्टिंग कैसे की जाती है, कौन करवा सकता है, आदि के बारे में प्रशिक्षण लिया।

क्लब प्रेसिडेंट नयना जैन ने बताया कि क्लब के सदस्यों को महेश चंद्र गडवाल ने वॉटर हार्वेस्टिंग पर विस्तृत जानकारी दी, जिसमें उन्होंने बताया कि जिस तरह बिजली और पैसों की बचत की जाती है, उससे भी कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है पानी की बचत करना।

उन्होंने बताया कि सभी को अपने घरों में बारिश का पानी बचाने के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग करानी चाहिए। इस पानी का उपयोग विभिन्न कामों में किया जा सकता है, जैसे कि बागवानी, पशुओं के लिए पानी, भवन निर्माण, औद्योगिक उपयोग आदि।

वॉटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से हम जल संसाधनों का संरक्षण कर सकते हैं और भविष्य में जल संकट को कम कर सकते हैं।

क्लब की फाउंडर रेखा भाणावत ने कहा कि दीवास का यह अभियान जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करेगा। हमें उम्मीद है कि अधिक से अधिक लोग वॉटर हार्वेस्टिंग के महत्व को समझेंगे और अपने घरों में इसका पालन करेंगे।

इस प्रकार, हम जल संसाधनों का संरक्षण कर सकते हैं और भविष्य में जल संकट को कम कर सकते हैं। आशा श्रीमाली, मीना बोकडिया, विनीता पामेचा, अनीता कोठारी, वंदना जैन, प्रीति श्रीमाली, ललिता बापना, ज्योति साहू आदि मौजूद रहीं।

विद्यापीठ - प्रातः स्मरणीय महाराणा प्रताप की जयंती पर किया नमन

## देश में स्वतंत्रता का बीज प्रताप ने बोया – प्रो. सारंगदेवोत

**उदयपुर (पुकार)।** मातृभूमि की स्वाधीनता के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन बलिदान करने वाले प्रातः स्मरणीय वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंति पर जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को आयोजित संगोष्ठी में प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कहा कि भारतीय संस्कृति, भारतीय स्वाभिमान, भारतीय गौरव, भारतीय वैभव, भारतीय त्याग, बलिदान, भारतीय शौर्य, वीरता आदि को गाथा के रूप में कहना चाहेंगे तो हमारे सामने एक ही नाम आता है वो है वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप। हर माता-पिता मातृभूमि से यही प्रार्थना करते है कि उसे ऐसे पुत्र को जन्म दें जैसे हैं महाराणा प्रताप। महाराणा प्रताप ने पूरे विश्व को एक संदेश दिया कि व्यक्ति अगर स्वतंत्र नहीं है तो वह अपनी



इच्छाओं को कभी क्रियान्वित नहीं कर सकता, वो सपने नहीं देख सकता, वो कोई कार्य नहीं कर सकता व आगे भी नहीं बढ सकता। हमें सबसे पहले स्वतंत्र होना है और स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए हमें सदैव तैयार रहना चाहिए। मेवाड़ को विदेशों में भी महाराणा प्रताप के नाम से जाना जाता है। अकबर का सपना था कि पूरे देश पर अपना कब्जा कर लूं, सभी राजा, महाराजाओं ने समझौता कर लिया, मेवाड़ में प्रताप ने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। कई प्रलोभन भी दिये लेकिन वे अंत तक अडिग रहे। वो चाहते थे कि उनकी प्रजा किसी के अधीन नहीं रहे और अंत तक युद्ध करते रहे और अकबर की सेना को पीछे हटना पडा। महाराणा प्रताप के पांच गुणों पर चर्चा करते हुए कहा कि वे मस्तिष्क को केन्द्र में रखते हुए विचार करते थे और आगे की नीति निर्धारित करते थे। दूसरा गुण शारीरिक शक्ति के अनुशासन वो आयुध धारण करते थे। तीसरा गुण उनका आत्म बल बहुत ही मजबूत था जो किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने की क्षमता को दर्शाता है। वही, उनका चौथा गुण उनकी सधी हुई, दिनचर्या के रूप में था जिसमें ईश्वर स्मरण के साथ प्रारंभ होकर अन्य कार्य को सम्पादित करते थे। पांचवा गुण देश भक्ति स्वाभाविक गुण था जो उन्हे विरासत में मिला था।

अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर ने कहा कि महाराणा प्रताप को वेदों और पुराणों का अच्छी तरह से ज्ञान था। उसी अनुरूप इस पद्धति का युद्ध में प्रयोग किया। प्रताप ने 14 वर्ष की उम्र में पहला युद्ध लड़ा। 1567 में जब अकबर ने चितौड़ पर आक्रमण किया तो वहॉ से प्रताप और उदय सिंह को सुरक्षित निकाला गया। प्रताप की सेना में 20 हजार सैनिक थे जबकि अकबर की सेना में 80 हजार सैनिक थे, उनका पूरा युद्ध गोरिल्ला पद्धति से किया और अंत में अकबर की सेना को पीछे हटना पडा।

इस अवसर पर पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, प्रो. सरोज गर्ग, प्रो. मलय पानेरी, डॉ. हेमेन्द्र चौधरी, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, डॉ. रचना राठौड़, डॉ. सुनिता मुर्डिया, डॉ. शीतल चुग, निजी सचिव केके कुमावत, जितेन्द्र सिंह चौहान, उमराव सिंह राणावत, डॉ. रोहित कुमावत, डॉ. मंगलश्री दुलावत सहित कार्यकर्ताओं ने प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा भाव से नमन किया।

# युवा बना रहे हैं बुलंद भारत... आप पीछे ना रहे



**उदयपुर (पुकार)।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ़ कम्युनिटी एंड अप्लाइड साइंस में विद्यार्थियों के लिए 'वे फॉरवर्ड टू ए रॉबस्ट करियर' - करियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया गया। अतिथि का स्वागत करते हुए अधिष्ठाता डॉ. धृति सोलंकी ने करियर गाइडेंस की मेहता पर प्रकाश डाला। सेमिनार में जाने - माने करियर काउंसलर, विदेश शिक्षा एक्सपर्ट और जे.एस. ग्लोबल के जितेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों के साथ सफल व मजबूत करियर के लिए उपयोगी जानकारियां और रोड़मेप साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बताया कि आज टेक्नोलॉजी बड़े पैमाने पर देश और दुनिया की अर्थव्यवस्था को दिशा दे रही है ?और आप भाग्यशाली है कि आपके लिए रोजगार के असंख्य अवसर उपलब्ध है बस आपको उनके लिए खुद को तैयार करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे कॉलेज शिक्षा के दौरान पाठ्यक्रम के साथ-साथ अत्यंत जरूरी सोफ्ट स्किल्स भी डेवलप करें तो करियर की बुलंदियां छू सकते हैं। 'गीग अर्थव्यवस्था' पर चर्चा करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी योग्यता व इच्छा अनुसार पार्ट टाइम जॉब करने की भी सलाह दी। करियर गाइडेंस और मोटिवेशन के साथ ही 100 से अधिक विद्यार्थियों को विदेश में उपलब्ध उच्च शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में नौकरी के सुनहरे अवसरों के बारे में भी उपयोगी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में डाक्टर अंजलि जुयाल ने गाइडेंस सेमिनार के लिए जितेंद्र सिंह का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## राष्ट्र निर्माण में युवाओं द्वारा पंच परिवर्तन का अनुसरण'' विषयक व्याख्यान का आयोजन

**उदयपुर (पुकार)।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संघटक राजस्थान कृषि महाविद्यालय के नूतन सभागार में राष्ट्र निर्माण में युवाओं द्वारा पंच परिवर्तन का अनुसरण विषयक व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में जब सीमा पर युद्ध जैसे हालात चल रहे है तब भारत की युवा शक्ति पंच परिवर्तन के आयामों यथा नागरिक कर्तव्य, स्व का बौध, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण एवं कुटुम्ब प्रबोधन का मन के अन्तःकरण से अनुसरण कर राष्ट्र की एकता, सुरक्षा एवं अखंडता में महत्वपूर्ण भागीदारी निभा सकती है क्योंकि जिन संस्कृति एवं सभ्यताओं में नागरिकों ने उदासीन रवैया अपनाया है वो हमेशा के लिये विलुप्त हो गई है। मप्रकृप्रौविवि, एवं जय नारायणव्यास विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने अपने सम्बोधन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पिछले 100 वर्षो से राष्ट्र निर्माण में अनवरत जारी प्रयासों एवं सत्त योगदान की सराहना करते हुये युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण में तन-मन-धन से जुड़ कर कृषि क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास में अपनी भागीदारी निभायें। समारोह के विशिष्ट अतिथि परमानन्द जी, प्रान्त संघटन मन्त्री, भारतीय किसान संघ, चित्तौड़ प्रान्त ने बताया कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, जिसमें कृषि विकास एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

उन्होने वर्तमान युग में कृषि रसायनों के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुये कृषि उत्पादन में इन विषैले रसायनों का उपयोग रोकने व पारम्परिक खेती के महत्व पर बल दिया तथा युवाओं को कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार अपना कर देश की आर्थिक प्रगति में सहभागिता निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.बी. दुबे द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुये महाविद्यालय के द्वारा कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार गतिविधियों के साथ ही महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुये राष्ट्र निर्माण में युवाओं द्वारा पंच परिवर्तन के विभिन्न आयामों का अनुसरण करने को आज के समय की जरूरत बताया। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय के सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. एस.एस. लखावत द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों, विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल एवं वरिष्ठ अधिकारी परिषद सदस्यों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. के.डी आमेटा, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, उद्यान विज्ञान विभाग ने किया।

## 'विद्या भवन पॉलिटेक्निक कॉलेज का स्थापना दिवस आज, एल्यूमिनाई का होगा भव्य आयोजन

**उदयपुर (पुकार)।** विद्या भवन पॉलिटेक्निक कॉलेज उदयपुर के 59 वें स्थापना दिवस समारोह 10 मई को भव्य समारोह आयोजित होगा। इस अवसर पर एल्यूमिनाई का भी आयोजन होगा। समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, विशिष्ट अतिथि शहर विधायक ताराचंद जैन एवं यूसीसीआई चेयरमैन मांगीलाल लुणावत, उद्योगपति अनिल गोधा होंगे।

प्रकाश सुंदरम ने बताया कि इस विशेष अवसर पर महाविद्यालय अपने 50 वर्ष पुराने बैच एवं 25 वर्ष पुराने बैच के सम्मानित पूर्व विद्यार्थियों का अभिनंदन करेगा। इसके अतिरिक्त, संस्थान की उत्कृष्ट प्रतिभाओं एवं संस्था के आउटस्टैंडिंग विद्यार्थियों, कोसमा 2024 अवार्ड की पूर्व छात्रा को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। प्राचार्य अनिल मेहता ने बताया कि यह पूर्व विद्यार्थी संगम न केवल पुराने साथियों को आपस में मिलने और यादें ताजा करने का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि वर्तमान छात्रों को अपने पूर्ववर्तियों से प्रेरणा लेने का भी सुअवसर मिलेगा। महाविद्यालय प्रबंधन इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा से जुटा हुआ है।

## बी प्लस

### रवि इंफ्राबिल्ड प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने आईपीओ के जरिए रु. 1,100 करोड़ जुटाने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**उदयपुर (पुकार)।** सड़कों, पुलों, सुरंगों और संबंधित बुनियादी ढांचे बनाने वाली अग्रणी एकीकृत सिविल निर्माण कंपनी रवि इंफ्राबिल्ड प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए रु.1, 100 करोड़ तक जुटाने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।

डीएंडबी रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी वित्तीय वर्ष 2024 तक कुल ऑर्डर बुक और पीएटी के मामले में सबसे तेजी से बढ़ती इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) कंपनी के रूप में उभरी है। आईपीओ में रु.10 प्रति शेयर के अंकित मूल्य पर रु.1, 100 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू शामिल है। इस इश्यू में कोई ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) घटक नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय चिकित्सक संगठन ने सेना के साथ चिकित्सा सेवा प्रदान करने की जताई इच्छा

**उदयपुर (पुकार)।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद जहां एक और केन्द्र सरकार ने बोर्डर के आसपास के इलाकों में आपातकालीन सेवाओं के लिए अतिरिक्त लोगों की तैनातगी की है, इसी कडी में चिकित्सकों के राष्ट्रीय चिकित्सक संगठन ने राष्ट्रीय आपातकालीन परिस्थितियों में भारतीय सेना के साथ स्वेच्छा से चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने की इच्छा जाहिर की है। संगठन के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर चिकित्सकों की इच्छा से अवगत करवाया है। डॉ. नरेन्द्र सिंह देवल ने बताया कि यह संगठन 366 चिकित्सकों का राष्ट्रीय संबद्धता प्राप्त संगठन है जिससे संबंधित चिकित्सक अपने अध्यवसायिक कर्त्तव्य के साथ राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपने दायित्व को भी भलिभॉति जानते एवं मानते है। समय समय पर राष्ट्र के समक्ष आई विषम परिस्थितियों में हमारे संगठन के सदस्यो ने निष्ठा के साथ अपनी स्वैच्छिक सेवाए प्रदान करने का सौभाग्य पाया है। वर्तमान समय की आपातकालिन परिस्थितियों में भारत देश एवं भारतीय सेना के प्रति अपना सम्मान एवं समर्थन प्रकट करते हुए हमारे चिकित्सा संगठन का प्रत्येक सदस्य अपनी स्वैच्छिक चिकित्सा सेवाए देने के लिए दृढ सकल्पित एवं तैयार है।

### अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर नर्सेज को विशेष आकस्मिक अवकाश



**उदयपुर (पुकार)।** फ्लोरेंस नाइटेंगल का जन्मदिन अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस के रूप 12 मई 2025 को प्रांतीय एवं जिला स्तर पर मनाया जाएगा। संभागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस 12 मई को प्रांतीय एवं जिला स्तर पर समारोह आयोजित किए जाएंगे। जिसमें भाग लेने वाले नर्सेज को 12 मई को एक दिन का विशेष अवकाश आकस्मिक अवकाश दिया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर एक दिन का विशेष आकस्मिक अवकाश से प्रदेश अध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत आमेटा, जिला अध्यक्ष पवन कुमार दानाध्यक्ष, संरक्षक रमेश मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष परमार, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण चौहान ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### हाथी मोती को वन्तारा जामनगर शिफ्ट करने की मांग



**उदयपुर (पुकार)।** हाल ही में रामू हथनी की हालत पिछले 15दिनों से बहुत ज्यादा ख़राब है वो अपने पैरो पर खड़ी नहीं हो पा रही। महावत नरेश दास ने उसके स्वास्थ्य को नजरअंदाज किया और उससे काम करवाता रहा। 2020 में भी इसी तरह से सोहनकली हथनी ने भी बीमार होकर उदयपुर में दम तोडा था। पशु प्रेमी प्रशासन और वन विभाग से मांग करते है की मोती की मेडिकल जांच करवाई जाये क्यूकी अभी जामनगर से वन्तारा और मथुरा से वाइल्ड लाइफ स्हस टीम उदयपुर आयी हुई है जिनके पास हाथियों के लिए एक्सपर्ट डॉक्टर है। पशु प्रेमी यह नहीं चाहते की सोहनकली और रामू जैसी हालत मोती हाथी की भी हो। साथ ही मोती के उज्जवल भविष्य के लिए उसे वन्तारा जामनगर शिफ्ट किया जाये। मोती अभी उदयपुर में दिख भी नहीं रहा है। वन विभाग और प्रशासन से पशु प्रेमियों की गुजारिश है कि महावत नरेश दास को लिखित में आर्डर भी पास करे की मोती को जल्द से जल्द उदयपुर लाया जाए ताकि उसके स्वास्थ्य की जांच की जा सके।

### भारतीय विरासत संस्थान के विद्यार्थियों का सिटी पैलेस म्यूजियम में दो दिवसीय दौरा



**उदयपुर (पुकार)।** महाराणा मेवाड़ चौरिटेबल फाउण्डेशन, उदयपुर द्वारा संचालित सिटी पैलेस संग्रहालय में संग्रहित विभिन्न जीवंत धरोहरों और उनके इतिहास से रू-ब-रू होने, नई दिल्ली के भारतीय विरासत संस्थान के संरक्षण विभाग के 3 संकायों के 21 विद्यार्थियों ने दो दिवसीय विशेष दौरा, संस्थान के विभागाध्यक्ष डॉ. सतीश पाण्डे के निर्देशन में पूर्ण किया।

महाराणा मेवाड़ चौरिटेबल फाउण्डेशन, उदयपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. मयंक गुप्ता ने बताया कि फाउण्डेशन मेवाड़ की जीवंत विरासत और उसके वैभवशाली इतिहास पर शिक्षा सम्बन्धी वर्ष में कई कार्यक्रम, संगोष्ठियों आदि आयोजित करता है। इसी क्रम में भारतीय विरासत संस्थान के विद्यार्थियों को सिटी पैलेस के भ्रमण के दौरान उदयपुर के 450 वर्षों के इतिहास की संक्षिप्त जानकारी के साथ संग्रहालय की विभिन्न ऐतिहासिक गैलेरियों में प्रदर्शित धरोहर पर म्यूजियम की कंजर्वेटर अनुजा मुखर्जी और भाषा शाह ने प्रकाश डाला। सिटी पैलेस के सलेहखाना जहाँ शस्त्र प्रदर्शित है, पर प्रोजेक्ट विभाग के राहुल शुक्ला ने उसके निर्माण, जीर्णोद्धार, रखरखाव आदि पर महत्वपूर्ण जानकारियां दी, वहीं सिटी पैलेस के एसोसिएट क्यूरेटर डॉ. हंसमुख सेठ ने जनाना महल स्थित मूर्तिकक्ष, पेंटिग्स गैलेरी और सबसे खास 'लाइफ इन जनाना' गैलेरी में प्रदर्शित हमारी सांस्कृतिक धरोहर के इतिहास और उसकी महत्वता को बताया। संग्रहालय में रखे प्राचीन फोटोग्राफ्स के रख-रखाव व उनके संरक्षण पर म्युजियम के संरक्षक और पुरालेखपाल प्रशांत लौहार ने प्रकाश डाला।

### ऐश्वर्या कॉलेज में 'अभिव्यक्ति' के तीसरे दिन हुई विभिन्न रंगारंग प्रतियोगिताएं



**उदयपुर (पुकार)।** ऐश्वर्या कॉलेज उदयपुर के नाट्य ऐश्वर्या विभाग द्वारा आयोजित अभिव्यक्ति सांस्कृतिक महोत्सव के तीसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि व निर्णायक की भूमिका में संगीतप्रेमी व दंतचिकित्सक डॉ स्मिता सिंह, समाजसेवी व उद्योगपति श्रीमान सुशील कुमार पानेरी और उद्योगपति दिलीप सुराणा रहे।

ऐश्वर्या कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ रितु पालीवाल ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं ग्रुप प्रतियोगिता, मोनो एक्टिंग/मिमिक्री/स्टैंड अप कॉमेडी, सोलो सिंगिंग, स्किट, डुएट सिंगिंग, सोलो डांस, डुएट डांस, अंताक्षरी आयोजित की गई। इन सभी प्रतियोगिताओं में गवर्मेंट स्कूल गोर्धन विलास, पायनियर, सेंट ग्रेगोरियस, ए वन, गुरु गोविंद सिंह, बोहरा पब्लिक, नीरजा मोदी, सेंट्रल एकेडमी आदि स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई 15 को

**उदयपुर (पुकार)।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर प्रारंभ की गई त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत जिला स्तरीय जनसुनवाई 15 मई को सुबह 11 से 2 बजे तक जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में राजस्थान संपर्क आईटी केंद्र परिसर में होगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपेक्षित सूचनाओं के साथ जनसुनवाई में उपस्थित रहने के निर्देष दिए हैं।

# सलवार सूट में हार्डकोर अपराधी!

## गैंगस्टर दिलीप नाथ का नकली रूप, लेकिन असली गिरफ्तारी



**मनु राव**

**उदयपुर (पुकार)।** जिले की पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए उदयपुर का कुख्यात हार्डकोर अपराधी दिलीप नाथ को गिरफ्तार कर लिया। खास बात यह रही कि गिरफ्तारी के समय वह महिला के वेश में भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस की चाक-चौबंद योजना ने उसे धूल चटा दी।

गुरुवार रात पुलिस को सूचना मिली कि संगठित गैंग चलाने वाला और ज़मीन कब्जाने जैसे मामलों में वांछित ?10 हजार का इनामी बदमाश दिलीप नाथ स्कॉर्पियो (RJ-27-UA-5656) में सवार होकर उदयपुर की ओर आ रहा है।

इस पर केवड़ा की नाल क्षेत्र में नाकाबंदी की गई। गाड़ी रुकने से पहले ही उसमें सवार दो लोग भागने लगे। उनमें से एक महिला के कपड़ों में था, जो उबड़-खाबड़ रास्ते में गिर पड़ा। जब पुलिस ने उसे उठाया तो चौंक गई – यह कोई महिला नहीं, बल्कि खुद दिलीप नाथ था!

**35.50 लाख की फिरौती व ज़मीन कब्जे का आरोप**

दिलीप नाथ और उसका साथी विष्णु पालीवाल (निवासी सुंदरचा, थाना राजनगर, जिला राजसमंद), दोनों सुखेर थाना क्षेत्र में दर्ज मामले में फरार थे। पीड़ित ने आरोप लगाया था कि बदमाशों ने उसे उठाकर बड़गांव ले जाकर ज़बरन ज़मीन का एग्रीमेंट करवाया और ?35.50 लाख हड़प लिए। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई।

इस मामले में पूर्व में नरेश वैष्णव और नरेश पालीवाल को भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

**हत्या से लेकर गैंग ऑपरेशन तक का लंबा इतिहास :** पुलिस के अनुसार, दिलीप नाथ ने जेल में रहते हुए भी हत्या करवाई थी। बहुचर्चित राजू तेली हत्याकांड में उसका नाम सामने आया था। जेल में रहते हुए ही उसने यशपाल सालवी और नरेश पालीवाल के साथ गैंग बनाया। जेल से छूटने के बाद वह गैंगस्टर स्टाइल में ज़मीन कब्जे, हथियार सप्लाई और फिरौती वसूली जैसे संगठित अपराधों में शामिल रहा।

**कोर्ट से स्टे हटते ही पुलिस की सूझबूझ ने पकड़ा :** थाना नाई के थानाधिकारी लीलाराम की सख्त पैरवी के चलते हाईकोर्ट ने 6 मई को गिरफ्तारी पर लगी रोक हटा दी। इसके बाद जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर टीमों ने कार्रवाई की योजना बनाई।

डिप्टी एसपी सूर्यवीर सिंह राठौड़ ने केवड़ा की नाल में नाकाबंदी की। वहीं गोवर्धन विलास थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला, टीड़ी थानाधिकारी देवेंद्र सिंह और नाई थानाधिकारी लीलाराम साबला से पीछा करते हुए मौके पर पहुंचे।

गाड़ी देखते ही दिलीप नाथ और उसका साथी अलग-अलग रास्तों से भागे। महिला वेशधारी को जब पकड़ा गया, तब असली चेहरा सामने आया - यह खुद दिलीप नाथ था।

छ्त्त डिस्क से सम्मानित होगी पूरी पुलिस टीम

इस महत्वपूर्ण ऑपरेशन में शामिल पुलिस टीम को डीजी डिस्क से सम्मानित करने की सिफारिश की गई है।

गिरफ्तारी में शामिल अधिकारी-कर्मचारी इस प्रकार हैंः

डिप्टी एसपीः सूर्यवीर सिंह राठौड़

थानाधिकारीः लीलाराम (नाई), दिलीप सिंह झाला (गोवर्धन विलास), देवेंद्र सिंह (टीड़ी)

एएसआईः मनोहर सिंह

हवलदार व कांस्टेबलः धर्मवीर सिंह, कालूलाल, त्रिलोकनाथ, करण सिंह, अर्जुन सिंह, प्रकाश, सुरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सारण,गनमैनः भीम सिंह, चालकः हरलाल

### मोटरसाइकिलों में तोडफोड व जानलेवा हमला करने के मामले में 3 अभियुक्त गिरफ्तार



**उदयपुर (पुकार)।** सवीना थाना पुलिस ने शादी समारोह के दौरान मोटरसाइकिलों में तोडफोड व जानलेवा हमला करने के मामले में 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी अजय सिंह राव ने बताया कि प्रार्थी राजकुमार उर्फ राजू पिता अम्बालाल निवासी महाराज का अखाडा, सेक्टर 11 ने रिपोर्ट दी कि 5 मई को मेरे अंकल के लड़के की शादी का प्रोग्राम महाराज का अखाडा में चला रहा था। उस दौरान करीब रात्रि साढे दस बजे बिदोंली कार्यक्रम के दौरान महाराज के अखाडा निवासी प्रिन्स, कुणाल व विरेन्द्र शादी वाले घर के बाहर खडी मोटरसाइकिलों में तोडफोड करने लगे। जब उन्हे रोका तो तलवार से जानलेवा हमला किया। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने तकनीकी सहयोग से कुणाल पिता घनश्याम, विरेन्द्र पिता शंकरलाल व जयप्रकाश उर्फ प्रिन्स पिता गणेशलाल निवासी महाराज का अखाडा को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त जयप्रकाश उर्फ प्रिन्स व कुणाल के खिलाफ पूर्व में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हो अभियुक्त बदमाश प्रवृति के हैं। तीनो अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया। अभियुक्तों से अनुसंधान जारी है।

### अवैध कोडिन युक्त नशीली दवाईयों की 1048 शिशियां जब्त, एक अभियुक्त गिरफ्तार



**उदयपुर (पुकार)।** शहर की हिरणमगरी थाना पुलिस ने अवैध कोडिन युक्त नशीली दवाईयों की 1048 शिशियां की जब्त, एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी भरत योगी ने बताया कि अवैध मदाक पदार्थो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रवीण कुमार पुत्र श्री उदाजी निवासी गांव सेमाल पुलिस थाना सलूम्बर जिला सलूम्बर के कब्जे से कुल 09 कार्टूनों में 1048 प्लास्टिक की शिशियां जब्त कर अभियुक्त को बाद पुछताछ गिरफ्तार किया गया। मौके पर औषधी नियन्त्रण अधिकारी कुलदीप सिंह एवं श्रीमती नेहा बंसल को भी बुलाया गया।

## लेकसिटी में मौसम हुआ सुहाना, 12 मई तक बारिश के आसार

### तापमान में गिरावट से लोगों को गर्मी से राहत, कुछ जगहो पर हुई बूंदाबांदी

**उदयपुर (पुकार)।** लेकसिटी में मौसम राहत दे रहा है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शुक्रवार को शहर में अलग-अलग जगहों पर बूंदाबांदी हुई। जिससे मौसम में नमी बढ़ी और तापमान बढ़ने के बावजूद गर्मी का असर कम महसूस हुआ।

लोगों को भीषण गर्मी की जगह हल्की ठंडक का अनुभव हुआ, जिससे दिनचर्या में कुछ राहत महसूस की गई। शुक्रवार की सुबह कुछ समय के लिए लेकसिटी में धूप दिखाई दी लेकिन सूर्य की तपिश ज्यादा तीव्र नहीं रही। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, लेकसिटी में 12 मई तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा।

इस दौरान बादल, हल्की बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। इससे लोगों को हीट वेव जैसी परेशानियों से राहत मिल सकती है। किसानों और आमजन के लिए यह स्थिति अनुकूल मानी जा रही है। हालांकि, 12 मई के बाद मौसम में बदलाव की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि इसके बाद तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। यानी अधिकतम तापमान 37-38 डिग्री तक पहुंच सकता है। इससे गर्मी की तीव्रता में भी बढ़ोतरी हो सकती है और लू चलने की आशंका भी जताई जा रही है।

### 11 मई को खटीक समाज का होने वाला महाकुंभ व परिचय सम्मेलन स्थगित, अब 8 जून को प्रताप गौरव केंद्र में होगा

**उदयपुर (पुकार)।** श्री खटीक समाज राष्ट्रीय एकता मंच कार्यकारिणी की आपात बैठक शुक्रवार को थुर स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकरलाल चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संस्थापक अध्यक्ष शंकरलाल चौहान ने बताया कि श्री खटीक समाज राष्ट्रीय एकता मंच की ओर से 11 मई को होने वाले समाज के महाकुंभ व परिचय सम्मेलन स्थगित कर दिया है। चौहान ने बताया कि टाईगर हील स्थित प्रताप गौरव केन्द्र सभागार में होने वाले समाज के आयोजन हो भारत-पाकिस्तान में जारी युद्ध को देखते हुए राष्ट्रहित में इस आयोजन को अभी स्थगित किया गया है। सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने आपस में चर्चा कर निर्णय लिया कि अब यह कार्यक्रम आगामी 8 जून रविवार को प्रताप गौरव केन्द्र सभागार में ही आयोजित होगा। चौहान ने बताया कि देश में चल रहे युद्ध को देखते हुए देशहित में यह निर्णय खटीक समाज की अहम पहल साबित हुआ। जो यह कार्यक्रम में 11 मई को होने वाला था वह अब 8 जून रविवार को आयोजित होगा।

बैठक में श्री खटीक समाज राष्ट्रीय एकता मंच के अध्यक्ष शंकर लाल चौहान, राष्ट्रीय महासचिव सचिव सीपी चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन डिडवानीया, रवि डिडवानीया, दिनेश पलाना, रतन खींची नाहर मंगरा, देहात जिला अध्यक्ष शंकरलाल चावला, प्रदेश अध्यक्ष गोवर्धन पहाडिया, देहात जिला मीडिया प्रभारी बीसी खटीक गोगुंदा ओगणा अध्यक्ष सोहन खटीक, राजेश सुयल ओगणा, प्रकाश सुयल, जामुन चौहान, रोहित चौहान, दिनेश चौहान पडावली, जगदीश सामरिया, नरेश खटीक गोगुंदा, नरेश चावला गोगुंदा, टोनी खटीक गोगुंदा, किशन खटीक गोगुंदा, गोपाल चावला गोगुंदा, प्यार चंद बोरीवाल, तुलसी राम दायमा, भगवती लाल डिडवानिया, राजेश बागडी, रतन खींची, पवन बोरीवाल मावली, नरेश दायमा आयड़ व राजाराम चौहन थुर आदि कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

## कोर्ट में कार्यरत लिपिक के साथ बदमाशों ने मारपीट कर की लूटपाट

**उदयपुर (पुकार)।** झाडोल कोर्ट में कार्यरत लिपिक जो अपनी माता को लेने जा रहा था उसके साथ कुछ बदमाशों ने मारपीट कर घायल कर दिया और पैसा लूट ली।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसीजेएम कोर्ट झाडोल के लिपिक दूल्हेसिंह पुत्र बाबूसिंह निवासी भारोडी गोगुन्दा ने रिपोर्ट दी कि प्रार्थी 8 मई को कार्यालय से समय के बाद अपनी माताजी को लेने ओगणा की तरफ जा रहा था कि अचानक बारिश आ जाने से मोहम्मद फलासिया के पास एक उचित मुल्य की दुकान के पास एक मकान के बाहर खड़ा था। जहां पहले से दो महिलाएं एवं तीन आदमी खडे थे। मै और ओगणा थाने में तैनात अशोक वहां रूके तथा बारिश बंद होने के बाद हम वहां से निकल गए। वहां रूके तब हमने कुछ बाते की तथा एक आदमी से अपना परिचय भी पूछा जिसने अपना परिचय बिना अपना नाम बताये एमपी का होना बताया। जैसे ही हम वहां से निकले तो थोडे आगे चलने के बाद एक व्यक्ति ने मेरे गाडी को रूकवाया तथा गाली गलौच करने लगा तथा फोन करके 15-20 आदमियों को और बुला दिया, जो की बिना नम्बर की गाडियां लेकर आए थे। जिसने मेरे से मेरी बाईक व मोबाईल तथा जेब से 4350 रूपये निकाल लिए। उसके बाद मैने उनसे कहा कि मुझे मेरी माताजी को लेने जाना है तथा मै झाडोल कोर्ट में हूँ तो उन्होने बोला कि वकील हो तो और मारो। फिर कुछ लोगो ने मुझे मारा व मेरे सिर से हेलमेट निकाल कर बोले की हेलमेट क्यो लगाता है। फिर मैने बोला कि मै वकील नही हूँ कोर्ट का कर्मचारी हू तो बोला कि डीवाईपीटीवाई साहब से बात करवाओ तो मैने बोला मेरे पास उनके नम्बर नही है। मै बोला कोर्ट मुंशी से बात करवा सकता हूं तो फिर एक मुकेश नाम के आदमी ने बोला बाघपुरा थानाधिकारी करणाराम से बात करवा तो मैने बोला वो तो चले गए। अभी तो दूसरे साहब है फिर भी उन्हने करणाराम से बात की तथा एक बार मुझे बोला वहां से भागने के लिए कहा। मैने भी बीच-बचाव करते हुए वहां से निकल गया। फिर मैने वापस बात की तो एक ने बोला पैसों से तो पार्टी करेंगे बाकी गाडी और मोबाईल दे दिए। इन व्यक्तियो द्वारा मुझे मारने पर गर्दन व ललाट पर चोटें आई और सभी ने शराब पी रखी थी। रिपोर्ट पर झाडोल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में ओडिसी नृत्य की 'नृत्याकृति' आज

**उदयपुर (पुकार)।** नृत्योर्मि स्कूल ऑफ ओडिसी का वार्षिक उत्सव नृत्याकृति शनिवार को शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में शाम 7 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में ओडिसी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय शास्त्रीय कला की समृद्ध परंपरा का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क है। इस वर्ष के आयोजन में प्रतिभाशाली छात्रों, समर्पित शिक्षकों और संस्थान की निदेशक कृष्णेंदु साहा द्वारा तैयार की गई कई ओडिसी नृत्य रचनाएँ प्रस्तुत की जाएंगी। ये प्रस्तुतियाँ ओडिसी नृत्य की भावपूर्ण भंगिमाओं, लयबद्ध ताल और गहन अभिव्यक्ति का एक अनूठा संगम होंगी।

### सत्तरभेदी पूजा व ध्वजा परितर्वन आज

**उदयपुर (पुकार)।** श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्वावधान में 100 फिट रोड स्थित आदिनाथ भगवान मंदिर में शनिवार 10 मई को सत्तरभेदी पूजा व ध्वजा परितर्वन का आयोजन होगा। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर एवं कार्यक्रम संयोजक सुबह 7.45 बजे पूजा एवं ध्वजा परिवर्तन होगी जिसमें सत्तरभेदी की पूजा पढ़ाई जाएगी। आयोजन के बाद नवकारसी का आयोजन किया जाएगा।

## प्रताप के हाथ में तिरंगा, आरती और सेना के सम्मान से गूंजा आलोक संस्थान

### महाराणा प्रताप जयंती पर 'राष्ट्र स्वाभिमान दिवस' के रूप में अनूठा आयोजन



**उदयपुर (पुकार)।** पूरे देश में जहां महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा व सम्मान से मनाई जा रही है, वहीं उदयपुर के आलोक संस्थान परिसर में शुक्रवार को अद्वितीय आयोजन देखने को मिला। यहां महाराणा प्रताप की जयंती को 'राष्ट्र स्वाभिमान दिवस' के रूप में मनाया गया एक पहल, जो विगत 12 वर्षों से शिक्षा-प्रेरित राष्ट्रभक्ति का संदेश दे रही है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक, शिक्षाविद एवं 'महाराणा प्रताप – The First Freedom Fighter फिल्म के निर्माता डॉ. प्रदीप कुमावत ने प्रताप को राष्ट्रगौरव से जोड़ते हुए उनके हाथ में तिरंगा ध्वज देकर प्रताप की आरती की और पुष्पांजलि अर्पित की। यह दृश्य उपस्थित जनसमूह के लिए भावविभोर कर देने वाला रहा।

डॉ. कुमावत ने कहा, 'ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया को जब प्रताप जयंती होती है, तब विद्यालयों में अवकाश रहता है। इसी कारण हमने 9 मई को 'राष्ट्र स्वाभिमान दिवस' के रूप में मनाने की परंपरा शुरू की ताकि छात्र-छात्राएँ प्रताप के जीवन से प्रेरणा ले सकें। ' इस अवसर पर आलोक इंटरेक्ट् क्लब फतेहपुरा के तत्वावधान में 16 विद्यालयों के लगभग 1000 छात्रों ने 'महाराणा प्रताप जीवन-गाथा परीक्षा' में भाग लिया, जिससे छात्रों में प्रताप के जीवन दर्शन के प्रति समझ और सम्मान विकसित होडॉ. कुमावत ने आगे कहा कि हल्दीघाटी के रणबांकुरे महाराणा प्रताप और आज की

भारतीय सेना दोनों राष्ट्र की रक्षा में अद्वितीय प्रतीक हैं। उन्होंने महाराणा प्रताप की जयन्ती को हर विद्यालय में अनिवार्य रूप से 'राष्ट्र स्वाभिमान दिवस' के रूप में मनाए जाने की मांग राजस्थान के मुख्यमंत्रीभजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर की है। कार्यक्रम में छात्रों ने 'जय हिन्द', 'जय महाराणा प्रताप', 'जय भारत माता' और 'वन्दे मातरम्' जैसे नारों से वातावरण को देशभक्ति से गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शशांक टांक ने अतिथियों का स्वागत किया और प्रतीक कुमावत ने आभार व्यक्त किया।

## जमीन विवाद में दम्पति पर हमला कर किया घायल

**उदयपुर (पुकार)।** जमीन विवाद में एक पिता और पुत्र ने एक घर पर जाकर पति और पत्नी के साथ मारपीट कर घायल कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनसार अरविन्द पुत्र पाबुरा खोखरीया निवासी बोर्डीकला कोटडा ने रिपोर्ट दी कि 7 मई शाम 6 बजे प्रार्थी व मेरी पत्नी अंतरी देवी दोनों घर पर थे। दीवा पुत्र जगला खोखरिया निवासी बोर्डी कलां इसका पुत्र वीना व सला के साथ मेरे घर पर आया और मुझे धमकी देने लगे। मैं जैसे ही घर से निकला तो दिवा ने लाठी से वार कर मेरे कान पर, मेरे हाथ पर व मेरी पीठ पर गंभीर चोटे पहुचांई। मेरा बीच बचाव मेरी पत्नी अंतरी कराने आई तो मेरी पत्नी अंतरी के साथ भी दीवा ने मारपीट की, जिससे उसके हाथ फेक्चर हो गया है। फिर मेरा साला राजू ने बीच-बचाव कराया। आरोपियों ने बिना वजह जमीन का विवाद कर हमारे साथ लाठी से मारपीट कर जान से मारने का प्रयास किया। यह जमीन हमारे पिता की खातेदारी है। रिपोर्ट पर कोटड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक पर लट्ठ से हमला कर किया घायल

**उदयपुर (पुकार)।** कुछ दिनों पूर्व हुए एक्सीडेंट के विवाद को लेकर एक युवक ने एक के साथ ल- से मारपीट कर दी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुष्पेंद्र सिंह पुत्र स्व. चतरसिंह निवासी वरडा बड़गांव ने रिपोर्ट दी कि 7 मई को 10 बजे मैं घर वरडा जा रहा था कि मैं सती चौराहा पहुंचा, वहां पहले से तेजसिह मोजावत निवासी वरडा खड़ा था, जिसने मुझे रोका और पूर्व में हुए एक्सीडेंट की बात को लेकर मुझे रोक मेरे साथ लट्ठ से मारपीट की, जिससे मेरे पीठ व हाथ पर चोट आई। उस समय अरविंद सिंह सुआवत व राजेंद्र सिंह देवड़ा निवासी तितरडी ने बीच बचाव कर मुझे छुड़ाया। उसके बाद तेजसिह मुझे जान से मारने की धमकियां देखकर भाग गया। रिपोर्ट पर बड़गांव थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भारत – पाकिस्तान तनाव के चलते अग्निशमन विभाग की 9 फायर ब्रिगेड गाडिया उदयपुर से बाडमेर के लिए रवाना

**देशभक्ति के नारे लगाते हुए आगे बढ़े**

**उदयपुर (पुकार)।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए उदयपुर से अग्निशमन विभाग ने 9 फायर की गाड़ियां बाड़मेर भेजी है। इन गाड़ियों को लेकर स्टाफ रवाना हुआ। उससे पहले देशभक्ति के नारे लगाते हुए आगे बढ़े। शहर के अशोक नगर स्थित मुख्य फायर स्टेशन से गुरुवार रात करीब ढाई बजे 9 गाड़ियों की टीम रवाना हुई। इससे पहले कैंपस में चीफ फायर ऑफिसर बाबूलाल चौधरी ने बाड़मेर जा रहे स्टाफ के सदस्यों में जोश भरा। उन्होंने टीम को संबोधित करते हुए कहा- वहां सेना और पुलिस के साथ मिलकर सहयोग करना है। बाड़मेर में किसी भी आपात स्थितियों के निपटने के लिए बखूबी अपना फर्ज निभाना है। चौधरी ने बताया- यहां से 9 फायर गाड़ियां संसाधन से लैस होकर रवाना हुई। उन्होंने सदस्यों से कहा- पैनिक होने की जरूरत नहीं है। हमें देश की सेना और पुलिस के साथ सहयोग करना है।

इससे पहले 9 ही गाड़ियों के रवाना होने से पहले चौधरी ने टीम के सदस्यों के बीच भारत माता की जयकारों के नारे लगवाए और उनमें जोश भरते हुए उनको बाड़मेर के लिए रवाना किया। उन्होंने बताया-यहां से हर गाड़ी के साथ फायरमैन और चालक साथ है। अन्य स्टाफ जयपुर मुख्यालय से भी भेजा जा रहा है। उदयपुर में बैकअप के लिए भी अन्य गाड़ियां की व्यवस्था कर ली है। इसके तहत बांसवाड़ा से गाड़ी मंगाई है और बाकी नारायण सेवा संस्थान, आरएसएमएम और जिंक से भी सहयोग लिया जाएगा और इसके लिए बात हो गई है।

**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**

टाउनहॉल लिंक रोड उदयपुर (राज.) 313001

दुरभाष स.0294-2414165, 2421255, 2420013 Helpline no. 0294 2426262 ई.मेल commudr@gmail.com, garage.umc21@gmail.com

क्रमांकः– गैराज/ननिउ/2025–26/141 दिनांकः– 08.05.2025

**अल्पकालीन (ई–भुगतान) बोली आमन्त्रण सूचना संख्या – ई04 /2025–2026**

नगर निगम उदयपुर के विभिन्न प्रकार के LM/HM वाहनों के संचालन हेतु वाहन चालक एवं ऑपरेटर/हेल्पर उपलब्ध कराने का कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसकी अनुमानित लागत 98.82 लाख रू. है। बिड से संबंधित विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं। निविदा की प्रारंभ तिथि 08.05.2025 तथा अंतिम तिथि 15.05.2025 है।

UBN NO. UNP2526SLRC00022

अधिशाषी अभियन्ता (यांत्रिक) नगर निगम उदयपुर

आयुक्त नगर निगम उदयपुर

राज.संवाद/सी/25/2039

# सम्पादकीय

## सतर्कता और रणनीति

भारत ने पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर व पाकिस्तान में सिर्फ आतंकी शिविरों तक सटीक सैन्य कार्रवाई को अंजाम दिया था, जिसको लेकर गुरुवार को विपक्ष ने सरकार के साथ एकता और संकल्प का परिचय दिया। हालांकि, दोनों देशों के बीच उच्चस्तरीय तनाव कायम है। पाकिस्तान ने सभी कायदे कानून ताक पर रखकर नागरिकों व सार्वजनिक स्थलों को निशाना बनाना जारी रखा है। हालांकि, भारत ने मजूबत सुरक्षातंत्र के बूते अपने पंद्रह शहरों पर दागी गई लक्षित मिसाइलों को बेअसर कर दिया है। प्रतिक्रिया स्वरूप भारत ने पाक के कुछ सैन्य ठिकानों व लाहौर की प्रमुख वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ने स्थिति की गंभीरता को ही रेखांकित किया। इस स्थिति को बेहद संवेदनशील बताते हुए उन्होंने संस्थागत तालमेल और नागरिक सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर बल दिया। दरअसल, इस स्थिति में सरकार की प्राथमिकताओं में नागरिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना, गलत सूचनाओं का मुकाबला करना और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा करना और किसी भी हमले का तत्परता से मुकाबला करना शामिल है। निस्संदेह, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल और परिचालन में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिये मंत्रालयों को निर्देश साइबर हमलों और गलत सूचना अभियानों सहित हाइब्रिड खतरों की एक गंभीर समझ को ही दर्शाता है। गुरुवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा सर्वदलीय बैठक में विस्तृत जानकारी देना इस दिन का महत्वपूर्ण घटनाक्रम था। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में कम से कम सौ आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि की। विपक्ष खासकर कांग्रेस और एआईएमआईएम ने सराहनीय परिपक्वता दर्शायी। वे तमाम राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर राष्ट्रीय हितों के साथ खड़े नजर आए। राजनीतिक सहमति का यह दुर्लभ क्षण घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को एक सशक्त संदेश देता है। यह भी कि जब भी भारत की संप्रभुता को चुनौती मिलती है इसका राजनीतिक ताना-बाना और मजबूत होता है। जबकि, तनाव की तसवीर अभी डराने वाली हैं। जिसको हल्के में नहीं लिया जा सकता।

हालांकि, भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि उसका इरादा तनाव बढ़ाने का नहीं है। लेकिन जवाबी कार्रवाई के लिये पूरी तरह तैयार है। इसलिए रणनीतिक संयम को विश्वसनीय प्रतिरोध के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। निस्संदेह,अब सामरिक जीत से हटकर रणनीतिक स्थिरता पर जोर दिया जाना चाहिए। आने वाले दिनों में नागरिक सुरक्षा, कूटनीतिक संदेश और आंतरिक सुरक्षा पर लगातार ध्यान देने की आवश्यकता होगी। भारत को सुरक्षा प्राथमिकताओं से समझौता किए बिना वैश्विक भागीदारों को जानकारी देना जारी रखना चाहिए। साथ ही अपने नागरिकों से पारदर्शिता बनाए रखनी चाहिए। निस्संदेह, ऑपरेशन सिंदूर के जारी रहने के बावजूद, एकीकृत राजनीतिक रुख और संस्थागत सतर्कता बाहरी खतरों के सामने लोकतांत्रिक लचीलेपन का एक आदर्श प्रस्तुत करती है। इसके अतिरिक्त देश के सीमावर्ती इलाकों के ग्रामीण की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से बौखलाए पाकिस्तान ने हताशा में जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर मौत और विनाश का तांडव मचाया है। पुंछ सेक्टर में भारी गोलाबारी में 13 नागरिकों की जान चली गई। वहीं सीमावर्ती इलाके के गांवों में बड़ी संख्या में घर क्षतिग्रस्त हो गए। पाकिस्तान ने पहलगाम हमले के बाद उस संघर्ष विराम का उल्लंघन कर दिया है जिसे 2021 में नये सिरे से लागू किया गया था। पाकिस्तान सेना ने बेशर्मी से नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया है। जबकि भारतीय सेना ने अपनी जिम्मेदारी के साथ हमलों को पाकिस्तान और पीओके में आतंकी बुनियादी ढांचे के स्थलों तक ही सीमित रखा था। यह तय है कि भारत की सधी और नियंत्रित कार्रवाई ने पाक के साथ-साथ उसके क्षेत्र से संचालित होने वाले आतंकी संगठनों को हिलाकर रख दिया है। निस्संदेह, भारत ने पड़ोसी पाक को बता दिया है कि भारत आतंकवाद के प्रति शून्य साहिष्णुता रखता है, लेकिन साथ ही हमें एलओसी व सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही विस्थापित परिवारों की निकासी और अस्थायी पुनर्वास प्रशासन व सुरक्षा बलों की प्राथमिकता होनी चाहिए। पूरे देश को सीमावर्ती ग्रामीणों के साथ एकजुटता से खड़ा होना चाहिए, जो पाक की नापाक हरकतों के कारण पहले से कहीं अधिक असुरक्षित हैं। ये हमारे सुरक्षा बलों की आंख-कान के रूप में काम करते हैं।

### गारमेंट मैन्युफैक्चर एसोसिएशन ने की पुलिस सत्यापन प्रक्रिया को सुगम करने की मांग

# पुलिस की आकस्मिक कार्यवाही से निर्दोष श्रमिकों का हो रहा पलायन, जिला पुलिस अधीक्षक सौपा ज्ञापन



**भीलवाडा (पुकार)।** औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों में रोहिंग्या-बांग्लादेशीयो की पहचान के लिए पुलिस प्रशासन के दस्तावेज सत्यापन अभियान को लेकर की जा रही आकस्मिक कार्वाई से पश्चिम बंगाल क्षेत्र सहित अन्य राज्यों के निर्दोष व ईमानदार फैक्ट्री श्रमिकों में भय व्याप्त हो रहा हैं। पुलिस सहित उद्यमियों को भी संदेह है कि श्रमिकों में बांग्लादेशी या रोहिंग्या मुस्लिम भी शामिल हो सकते हैं। लेकिन रोजी रोटी कमाने बाहर से आए बेकसूर श्रमिकों को पहचान के नाम पर नाजायज परेशान करना कतई न्यायोचित नहीं है। गारमेंट मैन्युफैक्चर एसोसिएशन (रजि.) के सदस्य दिनेश सुवालका ने बताया कि पुलिस व प्रशासन द्वारा भारत सरकार की गाइडलाइन के तहत औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों का पहचान सत्यापन किया जा रहा हैं, ओर उद्यमियों द्वारा पूरी तरह से प्रशासन का सहयोग भी किया जा रहा है, परंतु पुलिस द्वारा बिना पूर्व सूचना के इकाइयों में कार्यवाही की जा रही है, इससे निर्दोष व ईमानदार भारतीय नागरिकता प्राप्त श्रमिको में दहशत व्याप्त हो रही हैं। इसका प्रभाव फैक्ट्रियों के उत्पादन पर पड़ रहा है। कई श्रमिक भीलवाड़ा से पलायन कर रहे हैं। इस संदर्भ में गारमेंट मैन्युफैक्चर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा व नगर निगम महापौर राकेश पाठक के नेतृत्व में जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर दस्तावेज प्रकिया को सुगम कराने की मांग की गई। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र कुमार एवं एडिशनल एसपी पारसमल जैन ने आश्वस्त किया कि उद्योग बिना श्रमिक के नहीं चल सकते अतः पश्चिम बंगाल के जो भी श्रमिक हैं वह भारतीय हैं उनके साथ किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा परंतु पश्चिम बंगाल के आधार कार्ड पर कोई रोहिंग्या या बांग्लादेशी मुस्लिम फैक्ट्री में कार्यरत है तो उसे नहीं बक्शा जायेगा। पुलिस अधीक्षक ने उद्यमियों का आह्वान किया है कि एक प्रारूप में आपके यहां काम कर रही लेबर की पूर्ण जानकारी पुलिस को दें, ताकि हम गहनता से जांच कर पाए। प्रशासन की मंशा उद्यमियों को नाजायज परेशान करने की बिल्कुल नहीं है। ज्ञापन के दौरान गारमेंट मैन्युफैक्चर एसोसिएशन के गणेश मालू, सुनील मेहता, विनीत बंसल, दिनेश गगरानी, विशाल बाहेती, दिनेश खाब्या, मुरली तिवारी, राम प्रकाश जागेटिया, दीपक ददलानी, सुरेंद्र स्वामी, रमेश जोशी, गजानंद, देवाराम, रवि सुखवाल उपस्थित थे।

# महाराणा प्रताप के त्याग व बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है- माया राठौड़

### श्री अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा महिला विंग ने गौ सेवा कर मनाई महाराणा प्रताप की जंयती



**भीलवाडा (पुकार)।** महाराणा प्रताप वीरता और वचन के एक अद्भुत मिसाल के प्रतीक हैं। महाराणा प्रताप की जीवनी को हर युवा को पढ़ने की जरूरत है। महाराणा प्रताप के त्याग व बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। देश को मजबूत बनाने में उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। यह बात श्री अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा महिला विंग की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया राठौड़ ने महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कही। इससे पुर्व श्री अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा महिला विंग टीम द्वारा श्रीमती राष्ट्रीय संरक्षिका रानी जया जूदेव, श्रीमती राष्ट्रीय अध्यक्ष भंवर कंवर शेखावत, प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा कंवर के निर्देशानुसार कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया राठौड़ के नेतृत्व मे महाराणा प्रताप की जंयती गौ सेवा कर मनाई गई। इस अवसर पर महिला मंडल द्वारा 80 मण चारा गौशाला के लिए भेंट किया गया। साथ ही पानी की टंकियां गायों के लिए व 21 पानी के परिंडे पक्षियों के लिए विभिन्न स्थानों पर बांधे गए। महाराणा प्रताप जिन्होंने अपने जीवन में त्याग बलिदान और जीव जंतु के प्रति करुणा का भाव रखा है। इस प्रकार की सेवा करने की गतिविधि का आयोजित करना उनके आदर्शों को प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान ललिता कंवर, पूजा कंवर, बबीता कंवर, अंजू मंडल, मोमिता मिश्रा सहित कई सदस्याए मौजूद रही।

## महाराणा प्रताप की जयंती पर मूर्ति का अनावरण को लेकर तैयारियां



**आकोला (पुकार)।** स्मरणीय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती 29 मई को भूपालसागर के मुख्य राजमार्ग बुल चौराहा पर मूर्ति का अनावरण किया जाना है। इस अनावरण कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शिरकत करेंगे। इसी कार्यक्रम को मध्य नजर रखते हुए कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर, पंचायत समिति भूपाल सागर के प्रधान हेमेंद्र सिंह राणावत ने कार्यक्रम स्थल का औचक निरीक्षण किया। विधायक जीनगर ने तहसीलदार, थानाधिकारी, राजस्व विभाग , लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, के सभी अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश देते हुए। सभा स्थल, बैठक व्यवस्था, को सुनियोजित एवं व्यवस्थित कार्यक्रम को संपन्न करवाने की संपूर्ण दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता लीलाधर जोशी, जिला मंत्री बलवंत सिंह ओस्तवाल, पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रताप सिंह भाटी, मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश मेनारिया, ग्राम पंचायत भूपाल सागर सरपंच प्यारचंद भील, राजेंद्र चंडालिया, पंचायत समिति सदस्य सुरेश गाडरी, तहसीलदार अपूर्व गौतम, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता हितेश मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें...

### श्री यश पावन तीर्थ बीगोद में रक्त दान शिविर आयोजित, 101 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित



**भीलवाडा।** श्री महावीर युवक मंडल सेवा संस्थान के तत्वाधान में सद्गुरुवर्या यश कंवर मसा के 10 वे पुण्य स्मृति दिवस पर श्री यश पावन तीर्थ बीगोद में रक्तदान व निशुल्क बीपी शुगर जांच शिविर आयोजित हुआ। मंडल के मंत्री मनीष बडोला ने बताया की शिविर में 101 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। रक्त का संग्रह अरिहंत हॉस्पिटल ब्लड टीम द्वारा किया गया। शिविर में श्री यश कंवर स्मृति सेवा संस्थान का सहयोग रहा। सहमंत्री राजकुमार लोढ़ा, कोषाध्यक्ष मुकुल सूर्या ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत नवकार महामंत्र उच्चारण से हुई। शिविर में कई युवाओं ने जोड़े से भी रक्तदान किया। मनीष बम्ब ने बताया की शिविर संयोजक महावीर बापना, पीयूष सूर्या, आशीष चौधरी, शौकीन डागा, राहुल डागा ने सभी रक्तवीरों की हौसला अफ़ज़ाई करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए।

### एक्शन टैसा द्वारा देशव्यापी उत्पादों की एक श्रृंखला के साथ मेगा कार्पेंटर्स मीटिंग का आयोजन

**भीलवाडा।** एक्शन टेसा भारत में एमडीएफ, एचडीएचएमआर, बॉइलो एवं पार्टिकल बोर्ड जैसे इंजीनियर्ड पैनल उत्पादों के सबसे बड़े निर्माता और लकड़ी पैनल उद्योग में अग्रिणी है। एक्शन टैसा ने देशव्यापी उत्पादों की एक श्रृंखला के साथ मेगा कार्पेंटर्स मीटिंग का आयोजन भीलवाड़ा के पीएफसी गार्डन मे किया गया। आयोजन में कम्पनी के रीजनल मैनेजर विजय गोयल एरिया सेल्स मैनेजर प्रहलाद सिह, शिवम कुमार एवं कम्पनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। लोगों को विजय गोयल ने संबोधित किया। मेगा मीट कार्यक्रम के आयोजन के माध्यम से एक्शन टेसा ने कार्यक्रम में शामिल हुए कार्पेंटर्स की कारीगरी को मान्यता देने के साथ-साथ उन्हे नए सिरे से उभरती तकनीकों एवं नवाचारी डिजाइन व तकनीकों के बारे में जानने का एक मंच प्रदान किया। पिछले एक दशक से कम्पनी इस तरह के आयोजनो के माध्यम से कारपेंटर्स के साथ निकटता बढ़ाते हुए कार्यरत है। इसके चलते बोर्ड एव लकडी के कामकाज उद्योग के बीच संबध और ज्यादा मजबूत हो रहा है। इस अवसर पर एक्शन टेसा कम्पनी के प्रबंध निदेशक अजय अग्रवाल के विडियो मैसेज के माध्यम से मार्गदर्शन किया। कारपेटर्स की स्थिति को ऊंचा उठाना और उनके कठिन परिश्रम एवं कारीगरी को पहचान दिलाना ही टेसा सलाम पहल का प्रमुख उदेश्य है।

### लायंस आई हॉस्पिटल में की ऑर्गेनिक छाछ वितरण




**भीलवाडा।** जीव मैत्री सेवा संस्थान, सुभाष नगर जैन श्री संघ के अध्यक्ष हेमंत कोठारी व अखिल भारतीय शांत क्रांति महिला मंडल की अध्यक्ष लीला कोठारी के सानिध्य में सुभाष नगर स्थित लायंस आई हॉस्पिटल में छाछ वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मनीष बम्ब ने बताया की लायंस आई हॉस्पिटल में आये मरीजों, परिजनों व राहगीरों को ऑर्गेनिक छाछ पिलाई गई जिसमें लायंस अस्पताल के डॉक्टर तथा नर्स और अस्पताल में कार्य करने वालों के सहयोग से छाछ वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत नवकार महामंत्र से की गई तथा डॉक्टर अंजू बोरिया को छाछ पिलाकर इसका शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम मे उपभोक्ता कल्याण समिति के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र मारू, जिला अध्यक्ष मनीष बम्ब, नेहा छाजेड़, सरोज छाजेड़, सीमा डाँगी, सरोज लोढ़ा, संगीता बापना, रूपा मेहता, कैलाश शर्मा ने भी शामिल हो कर सेवा का लाभ लिया। मनीष बम्ब ने बताया ये छाछ पिलाने का कार्यक्रम ग्रीष्म काल मे निरंतर चलता रहेगा। वही शनिवार को भी सुभाष नगर स्थित श्री राम मंदिर परिसर में आम जनों को श्री अखिल भारतवर्षीय शांत क्रांति जैन महिला संघ की सदस्याओं द्वारा छाछ प्रातः 10.30 बजे पिलाई जाएगी।

## प्रताप की 485 वीं जयंती पर आमेट ने किया नमन, भारतीय सेना अमर रहे के लगे नारे



**आमेट (पुकार)।** नगर में शुक्रवार शाम को महाराणा प्रताप की 485 वीं जयंती मनाई गई। पंचायत समिति परिसर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रताप जयंती का कार्यक्रम वीरवर पत्ता गौरव संस्थान और इतिहास संकलन समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर सहायक विकास अधिकारी सुनील त्रिवेदी और वीरवर पत्ता गौरव संस्थान के उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह चुंडावत ने माल्यार्पण किया। उसके बाद महाराणा प्रताप के जीवन के बारे में बताया गया कि किस तरह प्रताप ने मेवाड़ की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि प्रताप की 485वी जयंती हम सब मना रहे हैं। हम सभी को उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए कि हमें भी जब देश पर संकट आए तो एकजुट होकर राष्ट की अखंडता के लिए अपना तन मन और धन समर्पित करें। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप अमर रहे और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। कार्यक्रम में इन दिनों भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की जा रही कार्यवाही का गुणगान किया गया। भारतीय सेना अमर रहे के नारे से पंचायत समिति परिसर गूंज उठा। उसके बाद सभी ने प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया। इस दौरान वीरवर पत्ता गौरव संस्थान कोषाध्यक्ष मदन लाल पुरोहित, इतिहास संकलन समिति अध्यक्ष मुकेश सिरोया, भारत विकास परिषद सचिव गणपत लाल चौधरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष रमण कंसारा, सुरेश सोनी, जितेंद्र सिंह चुंडावत, अर्जुन सिंह चुंडावत , लाल सिंह चुंडावत, तेजपाल सिंह चुंडावत सहित संगठनों और स्वयंसेवी संस्थानों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# योग निद्राः त्वरित विश्राम और तनाव मुक्ति का अच्छा विकल्प- योग प्रशिक्षक गोविंद प्रसाद सोडानी



**भीलवाडा (पुकार)।** श्री केशव स्मृति सेवा प्रन्यास एवं काशीपुरी वकील कॉलोनी महेश समिति की ओर से योग क्लासेज सुबह 6 से 7 तक चित्तौड़गढ़ रोड स्थित सुजुकी एंक्लेव गार्डन में आयोजित की गई। योग प्रशिक्षक गोविंद प्रसाद सोडानी ने योग निद्रा का महत्व बताते हुए कहा कि योग निद्राः त्वरित विश्राम और तनाव मुक्ति का अच्छा विकल्प है। इसके अभ्यास के लिएपीठ के बल लेट जाएँ, पैर और हाथ ढीले छोड़ दें, आँखें बंद रखें। धीरे-धीरे अपने शरीर के प्रत्येक अंग को शिथिल करें, पैरों की उंगलियों से शुरू कर सिर तक और फिर वापस। शरीर का कोई भी हिस्सा छूटना नहीं चाहिए। यदि दिन में अभ्यास कर रहे हैं, तो नींद से बचें, सचेत रहें। यह विश्राम की गहरी अवस्था है, नींद कम करने की क्रिया है। व्यस्त व्यक्ति कुर्सी पर बैठे-बैठे भी इसका अभ्यास कर सकते हैं। दो से पाँच मिनट का अभ्यास भी थकान और तनाव दूर कर देगा। बौद्धिक कार्य करने वालों के लिए दिन में दो-तीन बार इसका अभ्यास लाभकारी है। आप चाहें तो पूरे शरीर को एक साथ शिथिल करने की विधि भी अपना सकते हैं।

बिस्तर पर लेटे हुए अनुभव करें कि आपका शरीर ढीला है और आप उससे अलग हैं। यह एक शक्तिशाली यौगिक अभ्यास है जो आपको कम समय में गहरा विश्राम प्रदान करता है।

# आमेट नगरपालिका के वार्ड 25 में बरसात से मार्ग हुआ क्षतिग्रस्त

### वार्डवासी ने अपने निजी खर्चे से करवाया दुरस्त



**आमेट (पुकार)।** नगर पालिकाआमेट के वार्ड नंबर 25 में बरसात से मार्ग क्षतिग्रस्त हो कीचड़ फैलने से राहगीरों को आने-जाने में हो रही बड़ी परेशानी से निजात पाने के लिए वार्डवासी मोहनलाल को अपनें निजी खर्चे से दुरुस्त करवाने पर मजबूर होना पड़ है। नगरपालिका आमेट के वार्ड नंबर 25 के मोहनलाल भोई माली ने बताया कि बरसात के समय में चन्द्र भागा नदी से वाडीया तालाब की जाने वाला कच्चा मार्ग क्षतिग्रस्त हो जानें से इस पर चारों ओर कीचड़ व गन्दगी के फेलने से आने-जाने वालें राहगीरों को ख़ासा परेशान होना पड़ता है। उक्त समस्या के समाधान हैतु वार्डवासीयो द्वारा कई बार नगर पालिका प्रशासन को अवगत करवाया गया है। परन्तु आज तक समाधान नहीं निकल पाया है। मोहनलाल भोई माली विकलांग है। कई बार कीचड़ में गिर चुके व उनके पिता भेरुलाल भोई माली की पिछ्ले दिनों 28/4/2025 को मर्त्यु होने से इन के घर पर आने-जाने के लिए मेहमानों ,समाज के लोगो का आना जाना बना हुआ हैं। लेकिन उनको कीचड़ के दल- दल से निकल कर आना पड़ रहा हैं। जिससे मजबूर होकर मोहनलाल ने इस क्षतिग्रस्त रोड़ पर अपने स्तर पर 50 ट्रॉली ग्रेवाल डलवाया है।जिसका खर्चा 75300 आयाहै।वार्डवासी छगनलाल,कैलाश,विनोद, भेरूलाल,गोपाल,भगवान लाल, प्रकाश चंद्र आदि ने नगरपालिका प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त करतें हुए प्रशासन से उक्त रोड़ को दुरस्त करवानें की मांग की।

## पबराणा में चामुण्डा माता मूर्ति स्थापना पर निकली कलश यात्रा



**आमेट (पुकार)।** तहसील के पबराणा गांव में समस्त ग्रामवासियों द्वारा चामुण्डा माता मूर्ति स्थापना कार्यक्रम किया जा रहा हैं । तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन महंत हंसदास महाराज व महंत नंदादास के सानिध्य में किया जा रहा हैं । प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा आश्रम पाबरना से प्रातः 9 बजे शुरू हुई। यात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर रखे थे। पुरुष व महिलाएं परम्परागत वेश भूषा में थे। यात्रा में डीजे आदि पर भक्ति गीत बज रहे थे। यात्रा 11 बजे मंदिर पहुंची। जहां विधि विधान से कलश पूजन किया गया। फिर यज्ञ में अग्नि प्रज्वलित कर आहुतियां दी। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आचार्य पंडित नंदलाल पालीवाल के सानिध्य में विद्वान ब्राह्मनो द्वारा दी जा रही हैं। महोत्सव को लेकर मंदिर पर आकर्षक सजावट की गई है। प्राणप्रतिष्ठा शुक्रवार प्रातः 5 बजे होगी। फिर महाआरती व प्रसाद होगी।

# आमजन डरे नहीं, लेकिन सतर्क और जागरूक रह कर सरकार का सहयोग करें : असवा

- हर हाल में सुनिश्चित हो पर्याप्त रसद
- अस्पतालों में 24 घंटे उपलब्ध रहें चिकित्सक, एम्बुलेंस, दवाइयाँ और संसाधन
- हर परिस्थिति में आमजन की सुरक्षा को लेकर पुलिस सदैव तत्पर : त्रिपाठी
- आमजन सोशल मीडिया पर भ्रामक और झूठी सूचनाओं से बचें और न करें फॉरवर्ड
- कलक्टर बालमुकुंद असावा और एसपी मनीष त्रिपाठी ने वर्तमान परिस्थिति के मध्यनजर ली बैठक
- विपरीत स्थितियों से निपटने के लिए प्रशासन और पुलिस ने बनाया एक्शन प्लान





**राजसमंद (पुकार)।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बालमुकुंद असावा तथा पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर वर्तमान स्थितियों के मध्यनजर आपदा की संभावित स्थितियों से निपटने के लिए विभिन्न विभागों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को समन्वय के साथ तुरंत प्रभाव से कार्य योजना तैयार करने को कहा ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित व प्रभावी राहत व बचाव कार्य सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, एएसपी महेंद्र पारीक, एसडीएम बृजेश गुप्ता, डीएसपी विवेकसिंह सहित आपदा और राहत संबंधी सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिला कलक्टर असावा ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए हम सभी को देश के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करना है, आमजन पेनिक नहीं हो, घबराए नहीं और उन्हें हम समय पर राहत दे पाएं यह प्रशासन का दायित्व है। सभी अधिकारी आमजन को एयर रेड से बचने के उपायों और एक नागरिक होने के नाते उनके दायित्वों से अवगत कराएं। सभी विभाग सौंपी गई जिम्मेदारी का अक्षरशः निर्वहन करें। सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक, झूठी और निराधार सूचना दिखाई देने पर तुरंत सूचित करें और किसी भी गलत सूचना को अपनी ओर से फॉरवर्ड नहीं करें। जिला कलक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि आपदा प्रबंधन हेतु आपसी समन्वय और तत्परता बनाए रखेंए जिससे किसी भी आपात स्थिति में आमजन को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके। एसपी मनीष त्रिपाठी ने कहा कि विपरीत परिस्थितियां उत्पन्न होने पर प्रभावित क्षेत्रों में हमें भी मदद के हाथ बढ़ाने पड़ सकते हैं, ऐसे में सभी अधिकारी संसाधन तैयार रखें, हर समय अलर्ट रहें और टीम को मजबूत रखें। जिले में रसद की कमी न हो, पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित हो, अस्पतालों में संसाधन पर्याप्त हों। रक्तदाताओं की सूची भी तैयार रखें ताकि जरूरत पड़ने अन्य स्थानों पर जाकर मदद की जा सके। कोई भी फेक न्यूज सामने आने पर तुरंत अवगत कराएं। ऐसे निर्देश जो हर व्यक्ति के लिए जरूरी है, वे पुलिस की व्यापक सूचना प्रणाली के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाए जा सकते हैं। पुलिस विभाग आमजन की सुरक्षा को लेकर सदैव तत्पर है।

**गांवों तक हो प्रभावी अनाउंसमेंट सिस्टम**

बैठक में जिला कलक्टर ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा को पंचायत एवं ग्राम स्तर पर सरकार द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की पूर्ण जानकारी रखनें, आपदा की स्थिति में सहयोग के लिए सक्षम नागरिकों की सूची तैयार करने, ग्राम स्तर पर भी अनाउंसमेंट की व्यवस्था करने तथा राहत कार्य के लिए उपयुक्त स्थानों का चिन्हीकरण करने को कहा गया।

**पर्याप्त रसद हो सुनिश्चित**

असावा ने संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेटों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील स्थलों की सूची अद्यतन कर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था करने को कहा गया। जिला रसद अधिकारी को खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने और आवश्यक वस्तुओं के अनावश्यक भंडारण पर रोक लगाने की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही उन्हें निर्देश दिए कि हॉलसेलर्स को स्टॉक बनाए रखने के लिए पाबंद करेंए साथ ही कालाबाजारी जैसी गतिविधि किसी भी हाल में न हो।

**सभी एम्बुलेंस 24 घंटे तत्पर रहें, दवाओं और रक्त की न हो कमी**

सीमएचओं डॉ हेमंत कुमार बिंदल को कलक्टर ने कहा कि हर अस्पताल में 24 घंटे चिकित्सक और मेडिकल स्टाफ उपलब्ध रहें, अगर कोई अवकाश पर हो तो उन्हें वापिस बुला लें। समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाइयों, डॉक्टरों, उपकरणों और स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने, ब्लड बैंक में सभी रक्त समूहों के रक्त की पर्याप्त मात्रा बनाए रखने के निर्देश दिए। अस्पतालों में ब्लैक आउट संभव नहीं होता ऐसे में परदों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दोनों राजसमंद एवं नाथद्वारा जिला चिकित्सालय सहित सभी उप जिला चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी, उप स्वास्थ्य केंद्रों पर निर्देशों की अनुपालना कराने की बात कही।

**पानी-बिजली आपूर्ति से आमजन न हो वंचित**

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसई रामवतार सैनी को आपात स्थिति में आमजन के लिए पेयजल व्यवस्था तथा अजमेर विद्युत वितरण निगम को विद्युत आपूर्ति बनाए रखने एवं राहत शिविरों में बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। नगर परिषद राजसमंद एवं समस्त नगर पालिकाओं के आयुक्त तथा अधिशाषी अधिकारियों को अग्निशमन सेवाएं, संचार प्रणाली, सायरन, पब्लिक एड्रेस सिस्टम आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा धर्मशालाओं व सामुदायिक भवनों को राहत कार्य के लिए चिन्हित कर आवश्यक व्यवस्थाएं करने को कहा गया। जिलेभर में धार्मिक स्थलों मौजूदा अनाउंसमेंट सिस्टम की सूची तैयार करने और व्यक्त पड़ने पर उपयोग में लेने के निर्देश दिए।

**उपयोगी भवनों को तुरंत करें चिन्हित**

सार्वजनिक निर्माण विभाग को राहत के दौरान उपयोगी भवनों की पहचान, नियंत्रण कक्ष की स्थापना एवं आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। तहसीलदार व विकास अधिकारियों को भी संचार सेवाएं कार्यशील रखनें, सायरन प्रणाली सुनिश्चित करने तथा राहत केंद्रों को चिन्हित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला दूरसंचार प्रबंधक को जिले में संचार सेवाएं सुचारू रखने तथा सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी को भ्रामक खबरों पर रोक लगाने और पब्लिक एड्रेस सिस्टम से समय-समय पर सरकार द्वारा जारी आवश्यक सूचनाएं प्रसारित करने को कहा गया।

**सूचना तंत्र रहे मजबूत, समन्वय रखें**

शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा एसआरके कॉलेज के प्राचार्य को राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी व अन्य स्वयंसेवी संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा विद्यालय भवनों की अस्थायी अस्पताल या राहत केंद्र के रूप में उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सूचना विज्ञान अधिकारी (एनआईसी) एवं आईटी विभाग को आधुनिक संचार तंत्र स्थापित करने में सहयोग देने एवं राष्ट्रीय व राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र को आपात स्थिति में होमगार्ड की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### अणुव्रत संगोष्ठी का आयोजन

**राजसमंद(पुकार)।** अणुव्रत समिति की ओर से शुक्रवार को अणुव्रत सेवी जीतमल कच्छारा, अणुव्रत सेवी मदन धोका, अणुव्रत समिति अध्यक्ष एडवोकेट अचल धर्मावत की अध्यक्षता में जेके गार्डन में अणुव्रत पर चर्चा की गई। जिसमें इस बार चुनाव/मनाव 30 जून के पहले कराने पर विचार किया गया। अणुव्रत से संत, प्रबुद्ध वर्ग के व्यक्ति, शिक्षा जगत, सेवा सहयोग से इस आन्दोलन को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। चर्चा में अणुव्रत प्रबोधन कार्यशाला, अणुव्रत क्रिएटीविटी कान्टेस्ट, मेरा थैला मेरी सहेली, कपड़े की थैली से पर्यावरण सुधार, वृक्षारोपण, निबन्ध, कविता आदि प्रतियोगिता इस माहौल में विश्व शान्ति की भावना रखना आदि विषयों पर विशेष मंथन हुआ। इस दौरान जीतमल कच्छारा, मदन धोका, अचल धर्मावत, काशीराम पालीवाल, प्रहलाद चारण, पूरणमल सांखला, लेहरसिंह बाबेल आदि उपस्थित थे। आभार अध्यक्ष अचल धर्मावत ने ज्ञापित किया।



### महावीर इन्टरनेशनल त्रिशला ने गर्भवती महिलाओं को वितरित किए पोषण आहार एवं बेबी किट

**राजसमंद(पुकार)।** महावीर इन्टरनेशनल त्रिशला की ओर से शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर कांकरोली स्थित कमला नेहरू चिकित्सालय में चिकित्सा प्रभारी डॉ भूपेश परतानी की अध्यक्षता में एक सेवा प्रकल्प आयोजित किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार और नवजात शिशुओं के लिए बेबी किट वितरित किए गए। इस अवसर पर पदाधिकारियों व




चिकित्सकों की मौजूदगी में गर्भवती महिलाओं को 40 गुड़-गोला और चने वितरित किए गए, जो उनके स्वास्थ्य के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करेंगे। इसके पश्चात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ममता प्रजापत की अध्यक्षता में 50 बेबी किट वितरित किए गए। डॉ प्रजापत ने गर्भवती महिलाओं को नवजात बच्चे की सुरक्षित देखभाल और स्वयं के स्वास्थ्य का ध्यान रखने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने अच्छा आहार लेने और स्वस्थ रहने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। डॉ अपराजिता ने महिलाओं को स्वच्छता के महत्व और बीमारियों से बचाव के तरीकों के बारे में विशेष जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान हॉस्पीटल की मोनिका और विजन्ती सिस्टर सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे। इस सेवा कार्य में महावीर इन्टरनेशनल त्रिशला की सक्रिय सदस्याएं एमआईएफ वीरा तारा पगारिया, सचिव वीरा मधु शोभावत, वीरा आशा भदादा और वीरा हीरा गुर्जर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं तक सहायता पहुंचाने में अपना योगदान दिया। महावीर इन्टरनेशनल त्रिशला राजसमन्द द्वारा किया गया यह प्रयास मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

### जिले के सभी न्यायालयों में आज होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**राजसमंद(पुकार)।** वर्ष 2025 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को जिले के समस्त न्यायालयों में किया जाएगा। जिले में स्थित न्यायालयों में जिला प्राधिककरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछ्वाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में राजीनामा योग्य लम्बित एवं विवादपूर्ण श्रेणी के मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारान अपनें प्रकरणों का निस्तारण बिना किसी परेशानी के आपस में राजीनामा कर करवा सकते हैं। इस लोक अदालत में सभी पारिवारिक प्रकरण, आपराधिक प्रकरण, दीवानी प्रकरण, राजीनामा योग्य फौजदारी प्रकरण, चैक अनादरण (एनआई एक्ट) के प्रकरण, बैंक से संबंधित प्रकरण एवं दावे, एमवीएक्ट, एमएसीटी क्लेम, समस्त उपभोक्ता प्रकरण, प्रि-लिटिगेशन आदि प्रकार के मामलों का लोक अदालत की भावना से दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामें से सौहार्दपूर्ण वातावरण में विवाद का निस्तारण किया जाएगा। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में जो पक्षकार/आहत व्यक्ति अपने मामले को निपटाना चाहते हैं, वे इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सम्बन्धित दस्तावेज सहित उपस्थित होंवे।

### सीनियर जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता कल

**राजसमंद (पुकार)।** जिला स्तरीय सीनियर तैराकी प्रतियोगिता रविवार को सांय 4 बजे आयोजित होगी। संघ के जिलाध्यक्ष एवं राजस्थान तैराकी संघ के सचिव विनोद सनाढ्य ने बताया कि जिला तैराकी संघ राजसमंद की ओर से सीनियर तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन मेवाड़ क्लब के तरणताल पर आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में राजसमंद सीनियर तैराकी टीम का चयन किया जाएगा, जो राज्य स्तरीय सीनियर तैराकी प्रतियोगिता 25 मई से 27 मई तक जयपुर के एसएमएस स्टेडियम तरणताल जयपुर में सम्पन्न होगी। जिला तैराकी प्रतियोगिता में जो भी तैराक भाग लेना चाहे वो अपने साथ स्वीमिंग फेडरेशन ऑफ इण्डिया का 31 मार्च 2026 तक मान्य युआई कार्ड एवं आधार कार्ड अवश्य लाएं। इसके अभाव में प्रतियोगिता में भाग लेने नहीं दिया जाएगा। इच्छुक तैराक अपने नाम मेवाड़ क्लब पर भावेश सनाढ्य व संघ सचिव मुकेश पालीवाल के पास लिखवा सकते हैं। एक तैराक अधिकतम पांच व्यक्तिगत इवेन्ट में भाग ले सकेंगा।

# आलोक स्कूल में श्रद्धापूर्वक मनाई महाराणा प्रताप जयंती



**राजसमंद(पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित आलोक स्कूल में शुक्रवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती पर एक भावपूर्ण पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने मेवाड़ के इस महान सपूत के बलिदान और शौर्य को श्रद्धापूर्वक याद किया। आलोक संस्थान निदेशक डॉ प्रदीप कुमावत ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपने धर्म और मेवाड़ के स्वाभिमान की रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं की और अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे। डॉ कुमावत ने यह भी बताया कि संस्थान ने महाराणा प्रताप के जीवन पर आधारित फिल्म द फर्स्ट फ्रीडम फाइटर-महाराणा प्रताप बनाकर मेवाड़ की माटी का कर्ज चुकाने का प्रयास किया हैं। उन्होंने कहा कि आज हर चौराहे पर राणा प्रताप की चेतक घोड़े सहित मूर्ति उनके त्याग और बलिदान की याद दिलाती है। उन्होंने सभी से राष्ट्र के स्वाभिमान और गौरव को आगे बढ़ाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रशासक मनोज कुमावत, प्राचार्य ललित गोस्वामी, सह प्रशासक ध्रुव कुमावत, विद्यालय अध्यापक और छात्र उपस्थित थे। सभी ने विद्यालय परिसर में स्थापित महाराणा प्रताप की अश्वारूढ़ विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उनके शौर्य को नमन किया और जयकारे लगाए। प्राचार्य ललित गोस्वामी ने कहा कि मुगल काल में अकबर की अधीनता स्वीकार न करके अपने स्वाभिमान के बल पर एक अलग पहचान बनाने वाले वीर प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें अपने जीवन को देश सेवा के लिए समर्पित करना चाहिए। उन्होंने मेवाड़ की स्वतंत्रता के प्रति उनकी वीरता, त्याग, सहिष्णुता, स्वाभिमान और देश प्रेम जैसे गुणों को अपनाने और देश व समाज की निस्वार्थ भाव से सेवा करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

**प्रताप जयंती पर धुकलखेड़ा विद्यालय में चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन**

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485वीं जन्म जयंती पर खाखरमाला ग्राम पंचायत के राउप्रावि धुकलसिंहजी का खेड़ा में आयोजित चार्ट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें विद्यार्थियों ने महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी, भारतीय सेना के सिंदूर ऑपरेशन, भारतीय सेना के रक्षा उपकरणों सहित विभिन्न प्रकार के चाट्र्स का निर्माण किया। चार्ट प्रतियोगिता में छात्र तनीषा सुथार प्रथम, कृष्ण सालवी द्वितीय व विनोद सालवी तृतीय स्थान पर रहा। इस अवसर पर सह शैक्षिक गतिविधियों के प्रभारी शिक्षक कैलाश सामोता ने विद्यार्थियों को महाराणा प्रताप के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़े देशभक्ति गीतों, डॉक्यूमेंट्री फिल्म एवं दृष्टांतों के माध्यम से हल्दीघाटी के युद्ध, द्विवेर युद्ध के संग्राम से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। इस दौरान संस्था प्रधान रोशनलाल घायल, अशोक कुमार कुमावत, जगदीपसिंह, हुकमसिंह सोलंकी, मीराबाई, अंणचीबाई आदि उपस्थित थे।

# विधायक माहेश्वरी ने क्षेत्रीय नागरिकों व संगठनों की सुनी समस्याएं

- शीघ्र समाधान का दिया आश्वासन



**राजसमंद(पुकार)।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर किशोर नगर स्थित विधायक कार्यालय में क्षेत्र के नागरिकों एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनी एवं संबंधित विषयों पर गंभीरता से संवाद किया। भेंट के दौरान धोईन्दा ग्राम के निवासियों ने अवगत कराया कि ग्राम की कृषि भूमि से जुड़े अभिलेख प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के पोर्टल पर अभ्यारोपित नहीं होने के कारण ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस महत्वपूर्ण विषय पर विधायक माहेश्वरी ने संबंधित विभागों से वार्ता कर समाधान का आश्वासन दिया। इसी प्रकार मार्बल माइन ओनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विधायक दीप्ति माहेश्वरी को ज्ञापन सौंपा जिसमें उन्होंने कुंभलगढ़ अभ्यारण्य पारिस्थितिकी संवेदी क्षेत्र की अधिसूचना अब तक जारी न होने से उत्पन्न पर्यावरण स्वीकृति से जुड़ी समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने पुनर्मूल्यांकन की अवधि बढ़ाए जाने की मांग की, जिस पर विधायक ने राज्य सरकार के स्तर पर प्रभावी कार्यवाही का भरोसा दिलाया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी को नागरिकों द्वारा क्षेत्र की अन्य विविध समस्याओं से भी अवगत कराया गया, जिनके निराकरण के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर माहेश्वरी ने प्रबुद्ध नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करते हुए पाकिस्तान के साथ चल रहे संघर्ष में भारतीय सेना के शौर्य और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम व दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की और देश की सुरक्षा एवं गौरव के लिए आभार व्यक्त किया।

# भिक्षु बोधि स्थल में मनाया आचार्य महाश्रमण का 64 वां जन्म दिवस एवं 16 वां पदाभिषेक समारोह



**राजसमंद(पुकार)।** जिला मुख्यालय पर राजनगर स्थित भिक्षु बोधि स्थल में तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशम अधीशास्ता आचार्य महाश्रमण का 64 वां जन्म दिवस एवं 16 वां पदाभिषेक समारोह पुवर्क समायोजित हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए शासनश्री मुनि सुरेश कुमार के सहवती मुनि संबोध कुमार ''मेदांश'' ने आचार्य की वर्धापना करते हुए कहा कि सदियों तक माटी तपस्या करती है तब कही जाकर आचार्य महाश्रमण जैसे महान व्यक्तित्व जन्म लेते है। महान लोगों की महान आदत होती है की वे जितनी ऊंचाई पर होते है उनमें उतनी ही गहराई और विनम्रता उतर आती है। मुनि सिद्धप्रज्ञ ने कहा कि कुछ जन्म से, कुछ कर्म से, कुछ भाग्य से महान होते है, हर पहलू से महान होते है, आचार्य ने हर बारह वर्ष के अंतराल




में प्रगति के प्रतिमान गढ़े, में स्वयं को शोभाग्यशाली मानता हु कि मुझे आचार्य महाश्रमण के कर कमलों से दीक्षित होने का अवसर मिला। समारोह के मुख्य अतिथि पद्म श्यामसुंदर पालीवाल ने कहा कि पिपलांत्री को पर्यावरण, बेटी बचाओं और स्वच्छता के लिए देश की पहचान बनी। भिक्षु बोधि स्थल अध्यक्ष हर्षलाल नवलखा, तेरापंथ सभा कांकरोली अध्यक्ष लामचंद बोहरा, महिला मंडल राजनगर अध्यक्षा सुधा कोठारी, टीपीएफ अध्यक्ष दिव्यांश चह्वाण, अशोक डूंगरवाल, तेयुप राजनगर अध्यक्ष विकास मादरेचा, कांकरोली अध्यक्ष अतुल दक, तन्वी मादरेचा, अणुव्रत समिति अध्यक्ष अचल धर्मावत, ने भावपूर्ण विचारों प्रस्तुति दी। इससे पहले ज्ञानशाला के नोनिहालो ने महाश्रमण अष्टकम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तेरापंथ महिला मंडल ने समूह स्वर से आचार्य के प्रति अभ्यर्तना व्यक्त की। आभार भिक्षु बोधि स्थल मंत्री सागरमल कावड़िया व मंच संचालन सहमंत्री भूपेश धोका ने किया।

# लाखों के खर्च से विद्युत का रख-रखाव, परिणाम जनता हो रही त्रस्त!

- भितरी शहर के कई क्षैत्रो ने 18 घण्टे ब्लेक आऊट के नाम से गुजरे
- शिकायत कक्ष का दूरभाष आउट ऑफ ऑडर
- शहर में सीवरेज लाईन कार्य भी कर रहा कोढ़ में दाद का काम
- कई कोलोनियों में पेंचवर्क की गुणवत्ता पर उठ रहें सवाल
- कई कोलोनियों में ३ माह से नही हों पाया पेचवर्क



**डूंगरपुर(पुकार)।** एक ओर जहां राज्य सरकार मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का ढिढोरा पिटती रहती है,लेकिन हकीकत में आम जनता अधिकारियों की मनमानी के चलते बिजली, पानी, स्वास्थ्य जैसी मुलभूत सुविधाओं से हमेशा परेशान रहते है। जिला प्रशासन भी केवल बैठकों में अधिकारियों को निर्देश देने की खानापूर्ति कर समाचार पत्रों के माध्यम से वाहवाही लूटने में मस्त रहते है।

जब कि शहरी व ग्रामीण जनता इन तीनों विभागों से खासा परेशान है और उसमे भी नगर परिषद के अन्तर्गत सीवरेज लाईन कोढ़ में दाद का काम कर रही है। जिसकी खूदी लाईनों का कोई ठोर ठिकाना नहीं है और आये दिन खड्डों में गिरकर जनता दुर्घटनाग्रस्त हो रही है, लेकिन जनता के इस अभाव अभियोग को सूनने के लिए शासन प्रशासन दोनों के पास समय नहीं है। सीवरेज लाईन से उठती धूल के कारण शहर की आधी से अधिक जनता विभिन्न बीमारियों से ग्रसित है और आर्थिक भार वहन करने को मजबूर है।

**बिजली निगम की घंटों कटौती रखरखाव का दावा-हवा का झोंका ओर शहर का ब्लैक आउट:**

जिला मुख्यालय पर आये दिन विद्युत निगम के रख-रखाव का ढ़कोसला चलता रहता है। इसके बावजूद न तो पूरी क्षमता से बिजली आपूर्ति होती है और ना ही बिजली जाने व आने का कोई समय रहता है। आलम तो यह है कि निगम की इस कार्यशैली के कारण आम जन के घरेलू उपकरण भी वोल्टेज अपडाउन के कारण खराब होते है। गत दो दिनों से मौसम में आये परिवर्तन में निगम की तमाम कार्यप्रणाली का कच्चा चिट्ठा खोल दिया है। क्योंकि निगम में अप्रेल माह में ही 3 से 4 बार रख-रखाव के नाम पर विद्युत आपूर्ति को बंद किया था।

सोमवार और मंगलवार को आये मौसम में आये अचानक बदलाव ने शहरी विद्युत व्यवस्था की पोल खोल दी। शहर के भितरी भागो में तो 16 से 18 घण्टे तक कई इलाको में विद्युत आपूर्ति गुल रही। जबकि निजी उपभोक्ता तो अपनी शिकायत दर्ज कराने के बाद विभाग के चक्कर लगाकर थक जाता है। लेकिन उसकी कोई सुनवाई नही होती है। विद्युत की अनियमितता के कारण आये दिन पेयजल आपूर्ति भी बांधित रहती है और कई इलाको में तो छह-छह दिनो तक पानी नहीं आया है।

**शहर की गलियां गढ़ों में तब्दील, पेचवर्क ने खोल दी पोंल:**

इधर नगर परिषद के माध्यम से डाली जा रही सीवरेज लाईन जो कि नौसिखिये अधिकारियों के हाथों में दे रखी है। जिसके चलते न तो नियम न कायदें के अनुरूप कार्य हो रहा है और शहर की हर गली गड्डो में तब्दिल हो गई है। जहां से उड़ने वाली धूल-मिटटी न केवल घरों को खराब कर रही है, अपितु आम जन के स्वास्थ्य पर भी विपरित प्रभाव डाल रही है। प्रत्येक घर में दो से तीन व्यक्ति खांसी, सर्दी जुकाम से पीड़ित हो रहें है।

रिहायशी कोलोनियों में आलम यह हैं कि कोलोनी की गलियां तों खोद डाली लेकिन फरवरी माह सें अब तक अधिकांश कोलोनीयों में गढ़ों की जगह को मीट्टी के अलावा कोई भी पेंचवर्क नसीब तक नही हुआ। नतिजा कोलोंनीयों की गलियों में कार्य करने के बाद डाली गई मिट्टी भी अब दो दिनों की बारिश के बाद धंस चुकि हैं, वही अधिकारी सडको के दोहन के बाद उसकी देख अथवा पुछ परख करनें भी कोलोनीयों का रूख नही करतें।

फरवरी माह सें खोंदी गई सडको में पाईपो के डलनें के बाद ठेकेदारो द्वारा 2 सें 3 दिनो में कनेक्शन होनें की सांत्वना के बाद कोलोनीवासि द्वारा 3 माह बितनें पर मई माह में कनेक्शन के लियें प्लास्टिक पाईपों को डाल कर कार्य को इतीश्री किया गया। वही सीसी एवं डामरीकरण करनें के सवालों पर रूडीप के अधिकारीयों के द्वारा 2 दिनों में पेचवर्क की दिलासा देनें के बावजुद भी सप्ताह के उपर के समय बित जाने पर भी पेचवर्क को लेकर जनता के नसीब में केवल यही फिल्मी गाना मानों ध्यान में आ रहा हो कि इंतहा हो गई इंतजार की आयी न कुछ खबर रूडीप वालों की! न जानें यह इंतजार कब समाप्त होंगा ओर स्वच्छ शहर कहें जानें वाली सडको से धुल ओर गुबार की आंधीयां कब समाप्त होगी इस प्रश्न पर भी संशय बना हुआ हैं।

शहर की अधिकांश मुख्य सडको ओरं कालोनीयो को जोंडनें वाली सडको पर डामर पेचवर्क का कार्य किया गया हैं। लेकिन यही डामर पेंचवर्क की पोल दो दिन लगातार हुई बारिश नें खोल के रख दी। अधिकांश पेचवर्क का डामर उखडनें के साथ ही सडक पर गढ़ें बनना प्रारंभ हों चुके हैं। ऐसें में जनता अब कियें गये पेंचवर्क कार्यो की गुणवत्ता को लेकर भी सवालियां निशानं उकेरें हुयें है।

लेकिन प्रशासनिक आलाधिकारीयों के निर्देश भी मानों रूडीप कार्मिको के लियें केवल हवाईयां ही साबित हो रहें हैं। क्योकि निर्देशो के बावजुद बैठको के बाद अधिकारी अपने रंग में रमें हुयें हैं ओर कार्य के प्रति लापरवाही बरतें हुयें हैं।

## संक्षिप्त खबरें...

### मेस में खाना बनानें वालें की पुत्री की शादी में 61000 से अधिक का दिवेर पुलिस ने भरा मायरा



**आमेट ।** दिवेर थाना पुलिस के मेस मैं काफी समय से खाना बना रहे भंवर सिंह चौहान की पुत्री की हुई शादी में दिवेर पुलिस ने करीब 61 हजार रुपए मायरे में ज्वेल्स,कपड़े आदि सामान लेजाकर एक सराहनी पहल की है। थानाधिकारी भवानी शंकर सुथार ने बताया कि थाने पर पिछले काफी समय से मेस का काम करने वाले भंवर सिंह की पुत्री खुशबू चौहान की शादी में पूरे स्टाफ सहित पहुंच कर मायरा भरा और दुल्हन को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर रामेश्वर लाल सहायक उप निरीक्षक, हेड कांस्टेबल रघुवीर सिंह सौदा, दिनेश कुमार, नरेंद्र कुमार, अनिल कुमार,समरती लाल मीणा,रंगलाल,राम लाल,श्रवण कुमार,तेजपाल सिंह,माया मीणा,सांवरमल,सुरेश,मुकेश आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

### पीएम श्री राउमावि में प्रवेश महोत्सव पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों का किया स्वागत



**आमेट ।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आमेट के मित्र मंडल परिसर में शुक्रवार को प्रधानाचार्य प्रकाश चन्द्र प्रजापत की अध्यक्षता में प्रवेश महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया । विद्यालय के प्रवेशोत्सव प्रभारी शिक्षक मुकेश वैष्णव ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों के तिलक लगाकर,माला पहनाकर कर व गुड़ खिलाकर स्वागत किया । इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रकाश चन्द्र प्रजापत ने पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आमेट में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाएं की जानकारी प्रदान की । प्रवेशोत्सव शहरी नोडल प्रभारी प्राध्यापक मनोज कुमार शर्मा ने डिजिटल प्रवेश उत्सव की जानकारी दी । कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक मुकेश वैष्णव ने नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति व निःशुल्क अनिवार्य शिक्षा अधिनियम की विवेचना की । इस अवसर पर प्राध्यापक जगदीश चन्द्र शर्मा,बाबुलाल सालवी,राखी आर्य ,रेखा जीनगर,नवल सिंह,भैरूलाल जीनगर,रामावतार सैनी,नलिना चोरड़िया,मीरा सैनी,पूजा शर्मा, चंचल दमामी,करण सिंह तंवर, शक्ति सिंह चौहान,रौनक मेवाड़ा,कुलदीप सिंह सोलंकी आदि मौजूद थे।

### लावारिस साधु का शिवसेना ने किया अंतिम संस्कार



**चित्तौड़गढ़ ।** जिले के शम्भूपुरा थानान्तर्गत एक लावारिस बुजुर्ग साधु की अकाल मौत हो जाने और शिनाख्ती नहीं होने के चलते शिवसेना द्वारा उसका हिन्दू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार शंभूपुरा थाने के गिलूण्ड गांव में 75 वर्षीय एक बुजुर्ग साधु की खेत पर अकाल मृत्यु हो गई जिसकी सूचना ग्रामवासियों द्वारा थाना पुलिस को दी गई। थानाधिकारी रामलाल मीणा, एसआई डालचंद धाकड़ ने मय जाप्ता मौके पर पहुँच का आवश्यक कानूनी कार्यवाही कर शव शिनाख्ती के जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। प्रयास के बावजूद शिनाख्ती नहीं होने पर शव को अंतिम संस्कार के लिए शिवसेना जिला प्रमुख गोपाल वेद को सुपुर्द किया गया। जिसका बाद में सिटी मोक्षधाम में हिन्दू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान भारत विकास परिषद के अध्यक्ष नवीन वर्डिया, कन्हैयालाल देवपुरा, रमेश ईनाणी, पार्षद अनिल ईनाणी, अनुराग जिंदल, इनरव्हील क्लब की ऋतु भोजवानी, पुष्कर नराणिया, हेमन्त भट्ट, किशन ओढ़, दुर्गेश ओढ़, कालूलाल मीणा, मुकेश मीणा, रवि सेन आदि उपस्थित रहे।

### संगीतमय कथा और भजन संध्या चन्देरिया में आज

**चित्तौड़गढ़।** बालाजी भक्त मंडल श्री सत्यनारायण भगवान की कथा और भजन संध्या आयोजन से जुड़े लाभचन्द, रजक, गोपाल जयसवाल ने बताया कि आगामी 10 मई, 2025 शनिवार को चन्देरिया मेन रोड़ पर बिड़ला फाटक के पास संगीतमय कथा एवं भजन संध्या का आयोजन होगा। कथा वाचक जगदीश वैष्णव गांधीनगर ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं आतंक के नाश व जनकल्याण के लिये बैशाख के पुण्य माह में कथा का आयोजन हो रहा है जिसमें मनीष वैष्णव द्वारा सुन्दर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान सत्यदेव भगवान और बालाजी महाराज का दरबार सजाया जायेगा। रात्री में आरती के पश्चात् प्रसाद वितरण होगा।

### राष्ट्र रक्षा राष्ट्र सुरक्षा और राष्ट्र प्रेम की अभिवृद्धि के लिए होगा हवन



**चित्तौड़गढ़।** विद्या भारती विद्यालय, विद्या निकेतन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रबंध समिति की बैठक शिक्षाविद् डॉ0 सुशीला लड्ढा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। विद्यालय की विज्ञप्ति में प्रधानाचार्या ललिता कुंवर राठौड़ ने बताया कि प्रबंध समिति की योजना बैठक में नामांकन वृद्धि, विद्यालय के भौतिक विकास व शैक्षिक उन्नयन के विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार विमर्श हुआ। बैठक में सर्वप्रथम पहलगाम की हुतात्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। देश की वर्तमान परिस्थितियों के संदर्भ में वैशाख पूर्णिमा सोमवार प्रातः 9:15 बजे राष्ट्र रक्षा,राष्ट्र सुरक्षा और राष्ट्र प्रेम की भावना जन-जन में जागृत करने के लिए के लिए विद्यालय की बालिकाओं,गुरुजनों और प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा परिसर में हवन किया जाएगा। इस अवसर पर समिति की उपाध्यक्ष कुंतल तोषनीवाल, सचिव सीमा मेहता, कोषाध्यक्ष प्रेमलता महंत, सदस्य सुनीता बल्दवा, सहायक प्रधानाचार्य यशवंत सिंह नेगी, विनोद कुमार चौबीसा, कमला शर्मा,कृष्णा पटवा, मोहित बनवार आदि उपस्थित रहे।

### समाज कल्याण विभाग के अधिकारी ने किया सूख सेवा संस्थान का औचक निरीक्षण

**चित्तौड़गढ़।** बुधवार दिनांक 7 मई 2025 को सुख सेवा संस्थान नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र चित्तौडगढ का समाज कल्याण विभाग के अधिकारी जितेंद्र गढ़वाल ने औचक निरीक्षण किया। संस्थान अध्यक्ष गफ्फार पठान ने बताया कि निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थान में इलाजरत मरीजों की दिनचर्या के बारे में जानकारी ली और नशे की लत को छुड़ाने के संबंध में किए जाने वाली गतिविधियों, भोजन व्यवस्था, लाइब्रेरी के बारे में जाना। संस्थान में इलाजरत मरीजों के आवश्यक कागजातों की जांच की। उन्होंने संस्थान में इलाजरत मरीजो से बातचीत भी की। इस दौरान विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। साथ ही सुख सेवा संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं को देखकर सराहा और इलाजरत मरीजों को नशा छोड़ने के संबंध में प्रेरित किया जिससे वह समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके।

## आपदा प्रबन्धन को लेकर जिला कलक्टर एवं एसपी ने ली अधिकारियों की बैठक

# अधिकारी कर्मचारी पूर्वानुमति के नहीं छोड़े मुख्यालय- जिला कलक्टर



**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** देश में उत्पन्न विपरीत परिस्थितियों को देखते हुए जिला कलक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक ने आपदा प्रबंधन को लेकर आज जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली और सौंप गए दायित्वों को पूर्ण रूप से निर्वहन करने के निर्देश दिए। वहीं आदेश के तहत अब सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बिना पूर्वानुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे ।

जिला कलक्टर आलोक रंजन ने शु वार को डीआरडीए सभागार में आपदा प्रबंधन एवं वर्तमान में उपस्थित परिस्थितियों को देखते हुए आमजन को सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों की बैठक ली एवं विभागवार कार्य योजना की समीक्षा की गई।

जिला कलक्टर ने आपात स्थिति में आमजन को सूचना उपलब्ध कराने एवं सायरन के माध्यम से आपात स्थिति की जानकारी देने की समीक्षा भी की। उन्होंने रसद आपूर्ति, संचार, जिला चिकित्सालय सहित सभी चिकित्सा संस्थानों में पर्याप्त दवाइयां, बेड आदि की समीक्षा की। उन्होंने इमरजेंसी सेवाओं के 12 विभागों के महत्वपूर्ण कार्यों एवं उनकी सेवाओं को आमजन से लाभान्वित करने की समीक्षा की । उन्होंने रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, जिला चिकित्सालय एवं सार्वजनिक स्थलों सहित धार्मिक स्थलों पर उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने आपात स्थिति में सिविल डिफेंस की सेवाओं, अग्निशमन के सेवाओं, बांध टूटने की स्थिति में आवश्यक कार्य करने तेल, तेल डिपो की सुरक्षा सहित एनसीसी, एनएसएस एवं नेहरू युवा केंद्र की भूमिका की भी समीक्षा की।

जिला कलक्टर आलोक रंजन ने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रबन्धन के विषय में गम्भीर है। इस सम्बन्ध में गृह विभाग द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए है जिनके निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने आपातकालीन परिस्थिति में कार्य करने वाले विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि जिले के समस्त अधिकारियो एवं कर्मचारियों को किसी प्रकार अवकाश देय नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि आपदा प्रबन्धन की स्थिति के दृष्टिगत रखते हुए कार्य योजना बनाते हुए कार्य करें। आपदा प्रबन्धन की स्थिति के दृष्टिगत समस्त अस्पतालों में सभी प्रकार की आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां उपलब्ध रहे यह सुनिश्चित करें एवं चिकित्सक मय स्टाफ मुख्यालय पर ही उपस्थित रहे, प्राथमिक चिकित्सा से सम्बन्धित साम्रगी प्रत्येक स्तर पर उपलब्ध होनी चाहिए, जिले के समस्त ऑक्सीजन प्लांट कार्यशील रहे, समस्त एम्बुलेंस का परीक्षण करके रखें साथ ही निजी एम्बुलेंस को भी आपातकालीन स्थिति में काम में लेने के लिए तैयार रखें।

रक्त की जरूरत पड़ने पर व्यक्तियों को रक्त दान के लिए प्रेरित करना चाहिए। ब्लड बैंक में सभी ग्रुपों के रक्त की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध रहे, इसके साथ-साथ अस्थाई चिकित्सालय के लिए चिन्हित स्थलों में जनरेटरों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। आवश्यकतानुसार भूमिगत स्थलों का भी चयन किया जाना चाहिए।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने कहा कि सोशल मीडिया पर पूर्ण निगरानी रखी जाए। देश के विरुद्ध भड़काऊ पोस्ट अथवा सामग्री पर तुरन्त कानूनी कार्यवाही करें। आपात स्थिति में पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री उपलब्ध रहे। खाद्य सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुओ का अनावश्यक भंडारण नहीं हो। स्टॉक का नियमित निरीक्षण करें। इससे जमाखोरी रूकेगी। पेट्रोल डीजल सहित अन्य साम्रगी भी उपलब्ध रहनी चाहिए। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि आपात स्थिति में पेयजल की पूर्ण व्यवस्था आमजन के लिए उपलब्ध रहे। पेयजल का पर्याप्त भण्डारण रखा जाए।

उन्होंने कहा कि जिले में अति संवेदनशील स्थलों की सूची को अद्यतन करते हुए इनकी पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पंचायत एवं ग्राम स्तर पर राज्य सरकार द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की पूर्ण जानकारी हो। आमजन में यह विश्वास निर्मित होना चाहिए कि संकट की घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है।

जिले में अग्निशमन सेवाओं को सर्िय तथा कार्यशील स्थिति में रखा जाए। जिले में संचार सेवाओं को सुचारू रखें। सार्वजनिक उद्घोषणा यंत्र पर्याप्त संख्या में चालू स्थिति में उपलब्ध रहे। जिले में समय-समय पर आपदा प्रबन्धन योजना की मॉक ड्रिल की जाए। आपदा की स्थिति में गैर सरकारी संगठन, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेशनल कॅडेट कॉर की भागीदारी सुनिश्चित हो।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर विनोद मल्होत्रा, मुख्य कार्यकर्ता अधिकारी जिला परिषद विनय पाठक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जिले में नो ड्रोन जोन घोषित

**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** जिले में वर्तमान में आपातकालीन परिस्थितियों को देखते हुए जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने एक आदेश जारी कर जिले को नो ड्रोन जॉन घोषित किया गया है।

जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आलोक रंजन ने जारी आदेश में बताया कि पुलिस अधीक्षक के पत्र के अनुसार वर्तमान परिदृश्य के मद्देनजर रखते हुए जिले में स्थित महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों / संस्थानों न्यूक्लियर पावर प्लांट रावतभाटा (एनपीसीआईएल), न्यूक्लियर फ्यूल कॉम्पलैक्स रावतभाटा (एनएफसी), हेवी वॉटर प्लांट रावतभाटा (एचडब्ल्यूपी), राणा प्रताप सागर डेम रावतभाटा, हाईड्रोलिक पॉवर प्रोजेक्ट रावतभाटा, इंडियन ऑयल मार्केटिंग टर्मिनल (स्टोरेज एवं सप्लाई) जालमुपरा, श्रीसांवलिया जी मंदिर मण्डफिया, दुर्ग चित्तौड़गढ़ एवं सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ को नो ड्रोन जोन घोषित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इसके तहत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा, 163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए चित्तौड़गढ़ जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र में ड्रोन संचालन के लिये निषेधात्मक आदेश जारी किए हैं।

उन्होंने बताया कि चित्तौड़गढ़ जिले में स्थित महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों / संस्थानों यथा न्यूक्लियर पावर प्लांट रावतभाटा (एनपीसीआईएल), न्यूक्लियर फ्यूल कॉम्पलैक्स रावतभाटा (एनएफसी), हेवी वॉटर प्लांट रावतभाटा (एचडब्ल्यूपी), राणा प्रताप सागर डेम रावतभाटा, हाईड्रोलिक पॉवर प्रोजेक्ट रावतभाटा, इंडियन ऑयल मार्केटिंग टर्मिनल (स्टोरेज एवं सप्लाई) जालमुपरा, श्रीसांवलिया जी मंदिर मण्डफिया, दुर्ग चित्तौड़गढ़ एवं सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ के आस-पास 02 किलोमीटर की परिधी क्षेत्र को ड्रोन संचालन हेतु प्रतिबन्धित क्षेत्र घोषित किया है। ईन स्थानों के अलावा संपूर्ण जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र में संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट /बिना सक्षम स्वीकृति के ड्रोन संचालन नहीं किया जायेगा। यह आदेश सरकारी गतिविधियों सेना, पुलिस, सशस्त्र बल. होमगार्ड एवं कानून व्यवस्था में संलग्न अधिकारियों, रेलवे के लिये लागू नहीं होगा। चित्तौड़गढ़ जिले में आयोजित धार्मिक / सांस्कृतिक / सामाजिक आयोजनों में फोटोग्राफी हेतु 10 मीटर की उंचाई तक ड्रोन में संचालन पर यह आदेश लागू नहीं होगा। इस आदेश की अवहेलना करने वाले व्यक्ति अथवा व्यक्तियों पर भारतीय न्याय संहिता 2023, की धारा 223 के अन्तर्गत अभियोग चलाया जा सकेगा। यह आदेश आज दिनांक 09 मई को तत्काल प्रभाव से लागू होकर आगामी दो माह के लिए प्रभावी रहेगा।

# सुख सेवा संस्थान में हुआ एचआईवी परीक्षण

**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** शहर के सुख सेवा संस्थान नशा मुक्ति व पुनर्वास केन्द्र में दिनांक 09 मई शुक्रवार को उपचाररत रोगियों का एचआईवी टेस्ट कराया गया। संस्थान अध्यक्ष गफ्फार पठान ने बताया कि श्री सांवलिया चिकित्सालय के एचआईवी एवं एड्स विभाग की काउंसलर वंदना दशोरा, जैल कॉर्डिनेटर रवि वैष्णव ने संस्थान पर दौरा कर सभी उपचाररत रोगियों का परीक्षण किया। उन्होंने इसके कारणों पर प्रकाश डाला एवं इसके इलाज, बचाव से संबंधित विषयों पर अपने अनुभव साझा किये तथा बचाव को ही इसका सबसे बड़ा इलाज बताया। उन्होंने बताया कि एक बार इसकी चपेट में आने पर इसका इलाज काफी लंबा चलता और सामाजिक रूप से भी व्यक्ति काफी शर्म, ग्लानि का सामना करता है। इस अवसर पर संस्थान कोऑर्डिनेटर अमित कुमार चेचानी ने बताया कि नशे के दौरान कई बार ऐसी स्थितियां बनती है जब हम इस जानलेवा रोग की चपेट में आ सकते हैं, जैसे एक ही सूई से कई लोगों द्वारा नशा इंजेक्ट करना, असुरक्षित यौन संबंध आदि इससे बचाव ही उपचार है के बारे में बताया। संस्थान सदस्य जितेंद्र तोमर द्वारा अतिथियों का अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर संस्थान के काउंसलर प्रियंका जोशी ने अभी इलाजरत मरीजों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कन्हैया लाल, कमलेश, इशाक, शोहेब, विनय, पवन आदि स्टाफ का सहयोग रहा।

## जिला कलेक्टर को पठान संस्थान ने दिया ज्ञापन



**चित्तौडगढ (पुकार) ।** जिला कलेक्टर आलोक रंजन को पठान सामाजिक विकास संस्थान चित्तौडगढ़ द्वारा ज्ञापन देकर यह निवेदन किया कि पठान समाज के संस्थापक सरपस्त मुर्तजा खान पठान के निर्देशानुसार एक आवश्यक बैठक की गयी जिसमें पहलगाम में दिनांक 22 अप्रेल 2025 को पाकिस्तान द्वारा कायराना आतंकवादी हमला करते हुए हमारे भारत देश के 26 बेगुनाह देशवासियो को शहीद कर दिया जिसको लेकर उन सभी शहीद देशवासियो के लिए मौन रख कर श्रद्धांजली दी गई। हमारे देश की सीमाओ पर जिस तरह के पाकिस्तान द्वारा आतंकवादी हमले हो रहे है उसको लेकर हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता मे एक सर्वदलीय मिटींग आयोजिक की गई और भारतीय सेना के द्वारा मुंह तोड जवाब देकर आतंकवादी ठिकानो को बर्बाद एवं ध्वस्त किया जा रहा है। सड़के इसको लेकर पूरा पठान समाज हमारी देश की सेना के साथ मे खडा हुआ है। यदि किसी भी परिस्थिति में आपातकालीन स्थिति पैदा होती है तो पठान सामाजिक विकास संस्थान चित्तौडगढ़ के सदस्य एवं पदाधिकारी हमेशा सेवा के लिए तत्पर है और यदि किसी भी आपात स्थिति में किसी भी प्रकार की सेवा की आवश्यकता हुई तो पठान संस्थान के स्वंयसेवक के रूप में उपस्थित रहेगें एवं आपातकालीन के समय चिकित्सा सेवा में ब्लड की आवश्यकता होती है तो अपना ब्लड डोनेट करने के लिए रक्तसैनिक के रूप में सेवा देने को तैयार है। ज्ञापन देने के दौरान पठान सामाजिक विकास संस्थान चित्तौडगढ़ के संस्थापक तनवीर खान एडवोकेट, संस्थापक मोहम्मद अशरफ उर्फ जावेद खान, सदर मोहम्मद युनुस उर्फ संजु खान, आदम खान पठान, नासीर खान पठान, सिद्दिक खान पठान, रफीक खान पठान, अफजल खान, शानु पठान, मोहम्मद रईस, अफजल खान पठान, अहमद खान पठान , जाकीर खान, सलमान खान, सिकन्दर खान, आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विधायक कृपलानी के मुख्य आतिथ्य में हुआ हेल्प सोसायटी द्वारा आयोजित समर कैम्प का समापन

**निम्बाहेड़ा (पुकार) ।** हेल्प सोसायटी द्वारा नगर की आदर्श कॉलोनी स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मांगलिक भवन में आयोजित सात दिवसीय 9 वें निःशुल्क समर कैम्प का समापन पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रतनलाल गाडरी की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, श्री कल्ला जी वैदिक विश्वविद्यालय के चेयरमैन कैलाश मूंदड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता विरेश चपलोत मौजूद रहे। समर केम्प के समापन समारोह में हेल्प सोसायटी अध्यक्षा एकता सोनी के नेतृत्व में संस्था की सदस्याओं ने गुलदस्ता भेंट कर किया। विधायक कृपलानी सहित अतिथियों ने समर कैंप के प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षकों को प्रतीक चिन्ह एवं सार्टिफिकेट प्रदान किए। इस दौरान पहलगाव में भारतीय नागरिकों पर हुए आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान पर हुई एयर स्ट्राइक से गदगद अतिथि समर कैंप के आयोजकों एवं प्रतिभागियों के साथ देश भक्ति गीतों पर झूमें। समर कैम्प के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कृपलानी ने कहा कि विगत कई वर्षो से हेल्प सोसायटी लगातर नगर की महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए कुछ न कुछ आयोजन करती रहती है, जिसमें यह निःशुल्क समर कैम्प भी शामिल हैं। इस कैम्प में हेल्प सोसायटी की अध्यक्षा एकता सोनी के नेतृत्व में इनकी सदस्याओं द्वारा नवाचारों के माध्यम से सदैव ही महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाता रहा है। इस अवसर पर विधायक कृपलानी ने हेल्प सोसाइटी की समस्त पदाधिकारियों को समर कैंप आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी नगर की महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने के लिए इस तरह के प्रयास जारी रखने के लिए शुभकामनाएं दी।

## जनजाति भागीदारी योजनान्तर्गत छोटीसादड़ी क्षेत्र में 100 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति जारी



**निम्बाहेड़ा (पुकार) ।** पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं निम्बाहेड़ा-छोटीसादड़ी विधायक श्रीचंद कृपलानी की अनुशंसा पर जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा विधानसभा के छोटीसादड़ी क्षेत्र में जनजाति भागीदारी योजना के अन्तर्गत विभिन्न कार्यो के लिए 100 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है। इन कार्यों के लिए 30 प्रतिशत राशि विधायक मद तथा 70 प्रतिशत राशि जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा दी जाएगी।

विधायक कृपलानी ने बताया कि जनजाति भागीदारी योजना के अन्तर्गत छोटीसदड़ी क्षेत्र के बम्बोरी में श्री गार्डन में इंटरलॉकिंग, झूले, चकरी, व्यायामशाला के लिए उपकरण व लाइटिंग कार्य के लिए 15 लाख रूपये, बरखेड़ा ग्राम में सीसी रोड़ निर्माण के लिए 10 लाख रुपये, चांदोली ग्राम में खेल मैदान की चार दिवारी निर्माण के लिए 10 लाख रूपये, सियाखेड़ी ग्राम में खुला बरामदा निर्माण के लिए 5 लाख रूपये, रम्भावली ग्राम में जाखम नदी पर पुलिया निर्माण के लिए 15 लाख रूपये, सूबी ग्राम में श्री चारभुजा मंदिर के पास डोम निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपये, हड़मतिया जागीर ग्राम में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपये, ईंटो का तालाब ग्राम में सीसी सड़क निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपये, सियाखेड़ी ग्राम में खुला बरामदा निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपये एवं पीलीखेड़ा गाम के कम्बोलिया में सीसी रोड़ निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपये की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है।

विधानसभा में छोटीसादड़ी क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यो के लिए जारी की गई इस प्रशासनिक स्वीकृति पर क्षेत्रवासियों ने विधायक श्रीचंद कृपलानी के प्रति आभार जताया है।

# वर्धमान भवन का भव्य लोकार्पण

**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** जैन समाज मंडल समिति प्रताप नगर द्वारा नवनिर्मित आराधना स्थल वर्धमान भवन का लोकार्पण शु वार को जिन शासन प्रभाविका अनुष्ठान आराधिका साध्वी डॉ.कुमुद लता म सा,स्वर सम्राज्ञी श्री महाप्रज्ञा म सा, वास्तु शिल्पी महासती श्री पदम कीर्ति म सा, महासती श्री राजकीर्ति म सा की निश्रा में लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के सहकारिता और नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम दक ,विशिष्ट अतिथि सांसद सी पी जोशी,चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या,बेगूं विधायक डा.सुरेश धाकड़,पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह जाडावत और लोकार्पणकर्ता अनिल,अतुल शिशोदिया परिवार द्वारा संपन्न हुआ। लोकार्पण से पूर्व महासती डॉ कुमुद लता म सा आदि ठाणा4 की प्रतापनगर रमेश मेहता के निवास से शोभायात्रा के साथ विहार यात्रा प्रारंभ हुई जो वर्धमान भवन पहुंच कर संपन्न हुई । वर्धमान भवन का लोकार्पण अतिथियों द्वारा मोलीबंधन खोलकर किया गया। लोकार्पण के बाद आयोजित समारोह में जिन शासन प्रभाविका एवं अनुष्ठान आराधिका साध्वी डॉ कुमुद लता म सा ने अपने प्रवचन में कहा कि इस क्षेत्र में विहार के समय साधु संतों और साध्वियों के विश्राम के लिए स्थान की पांच दशकों से आवश्यकता थी जिसे आज मूर्त रूप मिला है। इस भवन के निर्माण हो जाने से कुंभानगर प्रतापनगर क्षेत्र के जैन परिवारों में सामायिक, स्वाध्याय,प्रति मण, पौषध, जैन संस्कारों हेतु पाठशाला और अन्य सामाजिक कार्य मों के लिए जागृति बढ़ेगी तभी इस भवन का सदुपयोग हो सकेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह एक माली उपवन को निरंतर जल, खाद, बीज से संचित करते हुए फूल खिलाता है उसी प्रकार आप सभी को भी इस भवन को उपवन समझकर धार्मिक प्रवृत्तियों को जल की तरह सिंचित कर यहां ज्ञान के पुष्प खिलाने हैं। उन्होंने कहा कि यह सकल जैन समाज का भवन बना है यह बहुत सराहनीय है। उन्होंने वर्धमान भवन निर्माण में तन मन धन से सेवा देने वाली कार्यकारिणी के अध्यक्ष बलवंत बाघमार और उनकी पूरी कार्यकारिणी को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ आवश्यक बैठक होने से कार्य म के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के सहकारिता और नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम दक के संदेश का वाचन सुधीर जैन ने किया। संदेश में उन्होंने कहा किसी भी सामाजिक भवन का निर्माण न केवल ईंट,सीमेंट और पत्थर को जोड़ता है अपितु वह व्यक्ति परिवार और समाज को भी जोड़ता है। सामाजिक भवन का निर्माण न केवल वर्तमान पीढ़ी को अपितु आने वाले कल के युवाओं को भी धार्मिक प्रवृत्तियों और सामाजिक सेवाओं के लिए एकजुटता का संदेश देता है। वर्धमान भवन के बन जाने से विहार के समय साधु संतों को ठहरने की उत्तम सुविधा उपलब्ध हो सकेगी जिसका सीधा-सीधा धर्म लाभ हम लोगों को ही मिलने वाला है । साधु संतों का आगमन सामाजिक चेतना को जागृत करता है। दक ने श्री जैन समाज मंडल समिति प्रताप नगर कुंभा नगर कार्यकारिणी के सदस्यों को साधुवाद दिया। पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह जाड़ावत ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कुम्भानगर प्रताप नगर का जैन समाज पहला ऐसा समाज है जिसने स्वयं अपने वित्त जुटा कर जमीन खरीदी और उस पर भव्य भवन का निर्माण किया है जो अन्य समाजों के लिए प्रेरणादायी है। समारोह में सभी अतिथियों और सभी पूर्व अध्यक्षों गोवर्धन सिंह शिशोदिया, नवल सिंह मोदी,गंभीर सिंह शिशोदिया,हस्तीमल चोरड़िया,सोहनलाल पोखरना,दिलीप नंदावत का मेवाड़ी पाग पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। समारोह में भवन के कमरों के लाभार्थी रमेशचंद्र,प्रदीप कुमार, दीपक कुमार मेहता और श्रीमती प्रेमदेवी, नवरतन,प्रकाश,अनिल डांगी परिवार का सम्मान किया गया। समारोह में समिति अध्यक्ष बलवंत बाघमार ने स्वागत भाषण में वर्धमान भवन निर्माण में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग देने वाले प्रत्येक समाज जन का और दानदाताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि पूरी टीम के सहयोग से निर्धारित समय में वर्धमान भवन का निर्माण संपन्न हो पाया है। समिति मंत्री नरेंद्र पोखरना ने सभी का आभार व्यक्त किया। वर्धमान भवन के निर्माण में सर्िय भूमिका निभाने वाले दानदाता परिवार की ओर से अतुल शिशोदिया ने वर्धमान भवन के नींव से शिखर तक के सफर की विस्तृत जानकारी दी। समिति कोषाध्यक्ष दिनेश पटवारी की सर्िय भूमिका की सभी ने भूरि भूरि प्रशंसा की। समारोह का संचालन डॉ कनक जैन और श्रीमती सुनीता सहलोत ने किया। लोकार्पण समारोह में जैन समाज के विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष ,मंत्री और कोषाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रावक श्राविकाएं सम्मिलित रहे। वर्धमान भवन लोकार्पण समारोह की पूर्व संध्या पर कुंभा नगर प्रताप नगर महिला मंडल अध्यक्ष मोनिका कांठेड़ के नेतृत्व में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। महासचिव ममता नंदावत ने बताया कि महिलाओं और बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पानी बचाओ, संयुक्त परिवार की महिमा,जैन स्थानक का महत्व ,जैन पाठशाला का बच्चों के जीवन में प्रभाव, संस्कारों का बीजारोपण आदि का संदेश दिया। वरिष्ठ श्राविका शशि सुराणा ने वर्धमान भवन में नियमित रूप से जैन पाठशाला संचालन का जिम्मा लिया जिसकी सभी ने अनुमोदना की। समिति मंत्री नरेंद्र पोखरना ने बताया कि गुरुवार प्रातः महामंत्र नवकार मंत्र का जाप प्रातः 8.15 से 9.15 बजे संपन्न हुआ।

# सिद्धिदाता आराध्य श्री मुरला गणेश का धुमधाम से मनाया पाटोत्सव

## गणपति के जयकारों एवं नारियल होम के साथ हुई पूर्णाहुति

**डूंगरपुर(पुकार)।** नगर के प्राचीन पुरातन सिद्धदाता श्री मुरला गणेश मंदिर के ध्वजदंड व शिखर प्रतिष्ठा का 21 वे पाटोत्सव सिद्धदाता श्री मुरला गणेश मंदिर में भव्यता पूर्ण आहूत किया।

सेवा मंडल के सह सचिव मुकेश श्रीमाल ने बताया कि सिद्धदाता श्री मुरलागणेश का 21 वा पाटोत्सव आयोजन मुरला गणेश मंदिर प्रांगण में मुख्य यजमान उत्पल पूनमचंदजी श्रीमाल द्वारा प्रातः समस्त देवताओं का आह्वान कर पूजा कर्म किया। साथ ही आचार्य मिनेश जोशी के आचार्यवत में दिन भर का समस्त पूजा कर्म एवं यजमान परिवारो, सेवा मंडल के पदाधिकारियों एवं विप्रवर विक्की जोशी, जितेंद्र जोशी, दर्शित पंड्या, यशवंत जोशी, जितेंद्र पंड्या,



डूंगरपुर। पाटोत्सव कार्यक्रम के तहत नारियल होम कर पूर्णाहुति करते यजमान। - फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

दत्तेश मेहता एवं कमलेश शर्मा द्वारा 1008 अथर्वशीर्ष गणपति पाठ के साथ यज्ञ में 1008 मोदको की यज्ञ में आहुति दी गई।

सेवा मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्द्रकांत वसीटा के नेतृत्व में दिन भर मंदिर भजन कीर्तन कर गणपति भगवान की आराधना की गई साथ ही नितिन गणेशलाल श्रीमाल, सतीश गेबीलाल एवं तुलसीराम सेवक द्वारा भगवान श्री मुरला गणेश का मनमोहक श्रृंगार किया। तीनों मंदिर की ध्वजा यजमान रामचंद्र नाथूलाल पंचाल द्वारा चढ़ाई गई। यजमान परिवार उत्पल श्रीमाल द्वारा नारियल होम कर पूर्णाहुति की गई। महाआरती पदम कुमार जैन परिवार द्वारा की गई। सेवा मंडल के अध्यक्ष प्रवीण गेबीलाल ने महारावल हर्षवर्धन सिंह और महंत शिवशंकरदास का उर्पणा से बहुमान किया।

पाटोत्सव कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रवीण कुमार श्रीमाल, गौतमलाल साद, चन्द्रकांत वसीटा, मुकेश श्रीमाल, रमेश वरियानी, नितीन श्रीमाल, राजेंद्र उपाध्याय, स्वरूप जैन, गजेंद्र, सुरेंद्र पंचाल, भाविन श्रीमाल, पवन सुथार, राजेश, पुरषोत्तम सोमपुरा, हितेंद्र श्रीमाल, बद्री भोई, चंद्रवीर सिंह, मीठालाल प्रजापत, प्रियकांत पंड्या, सतीश गेबीलाल, महेंद्र बासड़, सुरेंद्र शर्मा, मुरलीधर शाह, प्रभु पंड्या, भूपेश शर्मा, हेमंत राणा, दिनेश चंद्र श्रीमाल, तुलसीराम सेवक सहित शहर के सनातनी उपस्थित रहें।

# निःशुल्क प्याऊ का किया शुभारंभ



डूंगरपुर। रोटरी क्लब भवन के निकट प्याऊ का शुभारंभ करते सदस्य। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपुर(पुकार)।** गर्मी में पानी के लिए परेशान राहगीरों को शुद्ध व शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए रोटरी क्लब डूंगरपुर एवं पी.पी. एज्युकेशन कॉपरेटिव सोसायटी ने प्याऊ का शुभारंभ किया।

शुक्रवार को रोटरी भवन के पास उदयपुर मुख्य मार्ग पर रोटरी अध्यक्ष पवन जैन की अध्यक्षता में रोटरी सदस्यों ने राहगीरों को पानी पिलाकर प्याऊ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर रोटरी के पूर्व अध्यक्ष अशोक शर्मा,पूर्व अध्यक्ष ऋषभ जैन, सचिव ऋषि दवे, जल मित्र हरीश मेहता, पार्षद नितिन प्रकाश चौबीसा, ब्रिजेश सोमपुरा आदि मौजूद रहें।

# सीमलवाड़ा बार एसोसिएशन ने किया भट्ट का स्वागत

**डूंगरपुर(पुकार)।** राजस्थान बार कॉन्सिल द्वारा सागवाड़ा के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल भट्ट को अनुशासन समिति का सदस्य बनाए जाने पर शुक्रवार को बार एसोसिएशन सीमलवाड़ा द्वारा न्यायालय परिसर सीमलवाड़ा में स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय, बालगोविंद पाटीदार, गौतमलाल रोत, श्रवण रावल, गिरधारी लाल रोत, प्रवीण रोत, नानूराम भगोरा, कल्पेश भारती, रीना डोडियार, कर्त्तव्य शाह, शांतिलाल कटारा, प्रवीण पाटीदार, कमलेश दामा व शैलेश रोत सहित अधिवक्ता मौजूद रहे। उसी प्रकार वरिष्ठ कांग्रेस जनों एवं संत सुरमालदास सेवा संस्थान सीमलवाड़ा के अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष महेंद्र भगोरा के नेतृत्व में होटल ऋतुराज के पास कार्यालय में फूलमाला पगड़ी एवं



सीमलवाड़ा। कपिल भट्ट का स्वागत करते एसोसिएशन पदाधिकारी ओर सदस्य। फोटोंः गुणवंत कलाल

शाल से स्वागत किया गया। इस दौरान वरिष्ठ नेता जिला महामंत्री हाजी हबीब भाई फूमती , विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बाल गोविंद पाटीदार, ओबीसी जिला अध्यक्ष राकेश लबाना , पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश भोई, यूथ कांग्रेस महामंत्री प्रवीण पाटीदार ,मिलन लबाना ,ब्लॉक सचिव शाहिद बंगा ,एनएसयूआई अध्यक्ष गोपाल रोत, एडवोकेट गिरधरलाल रोत ,रितेश भगोरा, कालू भाई बंजारा सहित कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण करते हुए बधाइयां प्रेषित की एवं बार एसोसिएशन द्वारा कपिल भट्ट को अनुशासन समिति का सदस्य मनोनीत होने पर बार एसोसिएशन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की बैठक सम्पन्न

**डूंगरपुर(पुकार)।** जिला उद्योग केन्द्र डूंगरपुर द्वारा लघु उद्योग भारती के सहयोग से डूंगरपुर मोची समाज के भवन में एक बैठक आयोजित की गई जिसका मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा चल रही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी देना रहा। आज की बैठक मे मुख्य अतिथि जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक भगवानदास जी रहे तथा विशिष्ट अतिथि लघु उद्योग भारती चित्तौड प्रांत के संयुक्त सचिव पवन जैन रहे।

कार्यक्रम में जिला उद्योग केन्द्र से अतिरिक्त निजी सचिव नरेंद्रपाल जैन और गीतेश पंड्या उपस्थित रहे। प्रारंभ में मोची समाज के अध्यक्ष शिवराम ने सभी का स्वागत किया और उसके बाद प्रांत संयुक्त सचिव पवन जैन ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से इस योजना से जुड़ने का आग्रह किया और इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा जिला उद्योग



डूंगरपुर। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की बैठक में विचार विमर्श करते पदाधिकारी एवं सदस्य। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

केन्द्र के महाप्रबंधक भगवानदास ने इस योजना की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की है और इसकी प्रक्रिया के बारे मे पूर्ण जानकारी प्रदान की और सभी को पूर्ण प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया इस बैठक मे समाज से राकेश मोची, दिनेश मोची, गोपाल मोची सहित 20 से अधिक युवा उपस्थित रहे अंत मे समाज के अध्यक्ष शिवराम मोची ने इस महत्त्वपूर्ण जानकारी देने के लिए समाज की तरह से लघु उद्योग भारती और जिला उद्योग केन्द्र का आभार प्रकट किया।

# श्री जागेश्वर महादेव का पाटोत्सव मनाया



डूंगरपुर। पाटोत्सव के तहत खडायता समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा। - फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपुर(पुकार)।** खड़ायता समाज, डूंगरपुर द्वारा कानेरा पोल स्थित मंदिर श्री जागेश्वर महादेव का 68 वां पाटोत्सव उत्साह पूर्वक मनाया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने सुबह मंदिर की सफाई और धुलाई का कार्यक्रम हुआ एवं शाम को मंदिर परिसर से शोभायात्रा एवं रेवाड़ी निकाली गई। जिसमें समाज के महिला-पुरुषों ने भजन कीर्तन करते हुए गरबा नृत्य किया। शोभा यात्रा में समाज जनों ने आकर्षक वेशभूषा के साथ रेवाड़ी लेकर मोची बाजार, धनलक्ष्मी मार्केट पुराने अस्पताल, सोनिया चौक, माणक चौक मार्ग से पुराने शहर का भ्रमण किया। रात्रि को भजन आरती के बाद प्रसाद का आयोजन हुआ।

# सावन की तरह दिन भर झुम कर बरसे मेघा

## भितरी शहर में सडक पर बहा दरिया



डूंगरपुर। बारिश के बाद सड़को पर बहता पानी तथा निकासी के अभाव में गेपसागर पाल पर जमा पानी। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपुर(पुकार)।** तीन दिनों से लगातार मौसम में आये बदलाव के बाद शुक्रवार दोपहर में अचानक बारिश का 15 से 20 मिनट तक बारिश का दौर चलनें से न केवल मौसम में ठण्डक आ गई अपितु सडकों पर भी तेज बहाव के साथ पानी बह निकला। जिसके कारण नालियों में जमा कचरा सडको पर फैल गया और एक बार फिर से परिषद की सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई।

शुक्रवार को दोपहर में अचानक लगभग 1 बजे बूंदाबांदी के साथ तेज बारिश का दौर शुरू हुआ। ऐसे में भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए आम नागरिक अपने वाहनों पर भिगता हुआ घरों की ओर तथा अन्य कार्यो के लिए जाता हुआ देखा गया। अचानक हुई इस बारिश ने जहां फौज का बडला, सर्राफा बाजार, कानेरा पोल, भोईवाडा, मोची बाजार आदि क्षेत्रो में सडकों पर तेज बहाव के साथ पानी बह गया। तो वही सीवरेज के लिए खोदे गये गड्डे तथा उनमे व्यवस्थित भराव के अभाव में गड्डो में तब्दिल हो गये और मिटटी भी सडको पर फैल गई जिससे कॉलोनी के कई क्षेत्रो में तथा आदर्श नगर लिक रोड पर चिकनी मिटटी फैलने के कारण वाहनधारी फिसलते हुए भी देखे गये तथा गडडो के कारण गलियो में आम आदमी का गुजरना भी भारी हो गया है। गेपसागर की पाल पर पानी निकासी के अभाव के कारण पाल के किनारे पर पानी भरा रहा। बेमौसम की इस बारिश के बाद मार्केट में भी सन्नाटा पसर गया।

# मालमाथा में रात्रि चौपाल, नानजी को मौके पर मिली राहत

**डूंगरपुर(पुकार)।** गुरुवार को मालमाता में आयोजित जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की रात्रि चौपाल में नानजी को मौके पर ही राहत मिली।

पंचायत समिति बिछीवाड़ा की ग्राम पंचायत मालमाथा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालमाथा में आयोजित रात्रि चौपाल में नानजी ने राजस्व अभिलेख में नाम शुद्धीकरण हेतु परिवर्तन प्रस्तुत की। उसने परिवेदना में जिला कलक्टर को बताया कि राजस्वअभिलेख में नार्निया पिता लालू दर्ज है जिससे राजस्व संबंधी कार्यों में कठिनाई आ रही है। इस पर जिला कलक्टर सिंह सिंह ने तहसीलदार को निर्देशित कर नियमानुसार शुद्धिकरण करवाया। मौके पर ही राजस्व अभिलेख में नाम संशोधन कर नानजी पिता लालू को शुद्धिकरण करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मौके पर ही हाथों-हाथ हुए कार्य से नानजी ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

चौपाल में ग्राम वासियों की परिवेदनाओं को आत्मीयतापूर्वक सुना तथा निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने एक एक कर अपनी परिवेदनाओं को जिला कलक्टर के समक्ष प्रस्तुत की, जिस पर जिला कलक्टर सिंह ने संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी से तथ्यात्मक जानकारी लेते हुए शीघ्रतापूर्वक नियमानुसार निस्तारण के निर्देश प्रदान किये।



डूंगरपुर। मालमाथा में आयोजित रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर को परिवेंदना सौपतें ग्रामीण। फोटोंः चन्द्रमौली चौबीसा

**विभागीय योजनाओं की दी जानकारीः**

रात्रि चौपाल में ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक स्वयं भी लाभ उठाएं एवं अन्य को भी लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें ।

जिला कलक्टर सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कचरा संग्रहण वाहन उपलब्ध करवाया जाएगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमानसिंह राठौड़ ने रात्रि चौपाल आयोजित करने के उद्देश्य की विस्तृत जानकारी दी ।

**ये आई परिवेदनाएंः**-रात्रि चौपाल में भमटीया फला में आगंनवाड़ी भवन निर्माण, वृद्धा पेन्शन चार माह से नहीं मिलने,प्रधानमंत्री आवास चाहने, विद्यालय भवन के विद्युत लाईन हटाने, राजस्व रिकॉर्ड में नाम सही करवाने, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय झालण को क्रमोन्नत कराने, ग्राम पंचायत मालमाथा में भमरिया फला को राजस्व गांव घोषित करने, बिछीवाड़ा से मालमाथा सड़क की चौडाई करवाने,हर-घर जल योजना व्यवस्था, जल जीवन मिशन से वंचित फलो को जोड़ने की परियोजना प्राप्त होने पर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार शीघ्र निस्तारण करने की निर्देश दिए। चौपाल में ग्राम पंचायत सरपंच बंशी लाल भगोरा, अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चंद्र धाकड़, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़, बिछीवाड़ा उपखंड अधिकारी मोहन लाल चौधरी,बिछीवाड़ा तहसीलदार शैलेन्द्र गोस्वामी, विकास अधिकारी महेश चंद्र अहारी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी गण एवं जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे।

**प्रतिभावान विद्यार्थियों का बढ़ाया हौसलाः**-जिला कलक्टर की अभिनव पहल के दौरान विद्यालय के उत्कृष्ट खिलाड़ियों व उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर प्रोत्साहित किया।

# जिला परिषद वार्ड उप चुनाव को लेकर कांग्रेस ने की तैयारियां

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** कांग्रेस सीमलवाड़ा नव मनोनीत ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कटारा की अध्यक्षता में पहली बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष वल्लभ राम पाटीदार सहित के नामों पर चर्चा की गई। दो दिन में पार्टी की ओर से दोनों वार्डों पर प्रत्याशी के नाम की घोषणा की जाएगी। जिलाध्यक्ष वल्लभ राम पाटीदार ने कहा कि कार्यकर्ताओं को



सीमलवाड़ा। बैठक में उप चुनाव को लेकर चर्चा करते हुए। गुणवंत कलाल

पाटीदार रहे। बैठक में पंचायतीराज चुनाव के तहत जिला परिषद वार्ड की दो सीटों पर उप चुनाव को लेकर चर्चा की गई। पीठ ओर कुंआ जिला परिषद वार्ड पर उप चुनाव होने है। उप चुनाव में कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रत्याशी घोषित करने योग्य उम्मीदवार चयन को लेकर चर्चा की गई। पीठ वार्ड उप चुनाव में संभावित उम्मीदवार राजमल कोठारी, जिला कोषाध्यक्ष चिराग पंड्या,ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राकेश लबाना ओर कुंआ वार्ड उप चुनाव में संभावित उम्मीदवार मनोहर सिंह चौहान, चिखली ब्लॉक अध्यक्ष डुले सिंह चौहान, एसटी मोर्चा प्रदेश मंत्री कारी लाल मीणा, रूप शंकर एकजुट कर प्रदेश सरकार की विफलताओं को को उजागर करने की जरूरत है। मनरेगा योजना में श्रमिकों को समय पर भुगतान नहीं हो रहा है, सामग्री सप्लाई ठेकेदारों को एक साल से एफटीओ नहीं हो रहे है। बैठक में चिखली ब्लॉक अध्यक्ष डुले सिंह चौहान,जिला उपाध्यक्ष महेंद्र भगोरा,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजमल कोठारी, महामंत्री रुपशंकर पाटीदार, ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राकेश लबाना,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मनोहर सिंह चौहान,जिला कोषाध्यक्ष चिराग पंड्या, प्रदुम्न सिंह चौहान, धवल पाटीदार,सुनील कटारा, गोपाल सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पालीवाल साधना-तपस्या हेतु जायेंगे बागेश्वर धाम

**डूंगरपुर(पुकार)।** समस्त ब्राह्मण एवं सर्व समाज सामुहिक विवाह समिति के पदाधिकारी हीरा भाई चंदानी के विशेष आग्रह पर संत एच आर पालीवाल का दो दिवसीय साधना-तपस्या हेतु खजुराहों (एमपी) के नजदीक बागेश्वर धाम 11 मई को जाना प्रस्तावित हुआ है।

समिति के उपाध्यक्ष रामलाल नकवाल ने बताया कि 11 वे सामुहिक विवाह की सफलता को देखते हुवे एवं 12 वा सामुहिक विवाह जल्द करवाने की प्रार्थना को ले कर संत जी के साथ 7 सदस्यों की टीम 11 मई को उदयपुर रेल्वे स्टेशन से रात्रि 10 बजे प्रस्थान करेंगे। वहाँ से पुनः उदयपुर के लिये 14 मई को प्रातः 9 बजे ट्रेन से उदयपुर के लिए बैठेंगे,जो 15 मई को सुबह 7 बजे उदयपुर पहुंचेंगे। नकवाल के अनुसार यह बागेश्वर धाम की यात्रा संत के साथ हमारी पहली बार हो रही है। संत पालीवाल 2 दिवसीय साधना-तपस्या के साथ खजुराहों मन्दिर मे दर्शनार्थ जायेंगे। हमारी टीम में चन्द्र प्रकाश सोनी, कनिष्क पालीवाल, प्यारेलाल, प्रेम प्रकाश बारी संत के साथ रहेंगे। यह जानकारी समिति के प्रान्तीय अध्यक्ष योगेशचन्द्र पंड्या ने दी।

### वरदान स्कूल में कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**डूंगरपुर(पुकार)।** वरदान सीनियर सेकेंडरी स्कूल,नवाडेरा में शुक्रवार को मातृ दिवस के अवसर पर एक कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस रचनात्मक गतिविधि विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी भावनाओं को रंगों व शब्दों के माध्यम से सुंदरता से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में मातृप्रेम, संवेदनशीलता और रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना था। छात्रों द्वारा तैयार किए गए। कार्ड्स में मां के प्रति प्यार, सम्मान और आभार के भाव झलकते नजर आए। प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक पैनल की सदस्य कांमाक्षी शाह और अंजना त्रिवेदी द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों की मेहनत और कल्पनाशक्ति की सराहना करते हुए कहा कि हर कार्ड में एक अलग भाव छिपा था। कहीं प्रेरणा, कहीं त्याग और कहीं ममता की गहराई।

प्रतियोगिता में विशेष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में जयस्वी कटारा, ऋग्वि व्यास, आरोही नाई, विधि कलाल, इरम ख़ान और आर्या अनिल लोहार शामिल रहे। कार्यक्रम के आयोजन और संचालन में कृतिक जोशी, आशीष पहाड़, जॉन्टी शाह, दमिनी कलाल, दिलीप यादव और विनीता जैन का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय के निदेशक सौरभ जैन ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा, ''मां एक भावना है, और आज बच्चों ने उस भावना को रंगों और शब्दों के माध्यम से खूबसूरती से अभिव्यक्त किया है।

### भारत सैनिकों की रक्षार्थ हेतु महादेव से प्रार्थना

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** पहलगाम में आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत के बाद भारत ने पाकिस्तान आतंकियों के खिलाफ जंग शुरू कर दी है। पाकिस्तान को चारों ओर से प्रहार शुरू किया गया है। इस जंग में भारत सैनिकों के रक्षार्थ हेतु पाडली गुजरेश्वर महादेव मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने भगवान महादेव की पूजा अर्चना कर प्रार्थना की। साथ ही पाकिस्तानी आतंकियों का जड़ से खात्मा करने की भी प्रार्थना की।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण रोत, मंडल महामंत्री देवीसिंह चौहान, पंकज जैन, देवीलाल कटारा, लक्ष्मण गमेती, उदय लाल , राकेश कलासुआ, राजेश रोत , गणेश रोत, उदयलाल , दिनेश कटारा, लक्ष्मण रोत ,जीवराम यादव ,कारीलाल रोत सहित मौजूद रहे।

### राजस्थान आदिवासी संघ स्थापना दिवस 22 को

**डूंगरपुर(पुकार)।** शहर के गांधी आश्रम स्थित वाटिका हॉल में आगामी 22 मई को राजस्थान आदिवासी संघ का 59 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है।

स्थापना दिवस पर समस्त राजनैतिक दलो के वर्तमान एवं पूर्व सदस्य, डूंगरपुर जिले के सामाजिक संगठनों के मुखिया व पदाधिकारी मेट, कोटवाल, साधु संत, सरपंच, वार्ड पंच, वर्तमान व पूर्व सभी जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, पालों के गमेती, पंच पटेल, वकील, शिक्षित प्रशिक्षित, आदिवासीसमाज के भाई बहिन भाग लेगे। स्थापना दिवस पर अनुसूचित क्षेत्र की समस्याओं की समीक्षा की जायेगी। साथ ही समाज को दिशा देने पर विचार विमर्श भी किया जायेगा।

### एसएमसी, एसडीएमसी बैठक हुई आयोजित

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गड़ा वाटेश्वर ब्लॉक सीमलवाड़ा में एसएससी और एसडीएमसी की बैठक लक्ष्मण कुमार डामोर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीमलवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में हुए व्यय का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। व सामग्री का भौतिक सत्यापन किया गया। बैठक में राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओ के बारे में जानकारी दी गई।बैठक में जयंतीलाल अहारी सरपंच,सतीश खराड़ी एसएमसी अध्यक्ष, मानजी खराड़ी,जितेंद्र डामोर ,रमेश ननोमा,लाली देवी ननोमा आदि सदस्य ,विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।बैठक का संचालय कार्यवाहक प्रधानाचार्य संजय पाटीदार ने किया।

### नरेगा कार्यो के निरीक्षण में भारी गड़बडिया पाई, कार्मिकों को नोटिस जारी

**डूंगरपुर(पुकार)।** ग्राम पंचायत सतीरामपुर में स्वीकृत प्रगतिरत कार्य का अतिरिक्त विकास अधिकारी एवं मनोज शर्मा सहायक विकास अधिकारी, पंचायत समिति डूंगरपुर द्वारा मई, के प्रथम सप्ताह में बदी वाला एनिकट गहरा करना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके मेट मय मस्टर रोल अनुपस्थित पाये जाने, टास्क नहीं दिया जाना, जॉब कार्ड में इन्द्राज नहीं करना, मौके पर टास्क की तुलना में अत्यन्त कम कार्य पाया जानाए कार्य स्थल पर मात्र 11 श्रमिक उपस्थित पाये गये जबकि श्रमिकों की ऑनलाइन



उपस्थिति का परीक्षण करने पर 67 श्रमिकों की उपस्थिति पायी पाया जाना। कम उपस्थिति पर अधिक श्रमिकों की उपस्थिति तथा एक ही श्रमिक की बार बार एक से अधिक बार फोटो खिच कर फर्जी हाजरी दर्ज करना घोर लापरवाही, वित्तीय अनियमितता, मेट के दायित्वों का निर्वहन नहीं करने के कारण संबंधित कार्य के मेट रेखा शान्तिलाल यादव को तत्काल प्रभाव से ब्लेक लिस्ट किया गया।

इसी तरह कनिष्ठ सहायक रमेश कलासुआ अनुपस्थित पाये गये जिन्हें नोटिस जारी किया। जिसमें ग्राम पंचायत सतीरामपुर पंचायत समिति डूंगरपुर में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्य करते हुए ग्राम पंचायत में संचालित महात्मा गांधी महानरेगा योजना में निम्नानुसार अनियमितता की जा रही है। ग्राम पंचायत सतीरामपुर में बिना सक्षम स्तर से अवकाश एवं मुख्यावास छोड़ने की स्वीकृति प्राप्त किये अनुपस्थित पाये गये। महानरेगा कार्यो का निरीक्षण नहीं करने, फर्जी श्रमिक उपस्थिति दर्ज करने कार्य स्थल सुविधाओं की व्यवस्था नहीं करने पर महात्मा गांधी महानरेगा अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन करना पाया गया।

### कॉल्विन शिल्ड चयन ट्रायल में 80 खिलाडीयों ने लिया भाग

**48 खिलाडीयों का हुआ चयन**

**डूंगरपुर(पुकार)।** राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित होने वाली कॉल्विन शिल्ड स्टेट चैंपियनशिप के लिये जिलें की क्रिकेट प्रतिभाओ ने लक्ष्मण मैदान पर अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर चयन ट्रायल में भाग लिया। जिलें के कुल 80 युवा प्रतिभाओ ने ट्रायल में भाग लिया।

जिला क्रिकेट संघ डूंगरपुर के सचिव सुशील जैन ने बताया कि डूंगरपुर जिले कि टिम के लिये चयन ट्रायल शुक्रवार को लक्ष्मण मैदान पर आयोजित हुई। जैन ने बताया चयन ट्रायल में जिले भर से लगभग 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें जिला क्रिकेट संघ के चयनकर्ताओं ने संभावित 48 खिलाड़ियों का चयन किया। संभावित 48 खिलाड़ियों लेकर जिला क्रिकेट संघ चार टिमे करुणेश जोशी एकादश, राज सिंह एकादश, लक्ष्मण सिंह एकादश, नाहर सिंह एकादश बनाकर चैलेंजर ट्रॉफ़ी का आयोजन किया जाएगा। चैलेंजर ट्रॉफ़ी में चयन अच्छे प्रदर्शन के आधार पर डूंगरपुर टिम के लिए चयन जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### हिन्दुस्तान स्काउट गाइड शिविर का समापन



**उदयपुर (पुकार)।** पेसिफिक कॉलेज ऑफ टीचर्स एज्युकेशन में आज सात दिवसीय हिन्दुस्तान स्काउट गाइड का समापन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो- दिलेन्द्र हिरण चेयरमैन फैकल्टी ऑफ सांइस एंड टैक्नोलॉजी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेन्द्र औदिच्य राज्य सचिव, साथ ही डॉ खेलशंकर व्यास डीन फैकल्टी ऑफ एज्युकेशन, डॉ कपिलेश तिवारी प्रिसिंपल, डॉ- हेमन्त पंड्या उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रो.- हिरण ने कहा कि देश में वर्तमान समय की स्थितियों को देखते हुए स्काउट गाइड को सदैव तत्पर रहना होगा, डॉ- व्यास ने छात्रों को अनुशाशित जीवनद्मशैली में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिविर प्रभारी डॉ. कविता सागर, डॉ कपिल जैन सहित सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे। शिविर के दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन, सांस्कृतिक संध्या, मॉक ड्रिल आदि का आयोजन किया गया।

### ट्रांसपोर्ट उद्योग से संबद्ध व्यापारी जिलाधीश एवं प्रदेश परिवहन अधिकारी से मिले



**उदयपुर (पुकार)।** पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान पर की गई भारतीय सेना की जोरदार कारवाई का देश के सभी वर्गों ने स्वागत किया है। ऐसे मैं देश की परिवहन जगत की सर्वोच्च संस्था ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस का संगठन भी मजबूती से सेना के साथ खड़ा है। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह भाटी ट्रांसपोर्ट नेता नरेन्द्र सिंह शेखावत पूर्व महामंत्री रतन सिंह राणावत वरिष्ठ सदस्य उदयलाल डांगी रमेश गुप्ता ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर नमित मेहता प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ज्ञानदेव विश्वकर्मा से मिलकर पत्र सौंपा जिसमे कहा की ट्रांसपोर्ट क्षेत्र भी राष्ट्रहित मैं किसी भी सेवा के लिए तैयार है। कहा की हम हर मोर्चे पर सेना के साथ है, चाहे वह सामग्री की ढुलाई हो, आपातकालीन यातायात सुविधा हो या अन्य किसी प्रकार की रसद सहायता पहुंचाने का कार्य हो।

उन्होंने कहा की कठिन घड़ी मैं यदि सेना को किसी प्रकार की रसद आपूर्ति या मानव संसाधन की आवश्यकता पड़ी तो देश के लिए ट्रांसपोर्ट समुदाय तैयार है। उन्होंने कहा की सेना हमारे गौरव व स्वामिभान का प्रतीक है ऐसे मैं ट्रांसपोर्ट क्षेत्र भी राष्ट्रहित मैं हर समय तैयार है। जिला कलेक्टर ने ट्रांसपोर्ट क्षेत्र की भावना की सराहना की।

### 'विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरण'



**उदयपुर (पुकार)।** गिर्वा क्षेत्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डाकन कोटड़ा में स्वर्गीय लक्ष्मी देवी डांगी निवासी बड़ा नोखा की स्मृति में विद्यार्थियों को स्टेशनरी का वितरण किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ गणेश लाल कलाल ने परिवारजनों का मेवाड़ी परम्परा से स्वागत करते हुए कहा कि जनजाति क्षेत्र के विद्यालय में बालको की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होती है। ऐसे में भामाशाह ही सहयोग करके उन्हें संबल प्रदान करते है। कार्यक्रम संयोजक विनोद गदिया ने बताया कि इस अवसर पर परिवार के सदस्यों ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को रजिस्टर, बॉक्स पेन, पेंसिल, बिस्किट आदि वितरित किए। व भविष्य में भी छात्रों को हर तरह के सहयोग की बात कही।

### आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सा शिविर सोमवार से

**उदयपुर (पुकार)।** आयुर्वेद विभाग उदयपुर के सहयोग से 41वें विशाल 5 दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सा शिविर का आयोजन 12 से 16 मई तक आरोग्य समिति राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय, सिंधी बाजार, उदयपुर में होगा। शिविर के दौरान प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोगियों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. शोभालाल औदीच्य ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य रोगियों को आयुर्वेदिक पंचकर्म चिकित्सा के माध्यम से राहत प्रदान करना है। शिविर में सायटिका, कमर दर्द, माइग्रेन, फ्रोजन शोल्डर, स्पॉन्डिलाइटिस, घुटनों व जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं के लिए विशेष आयुर्वेदिक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इस पंचकर्म चिकित्सा में कटी बस्ती, जानु बस्ती, शिरोधारा, पत्र पिंड स्वेद, धारा स्वेदन और सर्वांग अभ्यंग जैसी प्रभावी प्रक्रियाएँ शामिल हैं, जो शरीर को अंदर से शुद्ध करने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और समग्र स्वास्थ्य में सुधार करने में सहायक हैं।

### ग्रीष्म कालीन घूमर कार्यशाला 17 मई से

**उदयपुर (पुकार)।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर की ओर से 11 से 18 वर्ष की बालिकाओं के लिए 15 दिवसीय ग्रीष्म कालीन घूमर कार्यशाला का आयोजन 17 से 31 मई तक बागोर की हवेली में किया जाएगा।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि कार्यशाला 17 मई से प्रारंभ होगी, जिसमें 11 से 18 वर्ष की बालिकाएं भाग ले सकेंगी। कार्यशाला का समय प्रतिदिन सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। इसमें विशेषज्ञ विजयलक्ष्मी आमेटा प्रतिभागियों को घूमर नृत्य की बारीकियां सिखाएंगी। कार्यशाला के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 16 मई शाम 5 बजे तक गूगल फॉर्म ीजजचेरू//जपदलनतस.बवउ/ँब्ल्न्क् भर कर सकते है। इसके अलावा बागोर की हवेली स्थित केंद्र कार्यालय पर भी ऑफिस टाइम में जाकर सीधे रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। कार्यशाला में तैयार लोक नृत्यों की प्रस्तुति का मंचन दर्पण सभागार में किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी 12 से

**उदयपुर (पुकार)।** राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी का आयोजन दिनांक 12 से 14 तक स्थानीय उदयपुर जिले में आयोजित हो रहा है जिसमें समुचे राजस्थान के सात संभागों से चयनित 350 प्रतिभागी यहां पर स्थित एम एम शरण पब्लिक स्कूल सूरजपोल उदयपुर में भाग लेंगे।

तैयारी बैठक का जायजा लेते हुए जिले की प्रभारी अधिकारी श्रीमान लोकेश भारती जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक उदयपुर, मुख्यालय ने बताया कि प्रतियोगिता के सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। आवास, पंजीयन, भोजन, प्रमाण पत्र लेखन से लगाकर सभी प्रभारों के लिए अलग-अलग प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

तैयारी बैठक में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुरलीधर चौबीसा, प्रत्युष जैन, दीपक व्यास, चिराग आमेटा, मनोज पाठक समेत व्यवस्था में लगे समस्त कार्मिक उपस्थित थे।

# फतह स्कूल में भव्य श्याम महोत्सव कीर्तन आज,

## नंदू भैया, नरेश सैनी व बंटू भैया समेत कई नामी कलाकार पहुंचे

**दूसरे दिन महिलाओं ने रचाई श्याम नाम की मेहंदी**

**बाबा का दरबार निर्माण अंतिम चरणों में, कोलकोता और दिल्ली से आए फूल**





**उदयपुर (पुकार)।** श्री खाटू श्याम मित्र मण्डल ट्रस्ट की ओर से 9वें तीन दिवसीय श्री श्याम महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को महिलाओं ने बाबा श्याम के नाम की मेहंदी रचाई। इधर, श्री श्याम दरबार निर्माण अंतिम चरणों में है। बंगाली कारीगारों की टीम समुद्र की थीम पर अलौकिक दरबार सजा रही है।

मित्र मण्डल ट्रस्ट की महिला विंग की कार्यकर्ता बडी संख्या में शाम को श्री श्याम महोत्सव स्थल फतह स्कूल ग्राउंड पर एकत्र हुई, जहां उन्होंने आयोजन की सफलता की कामना के साथ अपने हाथों में बाबा श्याम के नाम की मेहंदी रचाई। खाटू श्याम के भजन गाते हुए और जयकारें लगाती हुई महिलाओं में मेहंदी लगाने की प्रति अपार उत्साह रहा। मित्र मंडल के सुनील बंसल ने बताया कि बाबा श्याम को मेहंदी अति प्रिय है और सनातन धर्म में हर अच्छे आयोजन में मेहंदी लगाने की परंपरा है, इसलिए महोत्सव के दूसरे दिन मेहंदी का कार्यक्रम रखा गया। महिलाओं के साथ कई पुरुष कार्यकर्ताओं ने भी प्रतीकात्मक स्वरुप अपने हाथों पर मेहंदी लगवाई। बडी संख्या में महिलाओं के होने से मेहंदी बनाने में निपुण पायल यादव, मुस्कान यादव, युक्ता भटनागर, बरखा अग्रवाल, मुस्कान लड्ढा, प्रतिभा बत्रा और डिम्पल खटीक ने निशुल्क सेवा प्रदान की।

**आज खाटू श्याम का एतिहासिक भव्य श्याम कीर्तन**

महोत्सव का मुख्य आयोजन 10 मई को श्री श्याम कीर्तन के साथ होगा। यह आयोजन शाम सवा 7 बजे से प्रभु ईच्छा तक चलेगा। श्री श्याम कीर्तन में श्री धाम वृंदावन से नंदू भैया, गुरुग्राम से नरेश सैनी व नजफगढ से बंटू भैया जैसे बडे कलाकारों के साथ ही दिल्ली से महावीर अग्रवाल वासु व मयूर रस्तोगी भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कुछ कलाकार शुक्रवार शाम तक उदयपुर पहुंच गए। जयपुर से बुंदू भाई का म्यूजिकल ग्रुप इस आयोजन में शामिल होगा। महोत्सव में छोटा खाटूधाम नजफगढ से गुरु मां उषा बाईजी व गुरु श्री उमानंदजी के साथ ही पंडित पंकज शर्मा का पावन सानिध्य भी मिलेगा।

**समुद्र की थीम पर सज रहा बाबा का दरबार**

श्री श्याम महोत्सव के लिए बाबा का भव्य दरबार निर्माण फतह स्कूल ग्राउंड पर हो रहा है जो अब अंतिम चरणों में है। बाबा का दरबार सजाने वाली टीम के मुखिया दिल्ली के नवीन कसेरा और इनकी टीम ने दरबार की सजावट और थीम को अंतिम रुप दिया। उन्होंने बताया कि पहली बार उदयपुर में समुंद्र की थीम पर दरबार सजाने का प्रयोग होगा जिसमें वासुदेव यमुना में बाल स्वरुप श्याम को ले जाते दिखेंगे। यह अपने आप में अलौकिक दृश्य होगा जिसके लिए उनकी करीब 40 लोगों की टीम 40 फीट उंचा और 80 फीट चौडा दरबार सजाने में लगी हुई है। टीम की कोशिश है कि बाबा का दरबार खाटू जैसा ही सजाया जाए। मंच पर बाबा श्याम के साथ ही भगवान गणेशजी और सालासर बालाजी की प्रतिमा भी सजाई जाएगी। साथ ही गौ ग्वाल भगवान कृष्ण का विशेष स्वरुप सजाया जाएगा जो अपने आप में अनूठा होगा।

## कार्यक्रम 'अपनों से अपनी बात' : आप बीती सुनाते फफक पड़े दिव्यांगजन

**उदयपुर (पुकार)।** नारायण सेवा संस्थान में त्रिदिवसीय 'अपनों से अपनी बात' कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार को अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि कठिन एवं प्रतिकूल परिस्थितियों में व्यक्ति का एकमात्र सहायक संयम ही है। धैर्य रखने से हालात को अनुकूल बनाने की राह मिलती है। जब दूसरों की मुसीबत में हम बढ़ेंगे तो हमारी मदद के लिए भी हाथ स्वतः आगे आएंगे।

इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न भागों से आए दिव्यांगजन भाग ले रहे हैं। संस्थान ने इनके लिए विशेष नारायण कृत्रिम हाथ- पैर बनवाए हैं। जिन्हें पहनकर यह उठने- बैठने और चलने और उनसे काम लेने का ऑर्थोटिस्ट प्रशिक्षक की देखरेख में अभ्यास कर रहे हैं।

कार्यक्रम में हरिद्वार की दिशा सेन, प्रतापगढ़ के पंकज कुमार, महाराष्ट्र - अकोला के जय कुमार, हरियाणा - अंबाला के रणजीत सिंह, दिल्ली की मीना कुमारी, उत्तर प्रदेश -गोंडा के आदित्य सिंह सहित अन्य दिव्यांगजन हादसों में हाथ -पैर अथवा पैर से विकलांगता की व्यथा - कथा सुनाते हुए फफक पड़े। अग्रवाल ने कहा कि व्यक्ति को कभी अहंकार नहीं करना चाहिए। अहंकार से बल, बुद्धि और समृद्धि का नाश होता है। जिनके पास ये तीनों चीजें हैं, वे समाज में परिवर्तन ला सकते हैं। अंधकार में रोशनी की किरण बन सकते है। उन्होंने आग्रह किया कि शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में आज दानवीरों की महती जरूरत है। ये दोनों ही चीजें व्यक्ति की बुनियादी जरूरतें हैं। इसी सोच से सरकार शिक्षा और चिकित्सा को निःशुल्क देने की ओर तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जीवन में रिश्तों का खास महत्व है। व्यक्ति कितनी भी पद - प्रतिष्ठा और सम्पत्ति पा ले, लेकिन उसके अपने निकटवर्ती लोग ही उसके साथ नहीं हैं, वो सब व्यर्थ है। व्यक्ति की दृढ इच्छा शक्ति और उसके अपने ही उसे सफलता के शिखर तक पहुंचाने में मददगार होते हैं। पद, प्रतिष्ठा और धन तो है, लेकिन सेवा का, परमार्थ और पीड़ित को मुस्कराहट देने भाव और सामर्थ्य नहीं है तो भी जीवन बेकार है। प्रभु हमें किसी की मदद का, किसी को अपनाने और खुद से बदलने का अवसर देते हैं, जिसको अहंकार वश गंवा देना ठीक नहीं है।

## अतिदेय ब्याज व दंडनीय ब्याज छूट

**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान सरकार की बजट घोषणा 2025-26 अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड से ऋण प्राप्त ऋणियों को राहत प्रदान करते हुए एक मुष्त समाधान योजना 2025 लागू की गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्रीमती खुषबु शर्मा ने बताया कि योजना के दो चरण हैं। प्रथम चरण 1 मई से 30 सितम्बर 2025 तक लागू रहेगा। इसमें एक मुष्त चुकारा करने पर अतिदेय ब्याज व दंडनीय ब्याज की छूट प्रदान की जाएगी। द्वितीय चरण 1 अक्टूबर से 31 दिसम्बर 2025 तक लागू रहेगा। इसमें ऋणियों को केवल दंडनीय ब्याज की छूट प्रदान की जाएगी। श्रीमती शर्मा ने समस्त ऋणी प्रथम चरण में उक्त योजना का अधिकाधिक लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# शिक्षा से होता है बच्चों में नैतिक मूल्यों और संस्कार का बीजारोपण-फूल सिंह मीणा



**उदयपुर (पुकार)।** नोबल पब्लिक सेकेंडरी स्कूल, बेदला खुर्द, उदयपुर के रजत जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने कहा कि उचित शिक्षा से ही बच्चों में नैतिक मूल्यों और संस्कारों का बीजारोपण होता है, जिसके लिए विगत 25 वर्षों प्रतिबद्ध नॉबल पब्लिक स्कूल प्रतिबद्ध है।

आज नॉबल पब्लिक सेकेंडरी विद्यालय का रजत जयंती समारोह सुखाडिया रंगमंच, नगर निगम (टाउन हॉल) उदयपुर में मनाया गया।

समारोह के मुख्य अथिति फूल सिंह मीणा व डॉ. उमा शंकर नागदा पूर्व उप कुलपति महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर, विशिष्ठ अथिति अंतर्राष्ट्रीय कवि राव अजात शत्रु, मोहन लाल डांगी सरपंच, लखावली ग्राम पंचायत, अलंकृत विकास संस्थान उदयपुर की संस्थापिका श्रीमती चंदा पुष्करणा, अध्यक्षा श्रीमती कौशल देवी शर्मा, सचिव मदन गोपाल शर्मा, जादूगर राज तिलक, प्रताप दल मेवाड़ के अध्यक्ष ओंकार लाल जोशी एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेम शंकर पुष्करणा उपस्थित थे। इस अवसर पर 24 विद्यार्थियों ने विविध कार्यक्रमों की प्रस्तुति दे कर समां बांध दिया।

डॉ. उमा शंकर नागदा ने पूर्व छात्रों का सम्मान करते हुए विद्यालय द्वारा किये गए श्रेष्ट कार्यों के लिए प्रशंसा की। कवि राव अजात शत्रु ने ऑपरेशन सिंदूर पर अपनी नयी रचना प्रस्तुत कर सभी में देश भक्ति का जोश भर दिया। प्रधानाध्यापक प्रेम शंकर पुष्करणा ने सभी अतिथियों का स्वागत व सम्मान करते हुए विद्यालय के 25 वर्षों की विकास यात्रा का ब्यौरा प्रस्तुत किया अंत में संस्थापिका श्रीमती चंदा पुष्करणा ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।



## संतो महंतों द्वारा सिंदूर तिलक अभियान का आगाज

**उदयपुर (पुकार)।** भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को सफलता पूर्वक धवस्त होने पर बजरंग सेना मेवाड़ एवं सर्व संप्रदाय संत संस्थान के नेतृत्व मे सिंदूर तिलक अभियान का आगाज किया गया।

बजरंग सेना मेवाड़ प्रमुख कमलेंद्र सिंह पँवार ने बताया कि संतो के सानिध्य मे शौर्य और सुहाग के प्रतिक हनुमान जी को अर्पित किये गए सिंदूर को हर सनातनियों को मस्तक पर सिंदूर लगाने के अभियान का आगाज सेकड़ों मातृशक्ति एवं भक्तों को तिलक लगाकर किया गया।

पँवार ने बताया कि इस मोके पर हिरण मगरी सेक्टर 14 मे एक शाम देश के नाम पर भव्य देश भक्ति भजन संध्या का आयोजन रखा गया, जिसमे हर उपस्थित देशप्रेमी भजनों पर जमकर थिरके और भारत माता की जयकार से आसमान को गुंजायमान कर गया। उपस्थित संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष महंत इन्द्रदेव दास, महासचिव महंत राधिका शरण शास्त्री उपाध्यक्ष महंत प्रवीण दास, कोषाध्यक्ष महंत नारायण दास वैष्णव, संगठन मंत्री महंत दयाराम रामसनेही, हरिहर आश्रम महंत सुंदर दास, शिक्षक प्रमोद वर्मा, संत हितनिमिश,

हितभव्यांश के साथ उपस्थित भक्तमय नंदिनी सखी, मां मीरा सखी ने कहा कि हर एक सनातनी अपने मस्तक पर टिका लगाए। यह टिका शौर्य और सनातन धर्म के प्रति सम्मान है।

## उदयपुर के संगीत की गूँज सारे विश्व में गूंजेंगी - मुकेश माधवानी



**उदयपुर (पुकार)।** झीलों की नगरी उदयपुर में संगीत संग्रहालय की स्थापना को लेकर चल रहे प्रयास अब रंग लाने लगे हैं। 'सुरों की मंडली' के संस्थापक अध्यक्ष मुकेश माधवानी द्वारा इस विषय में जिला कलेक्टर को दिए गए पत्र और व्यक्तिगत मुलाकात के बाद अब जिला प्रशासन ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए 7 मई को विभिन्न संबंधित विभागों को पत्र जारी किया है।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) वार सिंह द्वारा जारी इस पत्र के माध्यम से आयुक्त, नगर निगम उदयपुर; आयुक्त, उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए); तथा उपनिदेशक, पर्यटन विभाग, उदयपुर को नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। पत्र के साथ मुकेश माधवानी का मूल प्रस्ताव भी संलग्न किया गया है। मुकेश माधवानी का प्रयास रहा है कि उदयपुर में एक ऐसा संगीत संग्रहालय स्थापित हो, जो प्रदेशभर के संगीत प्रेमियों का केंद्र बने। संग्रहालय में पारंपरिक और आधुनिक वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी के साथ-साथ कलाकारों को संगीत की शिक्षा भी प्रदान की जाएगी।

# बड़गांव सैटेलाइट चिकित्सालय में मिली बेहतर सुविधाएं

**जिला कलक्टर नमित मेहता का बड़गांव दौरा**

**उदयपुर (पुकार)।** जिला कलक्टर नमित मेहता ने शुक्रवार को राजकीय सैटेलाइट चिकित्सालय और उपखण्ड अधिकारी कार्यालय, बड़गांव का औचक निरीक्षण किया। जिला कलक्टर बिना किसी पूर्व सूचना के राजकीय सैटेलाइट चिकित्सालय पहुंचे और वहां पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर मेहता ने चिकित्सालय के इंचार्ज डॉ अशोक शर्मा से चिकित्सकों की संख्या, ओपीडी संख्या, दवाओं, जांच सुविधा और संस्थागत प्रसव की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

**निजी से बेहतर सुविधा-** उन्होंने सामान्य वार्ड में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से सीधे संवाद कर सुविधाओं और व्यवस्थाओं की वास्तविकता जानी। इस दौरान नवरतन कॉम्प्लेक्स, उदयपुर निवासी प्रवीण खामेसरा ने जिला कलक्टर को बताया कि उन्हें सर्जरी के बाद तीन-चार महीने से बुखार रहता है। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में दिखाने के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ, लेकिन जब उन्होंने यहां डॉ अशोक शर्मा को दिखाया तो यहां की सुविधाओं और स्टाफ की मेहनत देखकर वे दंग रह गए। उनका एक रुपया भी खर्च नहीं हुआ।

**अन्नपूर्णा रसोई के बाहर मलबा हटवाने और सफाई के निर्देश-** निरीक्षण के दौरान, जिला कलक्टर मेहता ने सेटेलाइट अस्पताल के पास अन्नपूर्णा रसोई के बाहर गंदगी और मलबा पड़ा हुआ देखा। इस पर उन्होंने तुरंत रसोई संचालक को बुलवाया और मलबा हटाने और साफ-सफाई रखने के सख्त निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय में मलबा नहीं हटाया गया और साफ-सफाई नहीं मिली तो ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

**सेटेलाइट चिकित्सालय के लिए भूमि आवंटन करवाओ-** एक महत्वपूर्ण पहल के तहत जिला कलक्टर न चिकित्सा अधिकारी डॉ गुलनाज परवीन से सेटेलाइट चिकित्सालय के बारे में जानकारी ली। जिला कलक्टर ने सीएमएचओ डॉ अशोक आदित्य को सेटेलाइट चिकित्सालय के लिए अलग से भूमि आवंटित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस संबंध में आवश्यक प्रस्ताव उपखंड अधिकारी के कार्यालय में भिजवाने के लिए भी कहा, ताकि चिकित्सा सेवाओं का विस्तार किया जा सके। जिला कलक्टर ने बड़गांव उपखण्ड अधिकारी कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उपखण्ड अधिकारी निरमा बिष्णोई से राजस्व एवं न्याय अनुभाग, भूमि अवाप्ति, रीडर अनुभाग, ई-फाइलिंग व लंबित राजस्व प्रकरणों आदि की जानकारी ली। भवन के निरीक्षण के दौरान आवश्यक मरम्मत कार्य और पुराने सामान का निस्तारण करने, कर्मचारियों को आवश्यकता और कुशलता के अनुसार समायोजित करने और क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

# तीन दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आज से



**उदयपुर (पुकार)।** नवनिर्मित देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ जिनालय का पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव, ध्वज दंड स्थापना, कलशारोहण, जिन बिम्ब स्थापना एवं विश्व मैत्री महायज्ञ महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन शनिवार 10 मई से प्रारम्भ होगा।

उक्त आयोजन की जानकारी देते हुए सुधीर कुमार जैन ने बताया कि 53 ए ब्लॉक श्रीनाथ नगर शीतल पार्क के पास सेक्टर 9 उदयपुर में होने वाले इस आयोजन में परम पूज्य वात्सल्य मूर्ति प्रज्ञा श्रमण मुनि श्री 108 पुण्य सागर महाराज ससंघ का पावन सानिध्य मिला है, साथ ही बाल ब्रह्मचारी वीना दीदी एवं ब्रह्मचारी विकास भैया का मार्गदर्शन भी मिलेगा। इस हेतु मुनि श्री पुण्य सागर महाराज ससंघ का शुक्रवार को प्रातः 8.30 बजे श्रीनाथ नगर में मंगल प्रवेश हुआ। प्रातकालीन वेला में शोभायात्रा के साथ सैकड़ो श्रावकों की मौजूदगी में मुनि श्री पुण्य सागर महाराज हिरण मगरी सेक्टर 4 से विहार कर हंसा पैलेस, जड़ाव नर्सरी होते हुए शोभायात्रा के साथ श्रीनाथ नगर पहुंचे।

यहां पहुंचने पर मुनि श्री ससंघ की सकल दिसंबर जैन समाज द्वारा भव्य अगवानी की गई। इस दौरान पूर्व उप महापौर पारस सिंघवी, पंडित अरविंद जैन, कमलेश सिंघवी, नितिन जैन, भरत रतनावत एवं नमन जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रतिष्ठाचार्य संहितासुरी पंडित हसमुख जैन नंदनवन धरियावद वाले तथा आयोजन के प्रेरणा स्त्रोत एवं आधार स्तंभ नितिन भैयाजी सीपुर वाले हैं।

इस दौरान आयोजित धर्म सभा में मुनि पुण्य सागर महाराज ने उपस्थित श्रावकों से कहा कि पंचकल्याणक महोत्सव का आयोजन होना ही अपने आप में बहुत ही पूर्ण और महान धार्मिक कार्य है। हर व्यक्ति को जीवन में एक बार यह पंचकल्याणक करवानें का पुण्यार्जन करना चाहिए। अपनी श्रद्धा के अनुसार एक दिन तीन दिन 5 दिन जो भी आप करवा सकें यह पुण्य कार्य करवाना चाहिए। पंचकल्याणक सम्यक दृष्टि प्राप्त करने का कारक माना गया है। इस दौरान पत्थर भगवान का रूप धारण कर लेते हैं। इस महान धार्मिक कार्य में मनुष्य को अपने मन वचन काया की अनुमोदना के साथ यह संपादित करना चाहिए। उदयपुर की धरती पर आज मुनि संघ उपस्थित हुआ है इससे आप सभी को पुण्य लाभ मिला है।

जैन ने बताया कि पंच कल्याणक कार्यकारिणी में अध्यक्ष ऋषभ जसिंगोत, उपाध्यक्ष जतिन गांधी, संरक्षक कमल गामड़िया, महामंत्री भूपेंद्र मदावत, सह मंत्री कमलेश भूता एवं कोषाध्यक्ष विमल सेठ के साथ ही सहयोगी मंडल में कल्प श्री महिला मंडल वात्सल्य पुण्य संस्थान पद्मावती महिला मंडल एवं पद्मावती युवा संस्थान मुख्य है। इस आयोजन में संगीत का संतोष कुमार एंड पार्टी मंच कलाकार रविंद्र जैन होंगे।

जैन ने बताया कि आयोजन के प्रथम दिन प्रातः 6.15 बजे जिनाज्ञा, देवाज्ञा, गुरु आज्ञा, 6.30 बजे श्री जी शोभा यात्रा एवं घट यात्रा, 7 बजे ध्वजारोहण मंडप उद्घाटन मंडप शुद्धि, श्रीजी का अभिषेक शांति धारा मंगलाचरण दीप प्रज्वलन मंगल आशीर्वचन, अंगन्यास, संकलीकरण इंद्र प्रतिष्ठा, मंडप प्रतिष्ठा, जाप्यानुष्ठान, अकुरारोपण, जैसे मंगल आयोजन होंगे। दोपहर में 12.30 बजे बाद श्री याग मंडल अर्चना, सीमन्तनी क्रिया माता की गोद भराई के बाद शाम 4 बजे कल्याणक, मंच कार्यक्रम एवं गर्भ कल्याणक अंतरग क्रियाएं संपादित होगी। जैन ने बताया कि नवनिर्मित देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ जिनालय का निर्माण कमल कुमार जैन गामड़िया ने करवा कर मंदिर जी को सकल जैन समाज के सुपुर्द किया है।

## खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपायुक्त ने ली बैठक

**उदयपुर (पुकार)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के उपायुक्त चंदीराम जसवानी ने शुक्रवार को जिला कलक्टर कार्यालय सभागार में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इसमें उदयपुर संभाग के जिला रसद अधिकारी एवं प्रवर्तन अधिकारी एवं प्रवर्तन निरीक्षकों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान विभागीय योजनाओं पर चर्चा की। गिव अप अभियान के बारे में चर्चा करते हुए अधिकाधिक मात्रा में गिव अप करवाने हेतु निर्देश दिए। अभियान के तहत् वर्तमान मे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना अन्तर्गत जो भी परिवार अपात्र होते हुए भी इस योजना का लाभ उठा रहे है, उनको चिन्हित कर राज्य सरकार के निर्देशानुसार 30 मई तक नाम हटवाने हेतु प्रभावी कार्यवाहीं करने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। बैठक में प्रवर्तन अधिकारी डॉ निशा मुन्दड़ा, मानसी पण्ड्या, विपिन जैन, सलूम्बर रसद अधिकारी कपिल झाझड़ीया आदि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.